शर्मा हार्डओवेर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

e-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 30 | गुवाहाटी | मंगलवार, 27 अगस्त, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

राज्यभर में मची श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम पेज 3
भारतीय समुदाय से बातचीत के बाद खत्म हुई राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा पेज 4
धरने की तैयारी को पुलिस ने रोका, पथराव के बाद कार्यकर्ताओं पर बरसाई लाठियां पेज 5
श्रीमद्भागवत के शाश्वत मंत्रों के माध्यम से श्रीकृष्ण ने दी नई संजीवनी : मुख्यमंत्री योगी पेज 8

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*संधि और एकता होने पर भी सतर्क रहें।*
- आचार्य चाणक्य

## देशभर में जन्माष्टमी की धूम, कृष्ण मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नई दिल्ली।** आज पूरा देश भगवान कृष्ण के जन्म के उत्सव में डूबा हुआ है। कृष्ण के जन्म उत्सव के अवसर पर देशभर के सभी मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को भगवान कृष्ण का जन्मदिन पूरे धूमधाम से मनाने के लिए देश भर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को राधा कृष्ण परिसर के सभी मंदिरों में घंटियां, मृदंग और शंख की ध्वनि गूंज उठी। भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा के मंदिर भी कृष्ण भक्तों से भरे हुए हैं। द्वारका में भी भगवान के भक्त पूजा-पाठ के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अहमदाबाद के इस्कॉन मंदिर में भगवान कृष्ण के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त उमड़े। इसके अलावा, ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव सोमवार से विष्णुस्वामी जयंती एवं गोस्वामी रूपानंद के जन्मोत्सव के साथ शुरू होगा। महोत्सव में 27 को जन्माष्टमी व 28 को नंदोत्सव का आयोजन होगा। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, जिसे बिरला मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर में सुबह की आरती की गई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर द्वारका के इस्कॉन मंदिर में आरती की गई। मुंबई में चौपाटी इस्कॉन मंदिर में सुबह की आरती की गई। इस बीच, श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अहमदाबाद के इस्कॉन मंदिर में दर्शन के लिए पट खुल गए और बड़ी संख्या -शेष पृष्ठ दो पर

### बांग्लादेश में नहीं मनाई जाएगी जन्माष्टमी, घरों में डरे-सहमे बैठे हैं हिंदू

**ढाका।** भारत समेत दुनियाभर में 26 अगस्त को जन्माष्टमी का त्योहार काफी धूमधाम से मनाई जा रही है। इसी बीच बांग्लादेश में बदली हुई परिस्थितियों के बीच हिंदू समुदाय के लोग श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारियां कर रहे हैं। हालांकि, हिंसा के बाद से देश में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जिसके चलते साल के मुकाबले बांग्लादेश में जन्माष्टमी का महोत्सव फीका ही नजर आ रहा है। ढाका समेत देश के कई अलग-अलग इस्कॉन मंदिरों में जन्माष्टमी की तैयारी चल रही हैं। शाम को 5:00 बजे के बाद मंदिरों में जन्माष्टमी महोत्सव शुरू होगा तो कई हिंदू परिवार घरों में भी जन्माष्टमी मनाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसके इतर भारत-बांग्लादेश सीमा पर बांग्लादेश के मेहरपुर जिले में तख्तापलट -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### लद्दाख में पांच नए जिलों के गठन को गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** गृह मंत्रालय ने संघशासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिलों के गठन को मंजूरी दे दी है। ये पांच नए जिले जंस्कार, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग होंगे। इन पांच जिलों के गठन के बाद अब लद्दाख में, लेह और कारगिल को मिलाकर कुल सात जिले हो जायेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट -शेष पृष्ठ दो पर

### किसानों पर दिए बयान के बाद भाजपा ने कंगना को दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत की किसान आंदोलन पर की गई टिप्पणी से बवाल मच गया है। अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने मंडी की मौजूदा सांसद से भविष्य में इस तरह के बयान देने से बचने को कहा। किसान आंदोलन पर रनौत की टिप्पणियों से असहमति जताते हुए भाजपा ने कहा कि अभिनेता -शेष पृष्ठ दो पर

## रास चुनाव : निर्विरोध चुने गए तेली और दास



**गुवाहाटी।** असम में भाजपा के राज्यसभा चुनाव उम्मीदवार रामेश्वर तेली और मिशन रंजन दास निर्विरोध निर्वाचित हुए। उन्होंने सोमवार को यहां रिटर्निंग ऑफिसर से अपने विजेता प्रमाण पत्र प्राप्त किए। दोनों सीटों पर चुनाव इसलिए आवश्यक हो गए थे क्योंकि सर्वानंद सोनोवाल और कामाख्या प्रसाद तासा क्रमशः डिब्रूगढ़ और काजीरंगा संसदीय क्षेत्रों से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। विपक्षी दलों ने उम्मीदवार नहीं उतारे। चार बार विधायक रह चुके दास ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि हम दोनों ने निर्विरोध चुनाव जीता है। हम मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, पूर्व सीएम सर्वानंद सोनोवाल, राज्य पार्टी अध्यक्ष भाबेश कलिता, हमारे सहयोगियों और पार्टी के सदस्यों के आभारी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री तेली ने भी पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। मुझे संसद में रहने और मंत्री के तौर पर भी काम करने का अनुभव है। दास पार्टी के बहुत वरिष्ठ सदस्य हैं और उन्हें विधानसभा में काम करने का बहुत अनुभव है। हमें पूरा भरोसा है कि हम राज्यसभा में प्रासंगिक मामले उठा पाएंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता दास वर्तमान में असम राज्य परिवहन निगम के अध्यक्ष हैं। भाजपा में चाय-जनजाति समुदाय का एक प्रमुख चेहरा तेली, 2021 के बाद से दूसरे मोदी मंत्रालय में -शेष पृष्ठ दो पर

### शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची मूर्ति ढही, मचा हड़कंप

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक किले में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा सोमवार को ढह गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। अधिकारी ने बताया कि प्रतिमा मालवन स्थित राजकोट किले में अपराह्न करीब एक बजे ढही। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ प्रतिमा के ढहने के वास्तविक कारण का पता लगाएंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि जिले -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा में मूर्ति खंडित होने से बवाल, उपद्रवियों ने 12 घर फूंके, वाहनों में भी लगाई आग



**अगरतला।** पश्चिम त्रिपुरा के रानीरबाजार इलाके में एक मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त होने के बाद अज्ञात लोगों ने 12 घरों सहित कई वाहनों में आग लगा दिया। पुलिस ने सोमवार को जानकारी देते हुए कहा कि तनाव को कम करने के लिए इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। सहायक महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) अनंत दास ने बताया कि रविवार देर रात कैतुरबाड़ी में देवी काली की मूर्ति के खंडित पाए जाने के बाद उपद्रवियों ने रानीरबाजार में करीब 12 घरों में आग लगा दी। आग में कुछ मोटरसाइकिल और पिकअप वैन भी जलकर खाक हो गए। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उग्र भीड़ को देखकर लोग अपने घरों से भाग गए। अनंत दास ने बताया कि तनाव कम करने के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। साथ ही पुलिस महानिदेशक (खुफिया) अनुराग -शेष पृष्ठ दो पर

### सीमा पूरी तरह सुरक्षित, नहीं हो रही घुसपैठ : बीएसएफ

**शिलांग।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद अभी भी उथल-पुथल का दौर जारी है। सीमा पर घुसपैठ के किसी भी खतरे को नामाक करने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर निगरानी को बढ़ा दिया है। बीएसएफ ने सोमवार को कहा कि मेघालय में बांग्लादेश से लगने वाली सीमा पूरी तरह से सुरक्षित है और मेघालय के रास्ते भारत में किसी भी तरह के अवैध प्रवेश के दावों को खारिज किया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर किसी भी बांग्लादेशी नागरिकों का कोई अवैध प्रवेश नहीं हुआ है। उन्होंने भारत में अवैध तरीके से घुसपैठ करने वालों से सख्ती से निपटने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में पांच अगस्त को हिंसा हुई थी, जिसके बाद बाद सीमा पर बीएसएफ ने चौकसी बढ़ा दी है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

## आरजी कर : दुर्गा पूजा समितियों ने ठुकराई बंगाल सरकार की सम्मान राशि



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलज-अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दुर्गा पूजा समितियों ने एक अहम कदम उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दी गई 85000 रुपए की अनुदान राशि को लेने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि जब महिलाएं सुरक्षा की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आई हैं तो वे सरकार से अनुदान राशि स्वीकार नहीं कर सकते। हुगली में भद्रकाली बौथन संघ की अध्यक्ष रीना दास ने कहा कि हमने अपने सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए इस वर्ष इस अनुदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यह अनुदान हमें पहले भी -शेष पृष्ठ दो पर

## अभिषेक बनर्जी की बेटी को सोशल मीडिया पर मिली दुष्कर्म की धमकी



**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना से देशभर में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं, पूरे मामले पर सियासी पारा चरम पर है। इस बीच, पश्चिम बंगाल बाल अधिकार आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की बेटी को दुष्कर्म की मिली धमकी पर संज्ञान लिया है। बता दें, अभिषेक बनर्जी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं। पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और -शेष पृष्ठ दो पर

## मुख्यमंत्री हिमंत ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए कड़े कानून की वकालत की



**रांची / गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए एक कड़े कानून की वकालत की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐसे कानून के आह्वान का समर्थन किया। शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े मामलों में जांच, आरोप-पत्र, सुनवाई और दोषसिद्धि सहित सभी कानूनी प्रक्रियाएं छह महीने के भीतर पूरी की जानी चाहिए। शर्मा ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री की इस घोषणा का स्वागत करता हूं कि एक सख्त कानून की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि मेरा एकमात्र अवलोकन यह है कि महिलाओं के खिलाफ -शेष पृष्ठ दो पर

### बिना जानकारी के कानून सिखाने आए डॉ. शर्मा : जेएमएम

**रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने एक बार फिर सोमवार को असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शर्मा पर निशाना साधा। महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने तंज कसते हुए कहा कि हिमंत बिना जानकारी के कानून सिखाने -शेष पृष्ठ दो पर

## चंपई ही नहीं हेमंत सोरेन भी भाजपा में शामिल हों : हिमंत



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दो बड़े नेताओं को लेकर कहा कि वो चाहते हैं कि वो दोनों भाजपा में आए। इसमें पहला असम के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और दूसरा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड में सबसे बड़ी समस्या घुसपैठियों की आमद की है, जिस पर वो वहां के सीएम हेमंत सोरेन से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मैं चाहता हूं कि चंपई सोरेन भाजपा में आए और हमें ताकत दें लेकिन वो बड़े नेता हैं, उनके बारे में कोई भी टिप्पणी -शेष पृष्ठ दो पर

## जम्मू-कश्मीर में टिकटों के बंटवारे को लेकर भाजपा कार्यालय में नारेबाजी



**जम्मू (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए टिकटों के बंटवारे को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की नाराजगी सतह पर आ गई है। पार्टी की पहली सूची में ग्रामीण जिला प्रधान ओमी खजुरिया को जम्मू नॉर्थ से उम्मीदवार न बनाए जाने के बाद उनके समर्थकों ने पार्टी मुख्यालय में नारेबाजी की। हालांकि, बाद में पहले चरण के लिए 15 उम्मीदवारों की संशोधित सूची जारी की गई है। दूसरे व तीसरे चरण की जारी की गई पहली सूची को अमान्य घोषित किया गया है। भाजपा ने आज सुबह विधानसभा चुनाव के लिए 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इस सूची के मुताबिक हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए पूर्व मंत्री श्याम लाल शर्मा को जम्मू नॉर्थ विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया। इसी के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं की नाराजगी सतह पर आ गई। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में हंगामे के साथ प्रदर्शन के साथ नारेबाजी होने लगी। इस बीच भाजपा आलाकमान ने 44 उम्मीदवारों -शेष पृष्ठ दो पर

## बड़ी कामयाबी : 29 लाख के सात इनामी सहित 25 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**बीजापुर /जगदलपुर (हि.स.)।** नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नियद नेल्ला नार योजना एवं अंदरूनी इलाकों में लगातार खोले जा रहे कैंपों के बढ़ते दबाव के कारण गांगलूर इलाके में सक्रिय 29 लाख रुपए के 7 इनामी सहित 25 नक्सलियों ने सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया की आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में पीएलजीए प्लाटून नंबर के 3 नक्सली हैं जिनके ऊपर 8-8 लाख के इनामी थे। प्लाटून नंबर 16 का एक नक्सली है जिस पर 3 लाख का इनाम है। साथ ही 2 एलओएस (लोकल आर्गेनाइजेशन सिक्योर्ड) और सीएनम सदस्य (चेतना नाट्य मंच) पर एक-एक लाख का इनाम है। समर्पण करने वालों में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की दो महिला नक्सली भी शामिल हैं। इनमें शामबती मड़कम शामिल है जिसपर 8 लाख का इनाम घोषित था। इसके अलावा ज्योति पूनेम ने भी सरेंडर किया है, जिसपर आठ लाख का इनाम था। नक्सली महेश तेलम पर आठ लाख का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वाले 25 नक्सलियों -शेष पृष्ठ दो पर

### ढाका : भारतीय वीजा केंद्र के बाहर विरोध-प्रदर्शन कर रहे बांग्लादेशी

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में भारतीय वीजा केंद्र के बाहर एक बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गई है, जो भारत द्वारा वीजा जारी नहीं किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रही है। 13 अगस्त के बाद से ढाका स्थित भारतीय वीजा केंद्र ने अपनी सेवाओं को सीमित कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान में लगभग 19,000 भारतीय नागरिक बांग्लादेश में फंसे हुए हैं। इस विकट स्थिति के मद्देनजर, बांग्लादेश के कट्टरपंथी समूहों ने भारतीय वीजा केंद्र के सामने विरोध प्रदर्शन -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# ऊपरी असम में मुसलमानों की सुरक्षा को लेकर एआईयूडीएफ ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**गुवाहाटी।** एआईयूडीएफ ने सोमवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार से उन कई संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की, जिन्होंने *मुस्लिम समुदाय के एक वर्ग के खिलाफ धमकियां जारी की हैं* और उनसे ऊपरी असम के जिलों को छोड़ने या *परिणामों का सामना करने* के लिए कहा है। ऊपरी असम, जिसमें नौ जिले शामिल हैं, पूर्वोत्तर राज्य का एक प्रशासनिक प्रभाग है। विपक्षी पार्टी ने भाजपा नीत राज्य सरकार से सार्वजनिक बयान जारी करने की भी मांग की, जिसमें मुसलमानों के एक वर्ग के खिलाफ इन संगठनों द्वारा अपनाए गए रुख की निंदा की जाए। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को दिए ज्ञापन में एआईयूडीएफ ने कहा कि हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ अज्ञात संगठनों और कट्टरपंथी समूहों ने मुस्लिम समुदाय के एक वर्ग के खिलाफ सार्वजनिक रूप से धमकियां जारी की हैं और मांग की है कि वे तुरंत ऊपरी असम छोड़ दें या गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। इस तरह के बयान न केवल चिंताजनक हैं, बल्कि क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भाव और समुदाय की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करते हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि शिवसागर में हाल ही में हुई एक घटना, जिसमें मारवाड़ी समुदाय के सदस्यों ने अपने समुदाय से संबंधित एक स्थानीय व्यवसायी द्वारा 17 वर्षीय लड़की पर कथित हमले की घटना के लिए घुटने टेककर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी थी, ने मुसलमानों के खिलाफ खतरे की गंभीरता को और बढ़ा दिया है। एआईयूडीएफ ने कहा कि इस तरह की धमकियां संविधान में निहित मौलिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन हैं, तथा संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के भी विरुद्ध हैं। इस मामले में राज्यपाल से हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए पार्टी ने राज्य सरकार से उन संगठनों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने सहित सख्त कानूनी कार्रवाई करने को भी कहा। इसने राज्य सरकार से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऊपरी असम क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने का अनुरोध किया। ज्ञापन में राज्य सरकार से यह भी कहा गया कि वह संगठनों द्वारा दी गई ऐसी धमकियों की निंदा करते हुए एक सार्वजनिक बयान जारी करे तथा सभी समुदायों को आश्वस्त करे कि उनकी सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा की जाएगी। एआईयूडीएफ ने सरकार से नागरिक समाज के सहयोग से विभिन्न समुदायों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव और एकता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम और अभियान शुरू करने का भी आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया है कि हम, एआईयूडीएफ के सदस्य, भाईचारे, शांति, एकता और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमारा मानना है कि आपके समय पर हस्तक्षेप से तनाव को बढ़ने से रोकने में मदद मिलेगी और हमारे राज्य में निरंतर सद्भाव सुनिश्चित होगा।

भारत-बांग्लादेश के रिश्तों में खटास

## यूनुस सरकार ने दो राजनयिकों को वापस बुलाया



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनने के बाद अब भारत से उसके रिश्तों में खटास आती दिख रही है। नई सरकार के आदेश के बाद भारत में सेवारत दो बांग्लादेशी राजनयिकों को उनके कर्तव्यों से हटाकर वापस बुला लिया गया है। दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग में प्रथम सचिव (प्रेस) के रूप में कार्यरत शबन महमूद को उनके अनुबंध की समाप्ति से पहले इस्तीफा देने के लिए कहा गया। इसी तरह, कोलकाता में बांग्लादेशी वाणिज्य दूतावास में इसी पद पर कार्यरत रंजन सेन को भी उनके कर्तव्यों से बर्खास्त कर दिया गया। बता दें कि बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शनों और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़कर भाग जाने के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार की स्थापना हुई है। हिंसा के चलते ही पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफा देकर भारत भाग आई थीं। 76 वर्षीय हसीना 5 अगस्त को बांग्लादेश से हेलीकॉप्टर से भारत आई थीं।

### अज्ञात शव



**गुवाहाटी।** महानगर के जीएमसीएच में गत शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। 43 वर्षीय उस व्यक्ति की मौत की खबर भांगागढ़ पुलिस को दे दी गई। अब तक किसी ने मृतक की पहचान नहीं की है। मृत व्यक्ति को जीएमसीएच के मुर्दाघर में पहचान के लिए रखा गया है।

## पूसीरे ने एक जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सेवा अवधि बढ़ाई

**गुवाहाटी (हिंस)।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 05671/05672 (गुवाहाटी- आनंद विहार टर्मिनल- गुवाहाटी) की एक जोड़ी सेवा 28 अगस्त से 06 सितंबर तक दोनों दिशाओं से दो फेरों के लिए जारी रखने का निर्णय लिया गया है। ये ट्रेनें मौजूदा सेवा के दिनों, समय और ठहराव के साथ चलेंगी। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने आज बताया है कि ट्रेन संख्या 05671 (गुवाहाटी- आनंद विहार टर्मिनल) स्पेशल 28 अगस्त और 04 सितंबर यानी बुधवार को गुवाहाटी से 15:00 बजे रवाना होगी और शुक्रवार को आनंद विहार टर्मिनल 8:50 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 05672 (आनंद विहार टर्मिनल- गुवाहाटी) स्पेशल 30 अगस्त और 06 सितंबर यानी शुक्रवार को आनंद विहार टर्मिनल से 23:45 बजे रवाना होगी और रविवार को गुवाहाटी 14:15 बजे पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन कामाख्या, रंगिया, न्यू बंगाईगांव, कोकराझाड़, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कोचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, मालदा टाउन, भागलपुर, जमालपुर, गया, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और प्रयागराज होकर दोनों दिशाओं में चलेगी। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए एक एसी थ्री टियर, आठ शयनयान और दस सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे होंगे।

## रंगिया में चलती ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

**कामरूप (हिंस)।** रंगिया में कॉलेज गेट पर एक युवक ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया। कल रात हुई इस घटना के बाद युवक का शव करीब एक घंटे तक ट्रेन की पटरियों पर पड़ा रहा। पुलिस ने आज बताया कि शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई है। जांच के बाद ही युवक की पहचान उजागर हो पाएगी।

## रूस ने यूक्रेन पर दागी सौ से ज्यादा मिसाइलें



**कीव।** सोमवार को रूस ने यूक्रेन पर 100 से अधिक मिसाइलों और लगभग 100 ड्रोनों से हमला किया, जिसमें यूरोपीय देशों के पड़ोसी या निकटवर्ती कई पश्चिमी क्षेत्र शामिल हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को रूस द्वारा रात भर और सुबह-सुबह किए गए हमले की निंदा की। उन्होंने रूस के हमले को *घृणित* बताया और कहा कि इसमें विभिन्न प्रकार की 100 से अधिक मिसाइलें और लगभग 100 *शाहेद* ड्रोन शामिल थे। यूक्रेन के नेता ने दावा किया कि कुछ लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हो गए। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि रूसी हमले ने यूक्रेन के ऊर्जा क्षेत्र को *काफी नुकसान* पहुंचाया। जेलेंस्की ने कहा कि अधिकांश पिछले रूसी हमलों की तरह, यह हमला भी उतना ही घिनौना था, जिसमें महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। हमारे अधिकांश क्षेत्र -खार्किव और कीव से लेकर ओडेसा और हमारे पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रूस ने सोमवार को यूक्रेन में गैस कंप्रेसर स्टेशनों और बिजली सबस्टेशनों पर हमला किया। साथ ही दो यूक्रेनी हवाई अड्डों पर पश्चिमी हथियारों और गोला-बारूद पर भी हमला किया। मंत्रालय ने दावा किया कि ड्रोन और मिसाइलों से उसने जिन ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाया था, वे यूक्रेन के सैन्य औद्योगिक परिसर को बिजली प्रदान कर रही थीं।

## देरगांव में तेंदुआ पिंजरे में कैद

**गोलाघाट (हिंस)।** गोलाघाट जिले के देरगांव में एक तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया गया। पूरे इलाके में इस तेंदुए का आतंक कई दिनों से जारी था। डेरगांव के बातिपरिया में तेंदुआ रविवार को एक गाय और एक बकरी उठा ले गया। स्थानीय लोगों और देरगांव वन विभाग की टीम ने इस तेंदुए को पकड़ने के लिए एक पिंजरा लगाया था। तेंदुआ पिंजरे में आकर फंस गया। पिंजरे में बंद तेंदुए को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार इलाके में एक और बाघ घूम रहा है, जिससे लोग आतंकित हैं।

# पृष्ठ एक का शेष

### देशभर में जन्माष्टमी ...

में श्रद्धालु उमड़ पड़े। मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर मथुरा के अधीक्षक (सुरक्षा) बजरंग बली चौरसिया ने बताया कि क्षेत्र में 2000 से अधिक सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी और कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। आपको बता दें कि इस साल 26 अगस्त को पूरे देश में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जा रही है। इस दिन भक्त पारंपरिक रूप से उपवास रखते हैं और मंदिरों और घरों को फूलों, दीयों और रोशनी से सजाते हैं। यह अवसर मथुरा और वृंदावन में विशेष रूप से भव्य होता है, जहां ऐसा माना जाता है कि कृष्ण ने अपना युवावस्था और बचपन बिताया था।

### बांग्लादेश में नहीं मनाई ...

के बाद जिस इस्कॉन मंदिर में उपद्रवियों ने आग लगाई थी, उस मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव नहीं मनाया जा रहा है। मंदिर के पुजारी सम्मोहन मुकुंद दास ने वीडियो जारी कर बताया कि मंदिर में हुई आगजनी और लूटपाट की घटना के बाद इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी नहीं मनाई जा रही है। बांग्लादेश में 5 अगस्त को तख्तापटल के बाद हिंसक भीड़ ने अल्पसंख्यकों को निशाना बनाते हुए लूटपाट करते हुए कई मंदिरों में आगजनी की थी। इस घटना के बाद से भारत ने हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। हिंसा में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हुई बर्बरता के बाद हिंदुओं ने अपनी सुरक्षा का जिम्मा खुद उठा लिया था। ओल्ड शहर इलाके में रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दू पूरी रात जाग पहरा दे रहे थे। हिंदू बस्ती के बाहर समुदाय के युवा हाथों में लाठी-डांडी लेकर अपनी बस्ती की ओर आने वाली सड़कों पर पेट्रोलिंग किया जा रही थी, ताकि बांग्लादेश के दूसरे इलाकों में जो हिंदुओं के घरों और मंदिरों के साथ हुआ वह फिर न हो। कुछ युवा हाथों में डंडा लेकर पहरा दे रहे थे तो कुछ गलियों में घूम रहे थे।

### शिवाजी महाराज की ...

में बीते दो-तीन दिनों में भारी बारिश हुई है और तेज हवाएं चली हैं। पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे और क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने नौसेना दिवस के अवसर पर पिछले साल चार दिसंबर को प्रतिमा का अनावरण किया था। वह किले में आयोजित समारोहों में भी शामिल हुए थे।

### त्रिपुरा में मूर्ति खंडित ...

धनखड़ और पश्चिम त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार ने इलाके का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि संपत्तियों को हुए नुकसान का आकलन पूरा होने के बाद पुलिस स्वत: संज्ञान लेकर केस दर्ज करेगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। वहीं, टिपरा मोथा पार्टी सुप्रीमो प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने घटना पर चिंता जताते हुए सभी से कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। देबबर्मा सोशल मीडिया पर लिखा कि रानीबाजार कैतुरबारी इलाके में कल रात हुई घटना सांप्रदायिक झड़पों की खबरों के साथ चिंताजनक संकेत हैं। मैं उन लोगों से अपील करता हूं जो कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं कि वे कानून के शासन का पालन करें। उन्होंने कहा कि जब हमारा राज्य प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है और इतना तनाव है, तो कुछ तत्व केवल धार्मिक राजनीति खेल रहे हैं। उपद्रवियों से उनकी आस्था की परवाह किए बिना सख्ती से निपटा जाना चाहिए। कानून सभी के प्रति तटस्थ होना चाहिए। मैं त्रिपुरा से इन कठिन समय में एकजुट होने और एक-दूसरे से नहीं लड़ने का आग्रह करता हूं। बता दें कि त्रिपुरा में 19 अगस्त से आई विनाशकारी बाढ़ के में अबतक 26 लोगों की मौत हो गई है और 1.17 लाख लोग बेघर हो गए हैं।

### रास चुनाव : निर्विरोध...

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और श्रम और रोजगार राज्य मंत्री थे। वह पहली बार 2014 में डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे, लेकिन 2024 में उनकी जगह सोनोवाल ने ले ली। असम में राज्यसभा की सात सीटें हैं, जिनमें से छह भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के पास हैं। भगवा पार्टी के पास चार सीटें हैं, जबकि उसके सहयोगी एजीपी और यूपीपीएल के पास एक-एक सीट है, और एक सीट पर एक निर्दलीय सांसद का कब्जा है।

### सीमा पूरी तरह सुरक्षित...

आगे बताया कि बांग्लादेश सीमा पर अवैध प्रवेश प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल किया गया है और इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। मालूम हो कि हाल ही में बीएसएफ ने मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स में भारत की सीमा में प्रवेश करने वाले चार बांग्लादेशी नागरिकों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था। ये गिरफ्तारियां रातचेरा क्षेत्र में की गईं।

### आरजी कर : दुर्गा पूजा...

कई वर्षों तक मिलता रहा है। उत्तरपारा शक्ति संघ से प्रसेनजीत भट्टाचार्य ने कहा कि यह एक सांकेतिक प्रदर्षण है। हम तब तक इस राशि को स्वीकार नहीं करेंगे, जब तक अपराधी को पकड़कर न्याय के कठघरे में नहीं लाया जाता। मुर्शिदाबाद में लालगोला कृष्णापुर सन्यासीताला और नादिया में बेथुदाहारी टाउन क्लब सहित अन्य समितियों ने भी इस राशि को अस्वीकार करने के अपने फैसले के बारे में स्थानीय अधिकारियों को सूचित किया है। जादवपुर में हाईलैंड पार्क दुर्गोत्सव समिति ने भी इस राशि को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। समिति के एक अधिकारी ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों और न्याय की मांग को देखते हुए हमने सर्वसम्मति से अनुदान छोड़ने का फैसला किया है। सामुदायिक दुर्गा पूजा समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाले फोरम फॉर दुर्गोत्सव ने त्योहार को इस घटना से अलग रखने का अनुरोध किया। वरिष्ठ अधिकारी पार्थ घोष ने कहा कि हम इस घटना से दुखी हैं। इस अपराध में शामिल सभी अपराधियों के लिए हम सजा की मांग करते हैं। हम जल्द से जल्द न्याय चाहते हैं, लेकिन पता नहीं इसे दुर्गा पूजा के साथ क्यों जोड़ा जा रहा है। संतोष मित्रा स्क्वायर पूजा समिति के मुख्य आयोजक और भाजपा नेता सजल घोष ने सभी पूजा समितियों से राज्य सरकार द्वारा दी गई अनुदान राशि को अस्वीकार करने का आह्वान किया था।

### अभिषेक बनर्जी की ...

अस्पताल में नौ अगस्त की घटना को लेकर एक विरोध रैली का सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा कि रैली में शामिल एक व्यक्ति को बनर्जी की नाबालिग बेटी को दुष्कर्म की धमकी देते और ऐसा करने वाले को 10 करोड़ रुपए का इनाम देने की सार्वजनिक घोषणा करते हुए सुना गया। आयोग ने आगे कहा कि शरारती तत्व का ऐसा गंदा इरादा और सार्वजनिक रूप से अभद्र टिप्पणी एक नाबालिग बच्ची की गरिमा को ठेस पहुंचाने और उसकी सुरक्षा को खतरे में डालने के बराबर है। पुलिस से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून, किशोर न्याय कानून और बाल अधिकार संयुक्त राष्ट्र संधि के तहत कार्रवाई करने को कहा है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने आगे कहा कि जब पूरा राज्य आरजी कर में डॉक्टर के निधन का शोक मना रहा है, उस समय हिसाब बराबर करने के लिए एक और दुष्कर्म का आह्वान करना स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन है और अगर दंडात्मक उपाय नहीं किए जाते हैं तो समाज को एक खतरनाक संदेश जा सकता है। यह न केवल इस बच्ची, बल्कि सभी नाबालिग लड़कियों को खतरे में डाल सकता है। बाल अधिकार आयोग ने पुलिस से इस मामले में दो दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। तृणमूल के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने के लिए सोशल मीडिया मंच एक्स का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि अपनी गंदी चालों से हमसे राजनीतिक रूप से लड़ो। आपने ऐसा पहले भी किया है। मगर आज आपने हद पार कर दी है। बच्चों को धमकाना बंद करें। हमारे राष्ट्रीय महासचिव की बेटी को धमकी देने की निंदा करने के लिए कोई शब्द पर्याप्त नहीं है। अब इसे बंद करो। कोलकाता और आसपास के इलाकों में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दुष्कर्म-हत्या की भयावह घटना को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इस मामले से निपटने के लिए आलोचनाओं का सामना कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने पलटवार करते हुए विपक्षी दलों भाजपा और माकपा के बीच सांठगांठ के कारण राज्य में अशांति पैदा करने का आरोप लगाया।

### मुख्यमंत्री हिमंत ने ...

अपराध के मामलों में जांच, आरोप-पत्र, सुनवाई और दोषसिद्धि जैसी सभी प्रक्रियाओं के लिए छह महीने की समय-सीमा तय की जानी चाहिए। तभी हम ऐसे अपराधों को कम कर पाएंगे। शर्मा की यह टिप्पणी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार-हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर आई है। रांची में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ के आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को खुद महिलाओं के खिलाफ अपराध के लिए सख्त कानून की वकालत की थी। उन्होंने यह भी कहा कि जब कानून बनाया जाएगा तो वे केंद्र को ये सुझाव देंगे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से सोरेन को भाजपा में देखना चाहता हूं, क्योंकि इससे राज्य में पार्टी को मजबूती मिलेगी। लेकिन वह इतने बड़े नेता हैं कि मैंने उनसे इस संबंध में कभी बात नहीं की। सोरेन सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए और शर्मा ने कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी में उनके साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने की कोशिश करेंगे। मोदी ने रविवार को महिलाओं के खिलाफ अपराध को अक्षम्य पाप करार देते हुए कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा देश की प्राथमिकता है। मैंने लाल किले से बार-बार इस मुद्दे को उठाया है। चाहे देश का कोई भी राज्य हो, मैं अपनी बहनों और बेटियों के दर्द और गुस्से को समझता हूं।

### बिना जानकारी के ...

आए हैं। उन्हें बताना चाहिए कि किसान आंदोलन क्या पाकिस्तान में हो रहा था, जिसे रोकने के लिए कटीले तार और कंक्रीट के बैरियर लगा दिए। उन्हें याद रखना चाहिए कि किसान आंदोलन के समय दिल्ली में 42 केस दर्ज किए गए। हरियाणा में 138 केस दर्ज हुए। कुल मिलाकर एक आंदोलन में 180 एफआइआर दर्ज की गईं। भट्टाचार्य ने कहा कि नामजद और लाखों अज्ञात के नाम पर केस दर्ज हुए। हिमंत को ये कहना चाहिए था कि भाजपा डरी हुई है। वे झामुमो और हेमंत सोरेन का मुकाबला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि चार राज्यों में चुनाव होने हैं। इसमें झारखंड भी है। पहले जम्मू-कश्मीर को विभाजित किया गया। सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में आने पर वहां चुनाव हो रहे हैं। आयोग ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनावों की तिथियों की घोषणा कर दी है। हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर चुनाव की तिथि बदलने की मांग की है। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब केंद्र में काबिज सत्तारूढ़ दल का नेता ही चुनाव की तिथि बदलने की मांग कर रहा है। भाजपा लोगों के सामने आने से डर रही है। यही वजह है कि चुनाव को टालना चाहती है। इसका असर झारखंड में भी दिखाई पड़ा है। भाजपा की रैली में भाजपा से संबंध रखने वाले तमाम उपद्रवी शामिल थे। इन्होंने पुलिस प्रशासन पर जानलेवा हमला किया।

### चंपई ही नहीं हेमंत ...

करना मुझे ठीक नहीं लगता। मैं तो चाहता हूं हेमंत सोरेन भी भाजपा में शामिल हों। भाजपा का मतलब राष्ट्रभक्ति है। झारखंड में घुसपैठियों को रोकने के लिए हम हेमंत सोरेन जी से बात करने के लिए भी तैयार हैं। हमें झारखंड को बचाना है। हमारे लिए देश पहले है। आज झारखंड के सामने बड़ी परेशानी घुसपैठियों की है। उन्होंने ये भी कहा कि हमारी पार्टी का यही मकसद है कि आपने चुनाव के समय जो वादे किए थे। उनको निभाएं और झारखंड को घुसपैठियों से मुक्त करें। हमारी बस यही 2 मांग हैं। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अगर सितंबर से पहले वो 5 लाख नौकरियां देते हैं, तो हम उनके साथ हैं। अगर वह घुसपैठियों के खिलाफ खड़े हैं तो हम उनके साथ हैं। अगर वह मुहर्रम के दौरान हिंदुओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के खिलाफ खड़े होते हैं तो हम उनके साथ हैं, हमारे लिए देश पहले है। हम जेएमएम को भी सपोर्ट करते हैं और उन्हें भी हमें सपोर्ट करना चाहिए। हमें घुसपैठियों को झारखंड से बाहर फेंकना है। हिमंत विश्व शर्मा ने चंपई सोरेन के लिए कहा कि उनके सामने तीन रास्ते हैं कि या तो वो संन्यास लेंगे या अपनी पार्टी बनाएंगे। इसके अलावा उन्हें किसी सही साथी की तलाश है, जिसका हाथ पकड़ को थामेंगे। अब देखते हैं अभी वो दिल्ली में हैं और उनसे बातचीत के लिए अभी रास्ता खुला हुआ है। इसके अलावाहिमंत विश्व शर्मा ने कर्नाटक में जाति जनगणना जारी न करने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा आपको डेटा जारी करना चाहिए। डबल स्टैंडर्ड नहीं रखना चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर में ...

की पहली सूची वापस लेकर पहले चरण के 15 उम्मीदवारों की संशोधित सूची जारी कर दी है। दूसरे व तीसरे चरण की जारी की गई पहली सूची को अमान्य घोषित किया गया है। इन दोनों चरणों के लिए उम्मीदवारों के नाम बाद में जारी किये जाएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि यहां एकत्र हुए भाजपा के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का मैं सम्मान करता हूं। भाजपा का हर कार्यकर्ता हमारे लिए महत्वपूर्ण है। मैं हर एक से मिलूंगा, मैं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिल रहा हूं और उनसे बातचीत कर रहा हूं। अगर कोई पार्टी कार्यकर्ता परेशान है या उसे कोई समस्या है तो हम बैठकर उसका समाधान निकालेंगे। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखें।

### बड़ी कामयाबी : 29 लाख...

में शामबती मड़कम, ज्योति पूनेम, महेश तेलम, विष्णु करटम ऊर्फ मीनू, जयदेव पोडियाम, गुडडु ककेम, सुदरू पूनेम, सन्नू पोडियाम, बासू पोडियाम, मोटूराम तेलम, सोमारू तेलम, सोमलू पोटाम, राजू वंजाम, सुखराम तेलम, आयतु तेलम, संतोष तेलम, बिज्जू तेलम, राकेश फरसीक, बुदरू पूनेम, कोया पूनेम, सांतो पूनेम छोटू पूनेम, सुक्कू कुडियम, पाकलू पूनेम, मेश अवलम शामिल हैं। इन नक्सलियों ने उप पुलिस महानिरीक्षक, केरिपु ऑप्स बीजापुर देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 85वी वाहिनी सुनील कुमार, कमांडेंट 222वी वाहिनी केरिपु विजेन्द्र कुमार, कमांडेंट 202 कोबरा अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ऑप्स वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर विनित साहू के समक्ष सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया है। इस बड़े आत्मसमर्पण में डीआरजी, बस्तर फाईटर एवं 85वी वाहिनी के द्वारा किया गया संयुक्त प्रयास रहा है। सभी आत्मसमर्पित नक्सली कई बड़ी नक्सली वारदात में शामिल रहे हैं। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में शामबती मड़काम खूंखार नक्सली मानी जाती है। ये मिनपा और टेकलगुड़म नक्सली मुठभेड़ में शामिल थी। मिनपा में 17 जवान शहीद हुए थे जबकि टेकलगुड़ेम में 21 जवान शहीद हुए थे। नक्सली ज्योति पूनेम पर फायरिंग की घटना, सड़क मार्ग को ब्लॉक करने और कई नक्सल वारदात का आरोप है। नक्सली महेश तेलम पर भी रोड ब्लॉक करने, सिक्योरिटी फोर्स के साथ एनकाउंटर और आईईडी विस्फोट जैसे वारदात को अंजाम देने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रोत्साहन के तौर पर 25-25 हजार रुपए की राशि भी प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि बीजापुर में पिछले 7 महीनों में अब तक 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जबकि 346 नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ढाका : भारतीय वीजा...

शुरू कर दिया है। इन समूहों का आरोप है कि भारत से वीजा प्राप्त करने में उन्हें कठिनाई हो रही है, जिससे वे नाराज हैं। एक महिला अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों की मौजूदगी से वह काफी डरी हुई हैं। यह स्थिति पूरी दुनिया को चौंका देने वाली है। प्रदर्शनकारी वीजा न देने को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और नारेबाजी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, दो दिन पहले ही इन समूहों ने भारत का बहिष्कार करने की घोषणा की थी।

### लद्दाख में पांच नए ...

में इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि इस निर्णय से 5 नए जिलो जंस्कार, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग में प्रशासन के सुदृढ़ होने से स्थानीय लोगों को उनके द्वार पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। गृह मंत्रालय की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, लद्दाख क्षेत्रफल के हिसाब से एक बहुत बड़ा संघशासित क्षेत्र है। वर्तमान में लद्दाख में दो जिले हैं – लेह और कारगिल। यह भारत के सबसे कम जनसंख्या वाले भू-भागों में से एक है। अत्यंत कठिन और दुर्गम होने के कारण, वर्तमान में जिला प्रशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचने में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इन जिलों के गठन के बाद अब केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन की सभी जनहित योजनाएं लोगों तक आसानी से पहुंच सकेंगी और अधिक से अधिक लोग उनका लाभ उठा सकेंगे। गृह मंत्रालय का यह महत्वपूर्ण निर्णय लद्दाख के सर्वांगीण विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। पांच नए जिलों के गठन की *सैद्धांतिक स्वीकृति* देने के साथ ही गृह मंत्रालय ने लद्दाख प्रशासन को नए जिलों के गठन से संबंधित विभिन्न पहलुओं, जैसे- मुख्यालय, सीमाएं, संरचना, पदों के सृजन, जिला निर्माण से संबंधित कोई अन्य पहलू आदि के आंकलन के लिए एक समिति बनाने और उसे तीन महीने के अन्दर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। उक्त समिति की रिपोर्ट प्राप्ति के बाद, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख इस रिपोर्ट के आधार पर नए जिलों के निर्माण के संबन्ध में अंतिम प्रस्ताव गृह मंत्रालय को आगे की कार्यवाही के लिए भेजेगा। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लद्दाख के लोगों के लिए अपार संभावनाओं का सृजन करने के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है।

### किसानों पर दिए बयान ...

से नेता बनीं कंगना रनौत नीतिगत मुद्दों पर बोलने के लिए अधिकृत नहीं हैं। भाजपा ने आगे कहा कि पार्टी *सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास* के साथ सामाजिक सद्भाव के सिद्धांतों का पालन करने के लिए दृढ़ संकल्प है। दरअसल, रविवार को मंडी के मौजूदा सांसद ने कहा था कि अगर सरकार ने कड़े कदम नहीं उठाए होते तो किसानों के विरोध प्रदर्शन से बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी। मंडी के सांसद द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में, उन्होंने आरोप लगाया कि अब निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध के दौरान *लाशें लटक रही थीं और बलात्कार हो रहे थे।* भाजपा ने एक बयान में कहा कि किसान आंदोलन के संदर्भ में भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा दिया गया बयान पार्टी की राय नहीं है। भारतीय जनता पार्टी कंगना रनौत द्वारा दिए गए बयान से अपनी असहमति व्यक्त करती है। बयान में कहा गया है कि भाजपा की ओर से कंगना रनौत को पार्टी के नीतिगत मुद्दों पर बयान देने की न तो अनुमति है और न ही उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कंगना रनौत को भविष्य में इस तरह का कोई बयान न देने का निर्देश दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास और सामाजिक सद्भाव के सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**

# राज्यभर में मची श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राजधानी गुवाहाटी समेत राज्यभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया जा रहा है। विशेष रूप से श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटद्रवा सत्र तथा माधवदेव के जन्मस्थान मधुपुर सत्र में विशेष रूप से कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर राज्य में अनेक स्थानों पर बड़े-बड़े मेले लगे हैं। कृष्ण मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया है। सुबह से ही श्रद्धालु भक्त जन्माष्टमी उत्सव में पहुंच रहे हैं। इस उपलक्ष में जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कृष्ण लीला को विभिन्न तरीके से झांकियों में प्रस्तुत किया जा रहा है। पूरे देश से कुछ अलग हटकर असम में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाता है। विश्व के सबसे बड़े संघ श्रीमंत शंकरदेव संघ द्वारा राज्य के चप्पे-चप्पे पर स्थित




नामघरों में भगवान श्रीकृष्ण के नाम कीर्तन का आयोजन किया गया है। सफेद परिधानों में स्त्री-पुरुष श्रद्धालु भक्तगण नामघरों में प्रसाद आदि के साथ सुबह से ही पहुंचते देखे जा रहे हैं। वहीं, असम की वैष्णव संस्कृति में विशिष्ट स्थान रखने वाले सत्रिया नृत्य का कार्यक्रम भी अनेक स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। वहीं, दरंग जिले से हमारे संवाददाता के अनुसार दरंग के श्रीश्री शियाला वैष्णव सत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। दरंग के इस ऐतिहासिक शियाला वैष्णव सत्र में राज्य के विभिन्न स्थानों से लोग पहुंचे हैं। आध्यात्मिक गुणानुवाद में श्रद्धालु भक्तगण सुबह से ही मग्न हैं। राजधानी गुवाहाटी में आज विश्व हिंदू परिषद की ओर से भी जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया है। इस दौरान बच्चों के बीच भगवान श्री कृष्ण पर आधारित प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**गोलाघाट ( हिंस )।** गोलाघाट जिले के नुमलीगढ़ इलाके में एक व्यक्ति का शव देखे जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि नुमलीगढ़ के निकटवर्ती राजस्व चक्र कार्यालय अंतर्गत कल्याणी चाय बागाना के जैक्सन के समीप एक व्यक्ति का शव देखे जाने की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृत व्यक्ति का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मृतक की शिनाख्त करने में जुट गई है।

## जिला प्रशासन ने शिवसागर में चलाया बांड साइन ड्राइव

**शिवसागर ( हिंस )।** शिवसागर में कानून और व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने शिवसागर में फिर से बांड साइन अभियान चलाया है। जनजातीय संगठनों के पदाधिकारियों को सम्मन जारी किया गया है। अगर कोई भड़काऊ बयान देता है तो उसकी गिरफ्तारी के साथ-साथ उसको जुर्माना भी देना होगा। यह निर्देश भारतीय न्याय संरक्षण संहिता 164(1) के अनुसार जारी किया गया है। इसके तहत वीर लाचित सेना के प्रशासनिक सचिव श्रृंखल चालिहा, जातीय संग्रामी सेना, असम के अध्यक्ष चितु बरुवा, अनुसूचित जाति छात्र संघ के महासचिव परशज्योति दास, अटासू के केंद्रीय महासचिव भास्कर बरगोहाई, अटासू के अध्यक्ष बसंत गोगोई सहित राष्ट्रीय आदिवासी संगठनों के कुल 27 नेता शामिल हैं। शिवसागर में इन संगठनों ने कहा कि बाहरी लोगों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण ही समन जारी किए गए हैं।

## मंगलदै में दो नकली सोना तस्कर गिरफ्तार

**दरंग ( हिंस )।** मंगलदै भेवरघाट पर पुलिस ने नकली सोना के दो तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों ने मध्य प्रदेश के हेमराज गड़ नामक एक व्यक्ति से प्रलोभन देकर सस्ते में सोना देने के नाम पर दो लाख रुपए ठग लिया। हेमराज को यकीन हो गया था कि उसे झांसा दिया जा रहा है। हेमराज चालाकी करते हुए सौदा के शेष चार लाख रुपए देकर सोना खरीदने के प्रति अपनी उत्सुकता दिखाई। तस्करों ने उसे सोना खरीदने के लिए मंगलदै बुलाया। व्यक्ति ने पुलिस को खबर दी और मंगलदै पहुंचा। पुलिस ने बड़ी चतुराई से मंगलदै भेवरघाट बस स्टैंड पर हेमराज की सहायता से दो नकली सोना के तस्करों को गिरफ्तार किया।

## नौवीं की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**धुबड़ी ( हिंस )।** गोलकगंज में पुलिस के समक्ष नौवीं कक्षा की एक छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस ने आज बताया कि अनवर अली नामक युवक झूठे प्यार में फंसाकर उक्त नाबालिग लड़की के साथ लगातार दुष्कर्म कर रहा था। लड़की के परिवार वालों ने एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने आज बताया कि आरोपी अनवर अली ने प्यार की आड़ में उक्त नाबालिग लड़की के साथ कई बार दुष्कर्म किया। इसके परिणामस्वरूप लड़की गर्भवती हो गई। इसके बाद युवक फरार हो गया। जानकारी मिलने के बाद युवती की मां ने युवक के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

## असम-मणिपुर सीमा पर 200 ग्राम हेरोइन बरामद



**कछार ( हिंस )।** असम मणिपुर की सीमा पर करीब 200 ग्राम हेरोइन आज शाम बरामद किया गया। विश्वसनीय सूत्रों के आधार पर मणिपुर से आ रहे लखीपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हमारखावलियेन में ऑटो रिक्शा (एएस-11डीसी-8510) को रोका गया। गहन तलाशी के दौरान उसमें से 15 साबुनदानी बरामद किए गए, जिनमें हेरोइन था, जिसका वजन 198.01 ग्राम है। प्रक्रिया के अनुसार हेरोइन जब्त कर लिया गया। इस संबंध में अब्दुल साहिद (32) को गिरफ्तार किया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। काले बाजार में मादक पदार्थ की कीमत करीब एक करोड़ रुपए है। उल्लेखनीय है कि सुबह भी इसी स्थान पर मणिपुर से आ रहे हैं एक ऑटो रिक्शा से 5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था।

## मंदिरों से चोरी का सामान के साथ एक गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हिंस )।** मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले व्यक्ति को धुबड़ी जिले की चापर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद हो गया है। दरअसल, दो दिन पहले ही चापर के रौमारी और काजीपारा के शिव मंदिर और काली मंदिर में चोरी हो गई थी। चोरों ने दोनों मंदिरों से मंदिर का सामान और दान पात्र लूट लिया था। चापर के थाना प्रभारी दीपज्योति इंगती के अनुसार इसकी जांच पड़ताल में लगी पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर फलीमारी कलबाड़ी में छापा मारकर अबुल कलाम आजाद नामक व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने चोर की निशानदेही पर घने जंगलों और एक परित्यक्त घर में छिपाकर रखा मंदिर से चोरी का सामान बरामद कर लिया।

## सांवरिया सखी ने मनाया लड्डू गोपाल उत्सव..

**गुवाहाटी ( विभास )।** लगातार 10 साल से सांवरिया सखी लड्डू उत्सव बडे ही धूमधाम से मनाती आ रही है। इस वर्ष भी होटल राजमहल में लड्डू गोपाल उत्सव मनाया जिसमें 50 से अधिक लड्डू को विराजमान कराया गया। लड्डू गोपाल को आकर्षक बग्गी में बैठाकर आयोजन स्थल में स्वागत गीत के साथ प्रवेश कराया गया। भजन गायिका संतोष शर्मा द्वारा भजनों की बौछार से सभी सखियां थिरक उठी। इस अवसर पर दो नाटक किए गए। जिसमें राम ने तोड़ा परशुराम का घमंड में राम मधु हरलालका, सीता रेणु अग्रवाल, लक्ष्मन अल्का, परशुराम, सरोज मित्तल, जनक ममता, ब्रह्मर्षि



विनीता शर्मा, गुरु विधा, चित्रसेन आशा चौधरी बुधसेन प्रीति खेमका, सोम दत्त मधु अग्रवाल ने बहुत सुंदर अभिनय किया। दो सहेली के रूप में रेणु मोदी और अपर्णा ने अपना रोल निभाया तो दूसरा नाटक मीरा ने पिया जहर का प्याला में मीरा सरिता जालान, बाईसा नीलम जालान, राणा रंजु पटवारी सेविका उषा जालान, सुनीता दयाराम, राज वैध निर्मला केडिया ने अपना रोल निभाया। मंजू पारीक ने कान्हा की नजर उतारो भजन पर नृत्य करके सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर कृष्ण जन्म की झांकी निकाली गई। इस बार कृष्णा तीन वर्षीय थिया मित्तल को बनाया गया। जन्म प्रसंग के उपलक्ष्य में एक साथ 30 थाल सभी सांवरिया सखी ने बजाकर तथा रासलीला पर डांडिया के साथ फूल की होली खेली। कृष्ण रूपी अंजलि जैन ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में कथावाचक प्रियांशु ने भी भजन गाकर चार चांद लगा दिए। भजन की लडी में संगीता पोद्दार के भी मीठे भजनो का सभी ने आनन्द लिया। इस अवसर पर गोद भराई, लॉटरी, छप्पन भोग, आरती ओर प्रसाद का आयोजन किया। कार्यक्रम में 150 से अधिक सदस्यों की उपस्थित थी।

## लायंस क्लब अर्पण ने लगाया मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**गुवाहाटी ( विभास )।** लायंस क्लब गुवाहाटी, अर्पण ने लोखरा स्थित अभिजीत अटोएजेंसीज में मारवाड़ी हॉस्पिटल आठगांव के अनुभवी डाक्टरों और नर्सो की टीम के साथ मेघा परीक्षण कैंप लगाया। जो हमारी पूर्वाअध्यक्ष विनीता जसरासरिया नेतृत्व में आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत डायबिटीज प्रसिक्षण, जनरल स्वास्थ्य चेक अप कराया गया। जिसमें करीब 300 से अधिक लोगों को लाभ मिला। कंपनी के लोगों के साथ आसपास के गांव के लोग भी लाभान्वित हुए। सभी लाभान्वित लोगों को फूड पैकेट और फ्रूट्स जूस का वितरण किए गए। साथ ही ब्लड डोनेशन का कैंप का भी आयोजन किया गया। अन्य लोगों के साथ क्लब नई सदस्या बेला चौधरी ने भी रक्तदान किया। जिसमें करीब 30 यूनिट्स रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। अधक्ष्या संगीता रासिवासिया, पूर्वाजिलापाल राधा अग्रवाल, संयोजक विनीता जसरासरिया निम्मी खदड़िया सविता पटवारी बेला



चौधरी रितु सुल्तानिया के साथ क्लब की सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। क्लब की तरफ से अभिजीत ऑटो एजेंसी के ऑनर विजय जी जसरसरीया का आभार प्रकट करते हुए उनको धन्यवाद दिया गया। किरण तापड़िया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया।

## विश्व हिंदू परिषद के फैंसी बाजार प्रखंड ने मनाया स्थापना दिवस

**गुवाहाटी ( विभास )।** विश्व हिंदू परिषद फैंसी बाजार प्रखंड ने स्थानीय जालान भवन में अपना स्थापना दिवस मनाया. स्थापना दिवस कार्यक्रम के साथ ही परिषद की ओर से जन्माष्टमी महोत्सव भी धूमधाम के साथ मनाया गया. इस कड़ी में सबसे पहले परिषद का झंडा फहराया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर भारत माता की पूजा की गई. आज के आयोजन का मुख्य आकर्षण कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव था। इसके अंतर्गत *कृष्ण बनो* प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पहला स्थान पहल राठी को मिला। इस मौके पर भजन गायक मनीराम शर्मा, शिवरतन शर्मा



एवं कृष्ण गोयनका ने भजनों की अमृत वर्षा की। कार्यक्रम के अंत में लड्डू गोपाल की आरती की गई एवं सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद के पैकेट वितरित किए गए। विश्व हिंदू परिषद फैंसी बाजार प्रखंड के अध्यक्ष हेमराज शर्मा ने बताया कि आचार्य परमेश्वरजी ने इस पावन अवसर पर लड्डू गोपाल का अभिषेक कराया मुख्य यजमान तनसुख राठी व साधना राठी थे। इसके पहले परिषद के महानगर अध्यक्ष शिवराम बोरा, असम प्रांत गौ सेवा विभाग के संयोजक कृष्ण कुमार गोयनका तथा भारत विकास परिषद के सचिव अभय घोषाल ने लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने परिषद के सांगठनिक कार्यकलापों के बारे में अपने विचार रखें। इस क्रम में जय सुखराम खाखरा, परमेश्वर शास्त्री एवं भाजपा के पार्षद प्रमोद स्वामी ने भी अपना मंतव्य रखा। इस कार्यक्रम में प्रखंड के अध्यक्ष हेमराज शर्मा, सचिव संजय शर्मा, मीडिया प्रभारी तनसुख राठी, कृष्ण कुमार गोयनका, पवन स्वामी, विशाल खाखरा, नटवर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, श्रीनिवास तिवारी, प्रमोद स्वामी, कैलाश शर्मा, मनीराम शर्मा, विजय बजाज, नानक शर्मा, राजेश सुराना तथा मातृशक्ति में साधना राठी, सुनीता राठी सहित अनेक भक्त उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर रंगिया में कई कार्यक्रमों का आयोजन

**रंगिया ( निसं )।** रंगिया में आज सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्व हिंदू परिषद उत्तर कामरूप जिला समिति द्वारा स्थापना दिवस व जन्माष्टमी के तहत पुब रंगिया प्रगति संघ मैदान में धार्मिक ध्वजारोहन, धर्मालोचनी सभा के बाद दोपहर करीब चिलचिलाती धूप के बाद भी गाजे बाजे से सुसज्जित शोभायात्रा निकाली गई। दूसरी ओर स्थानीय श्रीश्री राधाकृष्ण मंदिर में श्री श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव आयोजक समिति के तत्वावधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण को सजाने के साथ मनोरम झांकी सजाई गई। मंदिर प्रांगण में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चो के बीच आयोजित क्वीज का संचालन संयोजक आशिक सुरेका, अंकीत अग्रवाल, मंथन सरावगी, अंकुश बजाज, मीत जैन, नीतिश लुडिया के साथ किया। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितिय व तृतिय विजेता को पुरस्कार प्रदान किया गया। वही भाग लेने वाले सभी बच्चो की हौसला अफजायी श्री श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के अध्यक्ष जितेन्द्र जाजोदिया, सचिव सौरभ बजाज व कोषाध्यक्ष शुभम जाजोदिया, गोपाल जाजोदिया, राजकुमार मौर, प्रमोद बजाज, राजेश लाडसरिया द्वारा किया गया। संध्या खिचड़ी भोग वितरण के बाद रात्रि कीर्तन, मध्य रात्रि श्री कृष्ण जन्मोत्सव, आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## बंगाईगांव : श्री अग्रवाल समाज सभा, महिला शाखा का शपथ ग्रहण

**बंगाईगांव।** श्री अग्रवाल समाज सभा, महिला शाखा, बंगाईगांव की नई कार्यकारिणी का गठन सत्र 2024-2026 के लिए किया गया। श्री अग्रवाल समाज सभा के सलाहकारों एवं पदाधिकारी की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। श्री विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई सभा में अच्छी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रचार सचिव श्री गोपाल हरलालका ने सलाहकार श्री सुशील अग्रवाल, महिला शाखा की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सरोज हरलालका, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्री मनोज हरलालका को मंच पर आमंत्रित किया। राष्ट्रगान के साथ शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत हुई। इस सभा में श्रीमती अनु अग्रवाल को अध्यक्षा एवं श्रीमती काजल अग्रवाल को सचिव के रूप में सर्वसम्मति से चयन किया गया। महिला शाखा की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सरोज हरलालका ने नव नियुक्त अध्यक्षा श्रीमती




अनु अग्रवाल को शपथ पाठ करवाया तथा अग्रवाल समाज सभा के अध्यक्ष श्री मनोज हरलालका ने श्रीमती काजल अग्रवाल को महिला शाखा की सचिव के रूप में शपथ दिलवाई। महिला शाखा की नवनियुक्त अध्यक्षा श्रीमती अनु अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष श्रीमती रक्षा बजाज को शपथ पाठ करवाया। इसके अलावा अन्य कार्यकारिणी के सदस्यों को भी शपथ पाठ करवाया गया। श्रीमती विनीता अग्रवाल को उपाध्यक्ष, श्रीमती आयुषी बंसल को सांस्कृतिक सचिव, श्रीमती गुड़िया अग्रवाल (रंजना अग्रवाल) को खेल सचिव बनाया गया है तथा श्रीमती सरोज हरलालका (फ्लोर मिल), श्रीमती सरोज हरलालका (ओम प्रकाश जी हरलालका), श्रीमती सरिता सुरेका एवं श्रीमती हेमा अग्रवाल को सलाहकार के रूप में लेकर एक सशक्त कार्यकारिणी का गठन किया गया है। अग्रवाल समाज सभा के अध्यक्ष श्री मनोज हरलालका एवं सचिव श्री विकास सुरेका ने महिला शाखा की अध्यक्षा एवं सचिव क्रमशः श्रीमती अनु अग्रवाल एवं श्रीमती काजल अग्रवाल को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## होजाई : तीज महोत्सव का भव्य आयोजन कल

**होजाई ( निसं )।** वृहत्तर होजाई गोरख महिला एकता मंच के बैनरतले आगामी 28 अगस्त 2024 को स्थानीय साहित्यरथी बेज बरुवा भवन परिसर में तीज महोत्सव का भव्य आयोजन एक दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। तीज महोत्सव के सफल संचालन हेतु होजाई तीज महोत्सव उद्यापन समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष बसंती पोडेल, कार्यकारी अध्यक्ष पवित्र देवी शर्मा, सचिव शीला देवी भंडारी के अलावा एक शक्तिशाली समिति का गठन किया गया है। जिसमें कई उप समितियां बनाई गई है कार्यक्रम को सफल करने हेतु सभी सदस्य गण रात दिन तन, मन, धन से लगे हुए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार प्रात 9 बजे ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा। उस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे काजीरंगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कामाख्या प्रसाद तासा, विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक रामकृष्ण घोष व असम भाषिक संख्या लघु उन्नयन बोर्ड के अध्यक्ष शिलादित्य देव। इसके बाद तीज महोत्सव का उद्घाटन होगा, खुली सभा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। आयोजक समिति ने सभी स्थानीय लोगों से कार्यक्रम में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का अनुरोध किया है।

## सूर्योदय अहिंसा दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र में कलशाभिषेक का आयोजन

**गुवाहाटी।** श्री दिगंबर जैन यूथ फेडरेशन (अंतर्गत श्री दिगंबर जैन पंचायत, गुवाहाटी) के सदस्यों ने शनिवार को ग्वालपाड़ा में स्थित सूर्योदय अहिंसा दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर यूथ के अध्यक्ष सौरभ अजमेरा, कार्याध्यक्ष विकाश विनायक्या, अमित बाकलीवाल, सुशील ठोलिया, जितेंद्र पांड्या तथा श्री दिगम्बर जैन मित्र संघ के भरत बड़जात्या, धर्मचंद जैन, विनय छाबड़ा, रजनीश जैन ने त्रिमूर्ति का दर्शन कर प्रसन्नता जाहिर की। इस दल ने संध्या श्रीजी की आरती के पश्चात भक्ति संध्या का आयोजन भी किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। रविवार को यह दल श्री चौबीसी जिन चैत्यालय में क्षेत्र के विधानाचार्य के सान्निध्य में जयकारों के साथ सामूहिक रूप से भगवान आदिनाथ का अभिषेक व शांतिधारा कर सुख-समृद्धि की कामना करते हुए धर्म लाभ प्राप्त किया। युवा सदस्यों ने सूर्यपहाड़ क्षेत्र की सुंदर व्यवस्था को देखकर समिति के कार्यों को काफी सराहा। उन्होंने वहां स्थित दोनों गुफाओं का भी अवलोकन किया। फेडरेशन के अध्यक्ष सौरभ अजमेरा ने कहा कि फेडरेशन इस क्षेत्र से लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगी



ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्याध्यक्ष विकास विनायक्या ने कहा की पूर्वांचल जैन समाज का एक मात्र प्राचीनतम तीर्थ क्षेत्र सूर्यपहाड़ की सुरक्षा हेतु हम सभी को हरसंभव प्रयास जारी रखना चाहिए। गुवाहाटी से आए मित्र संघ के सदस्यो ने क्षेत्र की द्रुतगति से प्रगति एवं समुचित व्यवस्था को देखकर हार्दिक प्रसन्नता जाहिर की। तथा इस क्षेत्र के प्रबंधक अशोक पांड्या के कार्यों को भी सराहा। श्री सूर्य पहाड़ विकास समिति के अध्यक्ष महावीर जैन (गंगवाल) एवं उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सेठी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए युवा दल का आभार प्रकट किया।

## असम की बेटी ने हुला हूपिंग में बनाया दोहरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**गुवाहाटी।** असम की महज 10 वर्षीय बिटिया आराध्या धानुका ने विश्व के सबसे बड़े रिकॉर्ड *गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड* में अपना नाम दर्ज करा कर समूचे असम का ही नहीं बल्कि विश्व पटल पर भारत का नाम गौरवान्वित किया है। गुवाहाटी निवासी स्वाति-डॉ. घनश्याम दास धानुका की बेटी और कुसुम-डॉ. अशोक कुमार धानुका की पोती आराध्या धानुका का नाम एक बार नहीं बल्कि दो बार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। आराध्या ने 90 डिग्री के कोण पर एक हाथ के चारों ओर 21 मिनट और 2 सेकेंड तक हुला हूपिंग करके यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, जो अमेरिका की विहा गेडिया द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। वहीं आराध्या ने दूसरा रिकॉर्ड 4 मिनट और 2 सेकेंड तक अपनी गर्दन के चारों ओर एक साथ 3 हुला हूप घुमा कर यह अभिलेख रच डाला। जानकारों का कहना है की संभवत इस क्षेत्र से 10 वर्ष से कम आयु वाली श्रेणी में किसी भी व्यक्तिगत द्वारा दोहरा रिकॉर्ड बनाने का यह कार्य पहली बार हुआ है। जानकारी के अनुसार ये रिकॉर्ड 19 मई, 2024 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के कड़े दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आधिकारिक गवाहों की मौजूदगी में बनाए गए थे, जिसका औपचारिक रूप से प्रशस्ति पत्र हाल ही में मिला। आराध्या की असाधारण उपलब्धि उनके अटूट समर्पण, अथक परिश्रम और हुला हूपिंग के प्रति उनके जुनून का प्रमाण करता है। आराध्या पिछले कई महीनों से हुला हूपिंग के अपने हुनर को निखार रही हैं और अपनी असाधारण प्रतिभा के लिए पहले ही पहचान बना चुकी हैं। इससे पहले भी आराध्या के नाम कई रिकॉर्ड हैं, जिनमें सात राज्य रिकॉर्ड, तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड और तीन विश्व रिकॉर्ड शामिल हैं, इसके अलावा आराध्या को खेलों में मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी मिल चुकी है। आराध्या ने कहा की मैं गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में असम से अपना नाम दर्ज करवाकर बेहद खुश और सम्मानित महसूस कर रही हूं। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा मेरे प्रेरक रहे हैं। 13 अप्रैल 2023 को सबसे बड़े बिहू नृत्य प्रदर्शन और लोक संगीतकारों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ सबसे




बड़े प्रदर्शन के लिए राज्य के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करने के बाद, मेरी भी यही इच्छा थी कि मैं भी अपने नाम एक रिकॉर्ड दर्ज करवाऊं। यहीं से मुझे प्रेरणा मिली और मैं दूसरों को भी अपने जुनून को आगे बढ़ाने और अपने सपनों को कभी न छोड़ने के लिए प्रेरित करना चाहती हूं। आराध्या की उपलब्धि की एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में सराहना की गई है, जिसके लिए गणमान्य व्यक्तियों और नागरिकों ने समान रूप से बधाई दी है। आराध्या के रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन ने असम राज्य को बहुत गौरवान्वित किया है और वह पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आराध्या सभी समुदायों, आयु वर्ग और सभी भारतीयों में इस खेल को बढ़ावा देना चाहती हैं क्योंकि आराध्या का दृढ़ विश्वास है कि हुला हूप के कई स्वास्थ्य लाभ हैं और प्रत्येक भारतीय को इसमें महारत हासिल करनी चाहिए। वह हाल ही में संपन्न हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह पर महात्मा गांधी बुनियाद विद्यालय के वंचित बच्चों को यह कौशल सिखाने की यात्रा पर पहले ही निकल चुकी हैं। हुला हूप करते समय आराध्या की मुस्कुराहट उसके जुनून और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है, जो उसके देश भारत को गौरवान्वित करने और हुला हूप को भारत में एक पहचान योग्य खेल बनाने के सपने को साकार करती है।

# भारतीय समुदाय से बातचीत के बाद खत्म हुई राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा

**- रक्षा मंत्री ने मेम्फिस में राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय का दौरा किया**
**- भारतीय समुदाय को अमेरिका के रिश्तों का 'समकालीन सेतु' करार दिया**





**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने अमेरिका दौरे के अंतिम दिन टेनेसी के मेम्फिस में स्थित राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय का दौरा किया और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत की। रक्षा मंत्री ने भारतीय समुदाय के सदस्यों को भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों का 'समकालीन सेतु' करार दिया, जो घनिष्ठ संबंधों एवं सद्भावना को बढ़ावा देता है। मेम्फिस में स्थित राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय 17वीं शताब्दी से लेकर वर्तमान तक अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन के इतिहास को दशार्ता है। इस महत्वपूर्ण परिसर का निर्माण वर्ष 1968 में उस स्थल के आसपास किया गया है, जहां पर मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्या हुई थी। इस संग्रहालय में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा भी है, जो अहिंसा के साथ संघर्ष के लिए उनकी प्रेरणा को दशार्ती है। रक्षा मंत्री ने महात्मा गांधी के सम्मान में एक प्रदर्शनी का आयोजन करने और साल 2019 में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय के पास दो मानद 'गांधी मार्ग' सड़क संकेत लगाने में भारतीय समुदाय के प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर मेम्फिस, अटलांटा, नैशविले और अन्य आस-पास के क्षेत्रों से आए हुए भारतीय प्रवासियों से राजनाथ सिंह ने बातचीत की। उन्होंने भारतीय समुदाय की उपलब्धियों और समाज, विज्ञान तथा अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की सराहना की। रक्षा मंत्री ने अमेरिका से घनिष्ठ संबंधों एवं सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए भारतीय समुदाय के सदस्यों को दोनों देशों के बीच रिश्तों का 'समकालीन सेतु' करार दिया। राजनाथ सिंह ने अमेरिका यात्रा के इस अंतिम कार्यक्रम के दौरान पिछले दशक में भारत की विकास गाथा तथा उज्ज्वल भविष्य के साथ इसकी अपार संभावनाओं को भी उजागर किया।

# सिंगापुर के राष्ट्रपति से मिला भारतीय मंत्रियों का दल, द्विपक्षीय संबंधों पर हुई बातचीत




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत सरकार के चार प्रमुख मंत्रियों के एक दल ने सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की गई। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि चार भारतीय कैबिनेट मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर में राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इन कैबिनेट मंत्रियों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव शामिल थे। उल्लेखनीय है कि भारत-सिंगापुर के रिश्तों को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए सिंगापुर में आयोजित दूसरा भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन हुआ। इसमें भारत के चार केंद्रीय मंत्रियों ने हिस्सा लिया। मंत्रालय के मुताबिक इन नेताओं ने सिंगापुर के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरन डिजिटलीकरण, हरित पहल और कौशल विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके भारत-सिंगापुर रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम की सराहना की कि वे दूरगामी सुधारों को विकसित करने में अपने मौलिक योगदान के माध्यम से बहुपक्षवाद के एक मजबूत समर्थक हैं, जो सरकारों और संस्थानों को 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बना सकते हैं। निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2023 में जी-20 भारतीय प्रेसीडेंसी के दौरान बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने पर जी-20 विशेषज्ञ समूह के सदस्य के रूप में अमूल्य योगदान के लिए राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# लद्दाख में पांच नए जिलों का निर्माण बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में कदम : प्रधानमंत्री




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लद्दाख में पांच नए जिलों के गठन को बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस संबंध में साझा एक एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, लद्दाख में पांच नए जिलों का निर्माण बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम है। जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग पर अब अधिक ध्यान दिया जाएगा, जिससे लोगों को सेवाएं और अवसर और भी करीब आएंगे। वहां के लोगों को बधाई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से लद्दाख में पांच नए जिले बनाने ने निर्णय की जानकारी दी थी। शाह ने पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और समृद्ध लद्दाख के निर्माण के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, गृह मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश में पांच नए जिले बनाने का निर्णय लिया है। नए जिले, अर्थात जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग, हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत करके लोगों के लिए लाभ को उनके दरवाजे तक पहुंचाएंगे। मोदी सरकार लद्दाख के लोगों के लिए प्रचुर अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, भाजपा ने देशवासियों को दी जन्माष्टमी की बधाई




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सारे देश में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम है। दुनियाभर में फैले भगवान कृष्ण के अनुयायी सुबह से उनके जन्मोत्सव की तैयारी में जुटे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक्स हैंडल पर देशवासियों को इस पावन त्योहार की बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने लिखा है, " जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई देती हूं। यह त्योहार हमें भगवान श्री कृष्ण के दिव्य आदर्शों के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है। आइए इस अवसर पर, हम भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं को आत्मसात करें तथा देश की प्रगति और समृद्धि के लिए कार्य करने का संकल्प लें।" प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा है, "आप सभी को जन्माष्टमी की अनंत शुभकामनाएं। जय श्रीकृष्ण!" भारतीय जनता पार्टी ने लिखा है, " समस्त देशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

# कांग्रेस के सांसद वसंतराव चव्हाण के निधन से कांग्रेसी खेमे में शोक की लहर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद वसंतराव चव्हाण के निधन पर कांग्रेस पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वसंत चव्हाण का सोमवार सुबह हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वहां उनका किडनी संबंधी समस्या का इलाज चल रहा था। 69 वर्षीय चव्हाण ने सोमवार सुबह करीब 4 बजे अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर महाराष्ट्र कांग्रेस सहित कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व ने शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा है कि वसंतराव चव्हाण के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। चव्हाण ने अपना संपूर्ण जीवन कांग्रेस की विचारधारा के समर्थन और विस्तार में समर्पित कर दिया। यह कांग्रेस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में कहा कि यशवंतराव चव्हाण ने अपनी अंतिम सांस तक अपने क्षेत्र में कांग्रेस की विचारधारा की रक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायत सदस्य के रूप में जमीनी स्तर से अपनी राजनीति शुरू की और विभिन्न निर्वाचित पदों पर लोगों की सेवा की। खरगे ने कहा कि हमारी भावना और प्रार्थना उनके परिवार, मित्रों और अनुयायियों के साथ हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा है कि वसंतराव चव्हाण जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। वे जमीन से जुड़े हुए लोकप्रिय नेता रहे। चव्हाण आजीवन कांग्रेस की विचारधारा का समर्थन और विस्तार करते रहे।

# राहुल गांधी देश तोड़ने वाले लोगों से कर रहे गठबंधन : सैनी

**-हरियाणा के सीएम ने चुनावों को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना**



**रोहतक,(ईएमएस)।** हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने जम्मू कश्मीर और हरियाणा में चुनावों को लेकर विपक्ष पर हमला बोला है। सैनी ने दावा किया कि कांग्रेस के पास सीएम उम्मीदवार तक नहीं है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला अपने आपको सीएम घोषित कर घूम रहे हैं, क्योंकि वह बांटने और खाने में यकीन रखते हैं। सीएम ने कहा कि हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जल्द ही उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। इसके लिए पैनल तैयार कर लिया गया है। हरियाणा प्रदेश की जनता बीजेपी द्वारा किए गए कामों से खुश है और प्रदेश में बीजेपी सरकार बनाने का मन बना चुकी है। वहीं सीएम सैनी ने जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के बीच हुए गठबंधन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि दोनों दलों के बीच गठबंधन हुआ है। कांग्रेस बताए कि क्या वह नेशनल कॉन्फ्रेंस और अब्दुल्ला परिवार के भारत विरोधी मंशा का समर्थन कर रही है। क्या उन्होंने धारा 370 को वापस लाने के लिए जम्मू-कश्मीर में गठबंधन किया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के लोगों के साथ धोखा कर रही है। राहुल गांधी ऐसे लोगों के साथ गठबंधन कर रहे हैं, जो देश को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा हरियाण में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस के पास तो उम्मीदवार तक नहीं है। कांग्रेस में एक-एक परिवार से पांच पांच लोगों ने आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच दलित और आरक्षण विरोधी रही है। कांग्रेस चुल्लू भर पानी से मछली पकड़ने की स्थिति में आ चुके हैं। हमसे जवाब मांगने वाले भूपेंद्र हुड्डा मेरे दस सवालों का जवाब नहीं दे पाए हैं। सीएम सैनी ने विनेश फोगाट का जिक्र कर भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विनेश फोगाट के कंधे पर बंदूक रखकर स्वार्थ की राजनीति करना चाहते हैं लेकिन जब भूपेंद्र सिंह हुड्डा सत्ता में थे तो उन्होंने किसी खिलाड़ी को राज्यसभा क्यों नहीं भेजा। कांग्रेस के पास न तो कोई नीति है और न ही नेतृत्व है।

# दिल्ली नगर निगम में अब बीजेपी का दबदबा, स्टैंडिंग कमेटी में बढ़े सदस्य

**- आम आदमी पार्टी के पांच पार्षदों ने छोड़ी पार्टी, बीजेपी को हुआ फायदा**

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) के पांच पार्षदों ने बीजेपी ज्वाइन कर ली है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि ये पार्षद आप नेताओं के लिए भीड़ जुटाने के दबाव के कारण परेशान थे। बता दें कि आम आदमी पार्टी के वार्ड 28 से पार्षद रामचंद्र, वार्ड 30 से पार्षद पवन सहरावत, वार्ड 177 से पार्षद ममता पवन, वार्ड 178 से पार्षद सुगंधा बिधूड़ी और वार्ड 180 से पार्षद मंजू निर्मल ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। बीजेपी में शामिल हुए सभी पांच पार्षदों ने कहा कि हम शीर्ष नेतृत्व के भ्रष्टाचार से त्रस्त होकर और पीएम मोदी के जन समर्पण से प्रभावित होकर बीजेपी में आए हैं। बीजेपी अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि भ्रष्टाचार से घिरी आम आदमी पार्टी की सरकार किस तरह से दिल्ली में विकास कार्यों को रोकने का काम कर रही है, यह हम सब पिछले दस साल से देख रहे हैं। जिन साथियों ने बीजेपी में शामिल होने का फैसला लिया है, उनके साथ मिलकर हम जनता की सेवा करेंगे। नरेला जोन से 2 और सेंट्रल जोन से 3 पार्षदों के बीजेपी में शामिल होने के बाद बीजेपी को 12 में से 7 जोन में बहुमत हासिल हो गया है। 5 जोन (शाहदरा नॉर्थ जोन, शाहदरा साउथ जोन, केशवपुरम जोन, नजफगढ़ जोन और सिविल लाइंस जोन) में बीजेपी बहुमत में थी। अब आप के पांच पार्षदों के बीजेपी में आने के बाद उसका बहुमत सेंट्रल और नरेला जोन में भी हो गया है। इसके उलट आप पार्टी का बहुमत 12 में से पांच जोन (साउथ जोन, वेस्ट जोन, रोहिणी जोन, सिटी सदर-पहाड़गंज जोन, करोलबाग जोन) में रह गया है यानि पांच पार्षदों के बीजेपी में जाने से आप के हाथ से सेंट्रल जोन और नरेला जोन निकल गए हैं। बीजेपी का 7 जोन में बहुमत है, उसके सात सदस्य स्टैंडिंग कमेटी में आना तय हैं और हाउस से दो सदस्य पहले ही चुन लिए गए हैं। इस तरह ये आंकड़ा नौ हो जाता है, जो 18 सदस्यीय स्टैंडिंग कमेटी के लिए जादुई नंबर है जबकि आप के पास पांच जोन में बहुमत है और उसके तीन सदस्य हाउस से चुने गए हैं। कुल मिलाकर आप के आठ सदस्य हैं। यानि आप इस घटनाक्रम के बाद नंबर से एक कदम पीछे हो गई है। इतना ही नहीं, अब स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन के पद के लिए भी बीजेपी की दावेदारी और मजबूत हो गई है। स्टैंडिंग कमेटी को ही स्थायी समिति कहा जाता है। स्टैंडिंग कमेटी दिल्ली नगर निगम की सबसे ताकतवर कमेटी होती है। दिल्ली नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर के पास फैसले लेने की शक्तियां काफी कम हैं। उसकी एक बड़ी वजह ये है कि करीब सभी किस्म के आर्थिक और प्रशासनिक फैसले 18 सदस्यों वाली स्टैंडिंग कमेटी ही लेती है और उसके बाद ही उन्हें सदन में पास करवाने के लिए भेजा जाता है। ऐसे में स्टैंडिंग कमेटी काफी पॉवरफुल होती है।

# जम्मू-कश्मीर विस चुनाव के लिए भाजपा ने 15 उम्मीदवार घोषित किये

**- दूसरे व तीसरे चरण के लिए पहले जारी की गई 44 उम्मीदवारों की सूची को अमान्य घोषित किया गया**




**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए भाजपा ने सोमवार 15 उम्मीदवारों की संशोधित सूची जारी की। दूसरे व तीसरे चरण की जारी की गई सूची को अमान्य घोषित किया गया है, इन्हें बाद में जारी किया जायेगा। इससे पहले भाजपा ने तीनों चरणों के लिए अपने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसमें पहले चरण के लिए 15, दूसरे चरण के लिए 10 और तीसरे चरण के 19 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई थी। पहली लिस्ट में पूर्व डिप्टी सीएम निर्मल सिंह व कविन्द्र गुप्ता सहित भाजपा के कई दिग्गज नेताओं को टिकट नहीं दिया गया था। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 18, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में मतदान होने जा रहे हैं।

मतगणना 4 अक्टूबर को होगी। संशोधित सूची के अनुसार प्रथम चरण में इंजीनियर सैयद शौकत गयूर पांपोर से, अर्शीद भट राजपोरा से, जावेद अहमद कादरी शोपियां से, मोहम्मद रफीक वानी अनंतनाग पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे। एडवोकेट सैयद वजाहत अनंतनाग से, श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा से सोफी यूसुफ, शानगुस अनंतनाग पूर्व से वीर सराफ, इंदरवल से तारिक कीन, किश्तवाड से सुश्री शगुन परिवार, पाडेर नागसेनी से सुनील शर्मा, भदरवाह से दिलीप सिंह परिवार, डोडा से गजय सिंह राणा, डोडा पश्चिम से शक्ति राज परिहार, बनिहाल से सलीम भट्ट, रामबन से राकेश ठाकुर चुनाव लड़ेंगे।

# सीबीआई के संदीप घोष और 13 अन्य के ठिकानों पर छापे, पूछताछ भी की

**कोलकाता,(ईएमएस)।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई की पूछताछ जारी है। सीबीआई ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप पर कोलकाता में छापेमारी शुरू की है। सीबीआई ने अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, पूर्व मेडिकल सुपरिटेंडेंट संजय वशिष्ठ और 13 अन्य के खिलाफ कोलकाता और उसके आसपास के ठिकानों पर छापे मारे। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर छापे में सीबीआई को क्या मिला? सीबीआई ने पूरी जानकारी तो नहीं दी लेकिन इतना जरूर बताया कि बहुत कुछ मिला है। यह छापे अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच से जुड़े हुए हैं। सीबीआई की कोलकाता स्थित एंटी करप्शन ब्रांच ने अस्पताल में मरीजों के प्रबंधन और देखभाल के लिए सामग्री की आपूर्ति करने वालों के घरों और दफ्तरों की भी तलाशी ली। बता दें कि कोलकाता के सरकारी अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के बाद से ही अस्पताल प्रशासन जांच के घेरे में है। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर दर्ज प्राथमिकी के आधार पर सीबीआई ने संदीप घोष और तीन निजी संस्थाओं-मध्य झोरहाट, बानीपुर, हावड़ा के मां तारा ट्रेडर्स; 4/1 बेलगछिया का एशान कैफे और खमा लौहा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एफआईआर में शामिल सभी संस्थाओं के परिसरों की तलाशी ली गई।छापे में सबूतों के बारे में पूछे जाने पर सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि बहुत कुछ मिला है। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि संदीप घोष के घर से कुछ अहम दस्तावेज मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी कांग्रेस

**- अनुसूचित जाति विभाग आज और युवा मोर्चा 30 को मुख्यमंत्री करेगा घेराव**



**भोपाल (ईएमएस)।** मप्र कांग्रेस सरकार को अलग-अलग मुद्दे पर गर्ने के लिए लगातार प्रदर्शन कर रही है जहां नर्सिंग घोटाले से शुरू हुआ प्रदर्शन लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के अलग-अलग मोर्चा जनता के मुद्दे लेकर सडकों पर उतर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग दलित और आदिवासी समाज पर लगातार हो रहे अन्याय,भेदभाव और शोषण के विरुद्ध 27 अगस्त को दोपहर 1 बजे से रोशनपुरा चौराहे से मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगा। वही मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस 30 अगस्त को रंग महल चौराहे से मुख्यमंत्री आवास तक प्रदर्शन करते हुए सीएम हाउस घेरने की तैयारी कररहा है। इसको लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नितेंद्र सिंह के साथ एक वीडियो जारी किया है जिसमें उन्होंने प्रदेश भर के युवाओं को भोपाल पहुंचने के लिए आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि जनता के मुद्दे लेकर आप भोपाल आई और पूरी ताकत से लड़ाई में शामिल हों। अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश भर से कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्षगण सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस जन और अनुसूचित जाति वर्ग के नागरिक शामिल होंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त प्रदीप अहिरवार ने विभाग के पदाधिकारी एवं समस्त स्तरीय पदाधिकारी, आम जनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य समाजबंधु सुबह 11 बजे राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर बड़ी संख्या में एकत्र होकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव कार्यक्रम में शामिल हों और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग पर हो रहे अत्याचार शोषण के खिलाफ नींद में सोयी प्रदेश की भाजपा सरकार को जागने का काम करे।

# सागर द्वीप के दक्षिण में डूबा जहाज आईटीटी प्यूमा, आईसीजी ने बचाई 11 लोगों की जान

**- दो जहाजों सारंग और अमोघ ने डोर्नियर विमानों के साथ रातभर चलाया बचाव अभियान**
**- अभी भी चालक दल के शेष तीन सदस्यों की तलाश में चलाया जा रहा है रेस्क्यू ऑपरेशन**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर जाते समय सागर द्वीप के दक्षिण में 90 समुद्री मील की दूरी पर मालवाहक जहाज एमवी आईटीटी प्यूमा सोमवार रात डूब गया लेकिन भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने रात्रि अभियान चलाकर तड़के 11 लोगों की जान बचा ली। आईसीजी के दो जहाजों सारंग और अमोघ ने डोर्नियर विमानों के साथ रातभर समन्वित समुद्री-वायु राहत एवं बचाव कार्य चलाया। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि चेन्नई स्थित समुद्री खोज एवं बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) को 25 अगस्त की शाम को 04.25 बजे एमवी आईटीटी प्यूमा से एक संकटकालीन ई-मेल प्राप्त हुआ। इसके जवाब में कोलकाता के आईसीजी क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पूर्व) ने तत्काल खोज और बचाव कार्यों के लिए दो आईसीजी जहाजों सारंग और अमोघ के साथ एक डोर्नियर विमान को तैनात किया। उन्नत रात्रि-सक्षम सेंसरों से लैस डोर्नियर विमान 07.50 बजे क्षेत्र में पहुंचा और लापता चालक दल की खोज शुरू की। आईसीजी के जहाजों और विमान ने लगभग 08.15 बजे समुद्र में बहते हुए जहाज का पता लगाया। समुद्र की गहराई में डूब रहे संकटग्रस्त जहाज के चालक दल जिन्दा रहने की कोशिश में लाल फ्लेयर्स दाग रहे थे, जिन्हें आईसीजी के विमान ने देखा और तुरंत प्रतिक्रिया दी। संपर्क स्थापित होने के साथ विमान ने दोनों आईसीजी जहाजों को जीवित बचे लोगों के स्थान की ओर निर्देशित किया। इसके साथ ही 25 अगस्त की देर रात अभूतपूर्व और व्यापक समुद्र-वायु समन्वित रात्रि खोज और बचाव (एसएआर) अभियान शुरू हुआ। रातभर चले बचाव एवं राहत कार्यों के बाद 26 अगस्त की तड़के चालक दल के ग्यारह सदस्यों को बचाने में कामयाबी मिल गई। उन्होंने बताया कि समुद्र में डूबा एमवी आईटीटी प्यूमा मुंबई में पंजीकृत सामान्य मालवाहक जहाज था, कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर के रास्ते पर था। इसी दौरान सागर द्वीप के दक्षिण में 90 समुद्री मील की दूरी पर डूब गया। प्रतिकूल मौसम और खराब समुद्री परिस्थितियों के बीच आईसीजी जहाजों सारंग और अमोघ के साथ-साथ आईसीजी डोर्नियर विमान ने एसएआर ऑपरेशन को अंजाम दिया। अभी भी चालक दल के शेष तीन सदस्यों की तलाश में ऑपरेशन चलाया जा रहा है, जिसमें आईसीजी के जहाज और विमान सक्रिय हैं।

## भीलवाड़ा में गाय की कटी पूंछ मिलने से तनाव

# धरने की तैयारी को पुलिस ने रोका, पथराव के बाद कार्यकर्ताओं पर बरसाई लाठियां

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** भीलवाड़ा शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र ने रविवार को गांधी सागर तालाब की पाल के निकट वीर हनुमान मंदिर के द्वार पर गाय की कटी पूंछ मिलने के बाद उपजा रोष दूसरे दिन सोमवार को जन्माष्टमी पर भी दिखाई दिया। हालांकि पुलिस ने इस घटना से जुड़े आठ संदिग्धों को डिटेन किया है। इसके बावजूद भी गुस्साए लोगों ने सोमवार को सड़कों से गुजरते हुए अजमेर रोड़ पर एक शोरूम के शीशे तोड़ दिए। पुलिस को शहर में अलग-अलग स्थानों पर भीड़ को खदेड़ने के लिए कई बार लाठीचार्ज करना पड़ा। हिंदू संगठनों की ओर से कलेक्ट्रेट के पास धरना देकर कलेक्ट्रेट को घेरने की तैयारी के चलते उस दिशा में जबरन घुस रहे आक्रोशित भीड़ को पुलिस ने रोक दिया। यहां पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने यहां लगभग एक दर्जन उत्पात करने वाले युवाओं को हिरासत में लिया है। तीन बार पुलिस को भीड़ की ओर से किये पथराव का भी सामना करना पड़ा, जिसमें पुलिसकर्मियों के भी घायल होने की खबर है। शहर में पुलिस के गश्ती वाहन लगातार गश्त करते रहे। एएसपी विमल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने शहर में पैदल मार्च भी किया। रविवार को बडला चौराहा गांधी सागर तालाब की पाल के निकट वीर हनुमान मंदिर के प्रवेश द्वार पर रविवार को गाय की कटी हुई पूंछ पड़ी मिली थी। आस-पास ही गाय भी लहूलुहान हालत में मिली। इस घटना के बाद माहौल गरमा गया था। आसपास के लोगों के साथ ही हिंदू संगठनों के पदाधिकारी, संत महंत मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने समझाइश कर गिरफ्तारी के लिए समय मांगा था। इस पर सोमवार सुबह 12 बजे तक का समय दिया गया। सोमवार सुबह शहर व आस-पास के क्षेत्रों से प्रदर्शनकारी विरोध के लिए शहर में पहुंचने लगे। आज दोपहर 11 बजे तक जेल तिराहे पर भीड़ जुट गई। देखते ही देखते भीड़ बढ़ती गई। उधर, पुलिस भी भीड़ को देखते हुए अलर्ट मोड पर आ गई। महामंडलेश्वर हंसराम और विधायक अशोक कोठारी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत से इस मामले में पुलिस कार्रवाई की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने इस घटना को लेकर बताया की सीसी टीवी फुटेज खंगाले और गहनता से जांच की, इसके बाद



आठ संदिग्धों को डिटेन किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने आज पुलिस के जन्माष्टमी का त्योहार के चलते व्यस्त होने से आज और कल के लिए और समय चाहा। इस पर दो दिन की सहमति बनी। महामंडलेश्वर हंसराम व विधायक कोठारी ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के बाद जेल चौराहे पर पहुंच कर जुटी भीड़ को पुलिस अधीक्षक के साथ हुई वार्ता से अवगत करवाया, लेकिन भीड़ में शामिल युवा पुलिस को दिय दो दिन के समय से राजी नहीं हुए और बाजार बंद करवाने निकल पड़े। ऐसे में पुलिस ने स्थिति को भांपते हुए अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने भीड़ को घेर लिया और समझाइश की, लेकिन भीड़ ने पुलिस की नहीं सुनीं तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उसे खदेड़ दिया। यहां से भीड़ में शामिल हुड़दंगी पुनः जेल तिराहे पर जमा हो गए। उधर, महामंडलेश्वर व हिंदू संगठन के पदाधिकारी भी पुलिस अधीक्षक के द्वारा चाहा समय देने के बाद लौट गए। पुलिस ने हुड़दंगियों को भी शांति बनाए रखने के लिए समझाइश कर वहां से जाने के लिए कहा, लेकिन जब वे नहीं माने तो पुलिस ने दोबारा लाठी चार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। यह भीड़ आरके कॉलोनी में घुस गई और लाठीचार्ज के विरोध में पुलिस पर पथराव भी किया। लाठीचार्ज के कुछ समय बाद कुछ प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट के सामने पहुंचे और धरने पर बैठे गए। इन युवकों को पुलिस ने धरना खत्म करने के लिए कहा, लेकिन जब हुड़दंगियों ने धरना समाप्त नहीं किया तो यहां से भी पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए लाठीचार्ज कर खदेड़ दिया। यहां से भागे हुड़दंगी शाम की सब्जी मंडी में घुस आए, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। हुड़दंगियों ने यहां भी पुलिस पर पत्थर फेंके। इससे जिला विशेष शाखा में तैनात एक पुलिसकर्मी चोटिल हुआ। इस पर पुलिस ने भी लाठी चार्ज किया। इसे लेकर सब्जीमंडी क्षेत्र के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। हंगामे को देखते हुए बाजार नंबर दो, गोल प्याऊ चैराहा, नेताजी सुभाष मार्केट, गांधी बाजार, नागौरी गार्डन, स्टेशन रोड़ सहित विभिन्न इलाकों में अधिकांश दुकानें बंद कर दी गई।

## वंदे भारत ट्रेन को पटरी से उतारने का प्रयास

# राज्यसभा सांसद ने दिए कार्रवाई के निर्देश




**जयपुर ( हिंस )।** राज्यसभा सांसद एवं राजस्थान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने वंदे भारत ट्रेन को बेपटरी कर हादसे को अंजाम देने के प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। राठौड ने जोधपुर और अजमेर रेल मंडल के आला अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर जांच करने के निर्देश दिए है वहीं रेलवे पटरियों की सुरक्षा को चाक चौबंद करने के पुख्ता इंतजाम करने के लिए भी निर्देशित किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि देश में कुछ ऐसे असामाजिक तत्व है जो राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के साथ ही केंद्र की मोदी सरकार की छवि को धूमिल करने का षडयंत्र रच रहे है। इतना ही नहीं, इन असामाजिक तत्वों द्वारा जानमाल की हानि का भी प्रयास किया गया। लेकिन रेलवे के सजग कर्मचारियों की बदौलत बड़ा हादसा टल गया। ऐसे में इन कर्मचारियों की सजगता पर राठौड़ ने प्रशंसा करते हुए रेलवे विभाग द्वारा सम्मानित करवाने की भी सिफारिश की, वहीं दूसरी ओर रेलवे ट्रेक की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले कार्मिकों की लापरवाही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिए। राठौड़ ने कहा कि पाली के सुमेरपुर जवाई बांध रेलवे स्टेशन के नजदीक अहमदाबाद से आने वाली वंदे भारत ट्रेन के आने समय कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रेलवे लाइन पर सीमेंट कंकरीट के ब्लॉक रख बड़े हादसे की साजिश रची गई थी। वंदे भारत ट्रेन के आने पर इंजन इससे टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया था लेकिन गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस संबंध में रेलवे अधिकारियों द्वारा मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

# चुनाव में हेट स्पीच पर सख्त रहेगा आयोग, सभी दलों को दिए निर्देश

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हरियाणा निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों को खास ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने सोमवार को इस संबंध में बताया कि सभी दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थान जैसे मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। पंकज अग्रवाल ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू है तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, प्रस्तावित बैठकों के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए और बैठकों में गड़बड़ी या अव्यवस्था पैदा करने वाले व्यक्तियों से निपटने में पुलिस सहायता प्राप्त की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी भी जुलूस को शुरू करने और समाप्त करने के समय व स्थान तथा मार्ग को अग्रिम रूप से फाइनल किया जाना चाहिए और पुलिस अधिकारियों से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। यह अवश्य ध्यान रखा जाए कि जुलूस का मार्ग यातायात को बाधित नहीं करना चाहिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में लगे सभी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को बैज या पहचान पत्र दिखाना होगा। मतदाताओं को जारी अनौपचारिक पहचान पर्ची सादे (सफेद) कागज पर होनी चाहिए, जिस पर पार्टी का कोई नाम और निशान या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, प्रचार अभियान की अवधि के दौरान और मतदान के दिन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। चुनाव के संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, मुख्य निर्वाचन अधिकारी या भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। पंकज अग्रवाल ने बताया कि किसी भी आधिकारिक काम को चुनाव प्रचार या चुनावी गतिविधियों के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए और वित्तीय या अन्य किसी प्रकार का कोई प्रलोभन मतदाता को नहीं दिया जाना चाहिए।

# नंद के घर आनंद भयो, जै कन्हैया लाल की..

**जोधपुर ( हिंस )।** सूर्यनगरी में भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्योत्सव जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कृष्ण मंदिरों को फूलों और रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया है। साथ ही कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। शहर के सभी कृष्ण मंदिरों व अन्य स्थानों पर रात बारह बजे दही, माखन, मिश्री से भरी मटकियां फोड़ी जाएगी। इस बार जन्माष्टमी पर्व स्मार्त व वैष्णव मत वाले एक ही दिन मना रहे है। जोधपुर में कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर कृष्ण मंदिरों में फूल मंडली से लेकर भगवान श्रीकृष्ण को संवारने से लेकर पूरे मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। चाहे शनिधाम स्थित बांके बिहारी कृष्ण मंदिर हो या फिर जूनी धान मंडी गंगश्यामजी मंदिर, बालकृष्ण लाल मंदिर, शास्त्रीनगर सी सेक्टर कृष्ण मंदिर, सरदारपुरा रानीजी का मंदिर, रातानाडा कृष्ण मंदिर, गीता भवन व सिवांचीगेट-द्वारकाधीश मंदिर सभी जगह कृष्ण की भक्ति में श्रद्धालु लीन नजर आ रहे है। मंदिरों और घरों में जहां श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ी कथाओं को कहती झांकियां सजाई गई है वहीं कई स्थानों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी-फोड़ और भजन-कीर्तन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्ण मंदिरों को रंग रोगन और रोशनी से सजाया गया है। मंदिरों में फूल मंडलियां सजाई गई। मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सुबह ही शुरू हो गया था। गली मौहल्लों में भी बच्चों ने अस्थाई कृष्ण मंदिरों की स्थापना के साथ मटकी फोड़ प्रतियोगिता रखी है। हांडी को रस्सी से ऊंचाई पर बांधा गया है जिसे कृष्ण भक्त युवक रात को फोड़ेंगे। चौपासनी स्थित श्याम मनोहर प्रभु मंदिर, जूनी मंडी स्थित बालकृष्ण लाल मंदिर, राजरणछोड़दास मंदिर, कटला बाजार



स्थित कुंजबिहारी मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, गंगश्यामजी का मंदिर, जूना खेड़ापति बालाजी मंदिर, रातानाडा स्थित कृष्ण मंदिर, इस्कॉन और गीता भवन के साथ शहर के सभी मंदिरों में कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। तनावड़ा फांटा स्थित राधा गोविंद मंदिर इस्कॉन में सोमवार को जन्माष्टमी मनाई गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति नगर विकास न्यास, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर तथा लोटस डेयरी के संयुक्त तत्वावधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर रात्रि आठ से बारह बजे तक लक्ष्मीनाथ जी मंदिर परिसर में नंद केआनंद भयो-जय कन्हैया लाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सचिव सीताराम कच्छवाहा ने बताया कि इस कार्यक्रम में गोवर्धन (मथुरा) की सुप्रसिद्ध श्री गिर्राज ब्रज लोक कला संस्थान के 15 सदस्यों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण-राधा के गीत, संगीत तथानृत्यों की प्रस्तुतियां दी जाएगी, तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया जाएगा। पुजारी नवरतन सेवग ने बताया कि लक्ष्मी नाथ मंदिर में रात्रि 12 बजे कंस वध होगा। दूसरी और बड़ा गोपालजी मंदिर में दम्माणी चौक में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रममें कवि आचार्य सहित शहर के अनेक कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं शहीद हेमू कालानी चौराहे के पास सरदारपुरा स्थित सिंधु महादेव मंदिर में जन्माष्टमी पर रात्रि 12 बजे महाआरती के बाद कृष्ण दर्शन व दही माखन हांडी फोड़ का कार्यक्रम होगा। आयोजन समिति के भरत आवतानी ने बताया मंदिर में विशेष सजावट की गई है। रातानाड़ा स्थित कृष्ण मंदिर से खड़ी सप्ताह का समापन के साथ आज शोभायात्रा निकाली गई। जूना खेड़ापति मंदिर के आयोजन समिति के कमलेश पुरोहित ने बताया कि शाम को भजन संध्या के साथ दड़ी हांड़ी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

# कांग्रेस ने बना रखा है भर्ती रोको गैंग, भाजपा के कार्यों से विपक्ष बौखलाया : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**रोहतक ( हिंस )।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि चुनाव में बूथों पर कांग्रेस का बस्ता उठाने वाला भी कोई नहीं मिलेगा, कांग्रेस झूठ बोल-बोलकर सत्ता में आना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पूरी तरह जनता का विश्वास खो चुकी है। यही कारण है कि भाजपा फिर से एक बार हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री मंगल कमल में चुनावी कार्यालय के शुभारंभ के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम ने कहा कि हमारे युवाओं का उत्साह इन 10 सालों में बढ़ा है। कांग्रेस को घेरते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार में युवाओं का विश्वास खो चुका था, लेकिन भाजपा की सरकार ने युवाओं के विश्वास को बढ़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में हरियाणा के युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां दी



जिससे युवा भी खुश हैं और उनके परिवार तथा रिश्तेदार भी खुश हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने का काम हमारी सरकार ने किया है। तीज पर्व पर भाजपा सरकार ने महिलाओं को 500 रुपए में गैस के सिलेंडर का तोहफा दिया है। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा के जनहितैषी कामों में विपक्ष बौखला गया है। विपक्ष के नेताओं को ललकारते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने खाली घोषणाएं ही नहीं की, बल्कि घोषणाओं को इम्पलीमेंट भी किया है, हमारी सरकार ने सभी कामों को धरातल पर उतारा है। सरकार ने जो कहा है उसे समय पर लागू किया है। भाजपा का 10 साल का कार्यकाल गौरवशाली रहा है। सीएम सैनी ने कहा कि भाजपा के ईमानदारी से किए गए कामों से प्रदेश के किसानों में जोश और उत्साह है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ किसानों को मिल रहा है। भाजपा सरकार ने खाद का दाम बढ़ाने नहीं दिया। सीएम सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों की 100 प्रतिशत फसल को एमएसपी पर खदीने की गारंटी दी है। बरसात कम होने के कारण किसानों का खर्च ना बढ़ पाए, इसलिए भाजपा सरकार ने किसानों के खातों में प्रति एकड़ के हिसाब से 2000 रुपए ट्रांसफर किए। 525 करोड़ रुपए किसानों के खातों में सीधे डाले जा चुके हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा और जन्माष्टमी को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**भागलपुर ( हिंस )।** श्रीमद्भावगत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ को लेकर सोमवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। कलश शोभा यात्रा अलीगंज ठाकुरबाड़ी से होते हुए गंगा घाट तक पहुंची। जहां गंगा घाट से जल लेकर शोभायात्रा ठाकुरबाड़ी प्रांगण में पहुंच कर खत्म हुई। शोभा यात्रा काफी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु अपने माथे पर गंगाजल लेकर शोभा यात्रा की भव्यता बढ़ा रहे थे। उल्लेखनीय हो कि यह आयोजन हुसैनाबाद राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी वार्ड नंबर 41 में 26 अगस्त से शुरू होगा। वहीं अखिल भारतीय यादव महासभा के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शोभा



यात्रा निकाली गयी। यह शोभा यात्रा हुसैनाबाद दुर्गा मंदिर से निकलकर कोतवाली चौक होते हुए पूरे शहर में भ्रमण किया। यह शोभा यात्रा में झांकियां के साथ युवक युवती कृष्ण के भजनों पर झूमते नजर आ रहे थे। शोभा यात्रा का नेतृत्व इंजीनियर सुभाष यादव कर रहे थे। शोभायात्रा में बंटी यादव, अजय कुमार यादव, रंजन यादव, पूर्व महापौर बिना यादव, भाजपा नेत्री डॉ. प्रीति शेखर सहित कई लोग शामिल थे।

## शरारती तत्वों ने बाबा साहेब की प्रतिमा को पहुंचाया नुकसान

**जींद ( हिंस )।** उचाना मंडी स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा को शरारती तत्वों ने रविवार रात को नुकसान पहुंचाने का काम किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और खंडित की गई प्रतिमा को ठीक करवाया गया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ भावना को ठेस पहुंचने का मामला दर्ज कर लिया है। गांव उचाना मंडी में रेलवे लाइन से कुछ दूरी पर चौक पर बाबा डॉ. भीमराव की प्रतिमा स्थापित की गई है। बीती रात शरारती तत्वों ने चौक पर लगी प्रतिमा को खंडित कर दिया। लोगों को जब प्रतिमा के खंडित करने की सूचना मिला तो वे वहां पर एकत्रित हो गए और रोष जताया।

# गेस्ट हाउस कांड को याद कर मायावती बोली सपा ने मुझ पर करवाया हमला, कांग्रेस चुप रही

**लखनऊ ( हिंस )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गेस्ट हाउस कांड को याद करते समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 2 जून 1995 में समर्थन वापस लेने पर सपा ने मुझ पर जानलेवा हमला कराया था। उस दौरान केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने भी समय से अपना दायित्व नहीं निभाया। इस पर कांग्रेस कभी क्यों नहीं बोलती है। मायावती ने कहा कि उस समय सपा के आपराधिक तत्वों से भाजपा सहित समूचे विपक्ष ने मानवता व इंसानियत के नाते मुझे बचाने में दायित्व निभाया है, तो कांग्रेस को बीच-बीच में तकलीफ क्यों होती है। लोग इससे सचेत रहें। बसपा प्रमुख ने कहा कि उस वक्त केंद्र की कांग्रेस सरकार की भी नीयत खराब हो चुकी थी, जो कुछ भी अनहोनी के बाद यूपी में राष्ट्रपति शासन लगाकर पर्दे के पीछे अपनी सरकार चलाना चाहती थी। जिनका यह षडयंत्र बसपा ने फेल कर दिया था। इसके इलावा, बसपा वर्षों से जातीय जनगणना के लिए पहले केंद्र में कांग्रेस और अब भाजपा पर अपना पूरा दबाव बना रही है, पार्टी वर्षों से इसकी पक्षधर रही है। लेकिन जातीय जनगणना के बाद क्या कांग्रेस एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों का वाजिब हक दिला पाएगी? जो एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर को लेकर अभी भी चुप्पी साधे



हुए है, जवाब दे। मायावती ने कहा कि सक्रिय राजनीति से मेरा संन्यास लेने का कोई सवाल पैदा नहीं होता। जबसे पार्टी ने आकाश आनंद को मेरे ना रहने पर या अस्वस्थ विकट हालात में उसे बसपा के उत्तराधिकारी के रूप में आगे किया है, तबसे जातिवादी मीडिया ऐसी फेक न्यूज प्रचारित कर रहा है, जिससे लोग सावधान रहें। हालांकि पहले भी मुझे राष्ट्रपति बनाए जाने की अफवाह उड़ाई गयी, जबकि कांशीराम ने ऐसे ही आफर को यह कह कर ठुकरा दिया था कि राष्ट्रपति बनने का मतलब सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना है, जो पार्टी हित में उन्हें गवारा नहीं था, तो फिर उनकी शिष्या को यह स्वीकारना कैसे संभव है?

# यूनिफाइड पेंशन स्कीम से उत्तर पश्चिम रेलवे के लगभग 40 हजार कर्मचारी होंगे लाभान्वित

**जयपुर ( हिंस )।** सरकार द्वारा यूनिफाइड पेंशन स्कीम की घोषणा की गई है। इस पेंशन योजना से उत्तर पश्चिम रेलवे के लगभग 40 हजार रेलकर्मी लाभान्वित होंगे। यूनिफाइड पेंशन स्कीम की जानकारी प्रदान करने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे, मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी उत्तर पश्चिम रेलवे प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम में मुख्य बिंदु-सुनिश्चत पेंशन, पारिवारिक पेंशन और न्यूनतम पेंशन के प्रावधान है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार प्रेस वार्ता में राजीव सिंह, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से यूनिफाइड पेंशन स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सुनिश्चित पेंशन के प्रावधान के तहत 25 वर्ष की न्यूनतम अर्हक सेवा के लिए सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा तथा सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन में कर्मचारी की मृत्यु से ठीक पहले उसकी पेंशन का 60 प्रतिशत का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन के तहत न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर 10,000 रुपए प्रति माह पेंशन प्रदान करने का प्रावधान भी इसमें रखा गया है। इसके अतिरिक्त महंगाई से राहत प्रदान करने के लिए महंगाई सूचकांक की गणना के आधार पर पेंशन में बढ़ोतरी भी हो सकेगी। मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत में प्रदीप कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी ने बताया कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम से उत्तर पश्चिम रेलवे के लगभग 40 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे और इससे लगभग 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा।

# डायरिया उन्मूलन कार्यक्रम का केंद्रीय स्वास्थ्य टीम ने किया निरीक्षण

**फारबिसगंज/ अररिया ( हिंस )।** डायरिया संबंधी मामलों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से अररिया जिला में 23 जुलाई से 22 सितंबर तक स्टॉप डायरिया कैंपेन संचालित किया जा रहा है। वही, अभियान के क्रम में 0 से 5 साल तक बच्चों वाले चिह्नित परिवार के बीच ओआरएस व जिंक टैबलेट का वितरण करते हुए डायरिया से बचाव के लिए स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। वही, इस अभियान का सफल संचालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रीय पर्यवेक्षिका इंदु एस द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण करते हुए अभियान का जायजा लिया गया। क्रम में राष्ट्रीय पर्यवेक्षिका ने जिले के जोकीहाट व फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत कई गांव के ग्रामीणों से मिले उनसे अभियान के संबंध में जरूरी पड़ताल की। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंच कर भी उन्होंने अभियान का अनुश्रवण किया। इस क्रम में बच्चों को डायरिया से बचाव को लेकर जरूरी सुझाव देते हुए उन्होंने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश दिए। वही, इस परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत अररिया पहुंची केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रीय पर्यवेक्षिका इंदु एस ने जोकीहाट प्रखंड अंतर्गत काकन, सिमरिया मटियारी पंचायत व फारबिसगंज प्रखंड के सुखी टोला, कुरबा लक्ष्मीपुर, ढोलबज्जा सहित अन्य गांवों का भ्रमण करते स्थानीय ग्रामीण, आशा कार्यकर्ता, विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से मुलाकात कर उनसे अभियान के संबंध में जरूरी पड़ताल की। उन्होंने अभियान की सफलता में उनसे उचित सहयोग व समर्थन की अपील की। राष्ट्रीय पर्यवेक्षिका इंदु एस ने कहा कि डायरिया एक ऐसी बीमारी है। जिसे सही समय पर पहचान व उचित उपचार से पूरी तरह रोका जा सकता है। स्टॉप डायरिया अभियान का उद्देश्य डायरिया के कारण होने वाले बच्चों की होने वाली मौत को नियंत्रित करते हुए समुदाय को इसके रोकथाम संबंधी उपायों के प्रति जागरूक करना है। ताकि हर बच्चा सुरक्षित व स्वस्थ रह सके। स्टॉप डायरिया के माध्यम से हम न सिर्फ ओआरएस व जिंक टैबलेट का वितरण कर रहे हैं। बल्कि समुदाय को स्वच्छता व साफ-सफाई के महत्व के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं। डायरिया से होने वाली बच्चों की मौत को शून्य तक पहुंचाना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। इस निरीक्षण के क्रम में एसएमसी यूनिसेफ आदित्य कुमार, डीसीएम सौरव कुमार, एडीसी यूनिसेफ राकेश कुमार, संबंधित प्रखंड के अस्पताल प्रबंधक, बीसीएम, बीएमसी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद थे।

संपादकीय

# गृहमंत्री शाह के कांग्रेस को प्रश्न

**जम्मू-कश्मीर** में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर प्रदेश का जन उत्साहित है वहीं सत्ता की प्राप्ति के लिए राजनीतिक हलचल तेज होती जा रही है। पिछले दिनों नेशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस पार्टी के बीच विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन हुआ था। नैशनल कान्फ्रेंस ने घोषणा की थी कि अगर वह सत्ता में आती है तो जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देगी, साथ में अनुच्छेद 370-35ए की भी वापसी करेगी। कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस के हुए गठबंधन को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस से 10 प्रश्नों के उत्तर मांगे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने पूछा क्या कांग्रेस जम्मू- कश्मीर के लिए पृथक झंडे के नैशनल कान्फ्रेंस के वादे का समर्थन करती है, क्या राहुल गांधी व उनकी कांग्रेस अनुच्छेद-370 और 35ए बहाल करने के नैशनल कान्फ्रेंस के वादे का समर्थन करते हैं और ऐसा करते हुए क्या वे जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति एवं आतंकवाद के दौर में धकेलना चाहते हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सभी 90 सीटों पर गठबंधन करने का ऐलान किया है और ये दोनों वादे नैशनल कान्फ्रेंस के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा हैं। गृहमंत्री ने कांग्रेस से सवाल किया कि क्या वह कश्मीर के युवाओं के बजाय पाकिस्तान के साथ बातचीत में शामिल होकर फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देना चाहती है। नैशनल कान्फ्रेंस बार-बार पाकिस्तान के साथ सीमा पार व्यापार को फिर से स्थापित करने की वकालत कर रही है। शाह के कांग्रेस से सवालों में यह भी शामिल है कि क्या वह आतंकवाद और पत्थरबाजी में शामिल लोगों के स्वजन को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर लाने का समर्थन करती है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाडियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के नेशनल कान्फ्रेंस के वादे के साथ है। दरअसल दलितों, पिछड़ों को आरक्षण समेत कई योजनाएं जम्मू-कश्मीर में सिर्फ इसलिए बहाल हो पाई हैं क्योंकि वहां से विशेष राज्य का दर्जा खत्म हो गया और अब पूरी तरह भारतीय संविधान लागू है। शाह ने कहा कि क्या कांग्रेस चाहती है कि शंकराचार्य पर्वत तख्त- ए-सुलेमान और हरि पर्वत कोह- ए- मारन के नाम से जाने जाएं। अमित शाह ने कांग्रेस से यह भी पूछा कि क्या वह जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर भ्रष्टाचार की आग में झोंककर पाकिस्तान समर्थित गिने- चुने परिवारों के हाथों में सौंपने का समर्थन करती है। गृह मंत्री ने कांग्रेस और राहुल से जानना चाहा कि क्या वे कश्मीर को स्वायत्तता देने की नेशनल कान्फ्रेंस की विभाजनकारी सोच व नीतियों का समर्थन करते हैं और क्या वे नेशनल कान्फ्रेंस के जम्मू और कश्मीर घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करते हैं। भारतीय राजनीति का कमजोर पहलू यह ही है कि राजनीतिक हित को देखते हुए राजनीतिक दल व उनके कुछ नेता राष्ट्रहित की ही अनदेखी कर जाते हैं। जम्मू-कश्मीर के चुनावों में जिस तरह अनुच्छेद 370-35ए की वापसी तथा पूर्ण राज्य का दर्जा देने की घोषणा करना स्थानीय लोगों की भावनाओं को भडक़ाने के सिवा कुछ भी नहीं, क्योंकि यह दोनों बदलाव संसद द्वारा पारित बिलों के माध्यम से आये हैं और प्रदेश विधानसभा में जीत जाने के बाद भी यह पार्टियां हुए बदलाव से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकती। कांग्रेस व नैशनल कान्फ्रैंस दोनों पार्टियों के नेता उपरोक्त बात को समझते भी हैं लेकिन तुष्टिकरण की नीति अपनाते हुए जिस राह पर चल पड़े हैं वह देशहित में नहीं हैं, स्वयं कांग्रेस के हित में भी नहीं।

नैशनल कान्फ्रेंस ने घोषणा की थी कि अगर वह सत्ता में आती है तो जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देगी, साथ में अनुच्छेद 370-35ए की भी वापसी करेगी। कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस के हुए गठबंधन को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस से 10 प्रश्नों के उत्तर मांगे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने पूछा क्या कांग्रेस जम्मू- कश्मीर के लिए पृथक झंडे के नैशनल कान्फ्रेंस के वादे का समर्थन करती है, क्या राहुल गांधी व उनकी कांग्रेस अनुच्छेद-370 और 35ए बहाल करने के नैशनल कान्फ्रेंस के वादे का समर्थन करते हैं और ऐसा करते हुए क्या वे जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति एवं आतंकवाद के दौर में धकेलना चाहते हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सभी 90 सीटों पर गठबंधन करने का ऐलान किया है और ये दोनों वादे नैशनल कान्फ्रेंस के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा हैं। गृहमंत्री ने कांग्रेस से सवाल किया कि क्या वह कश्मीर के युवाओं के बजाय पाकिस्तान के साथ बातचीत में शामिल होकर फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देना चाहती है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त, बैंगनी रंग महिलाओं और लैंगिक समानता का प्रतीक है

# महिलाओं को समानता एवं सक्षमता के पंख देने होंगे

ललित गर्ग

सन 1920 में इस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में 19वां संशोधन स्वीकार किया गया था। यह दिन महिलाओं को पुरुषों के समान मानने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। न्यूजीलैंड विश्व का पहला देश है, जिसने 1893 में महिला समानता की शुरुआत की। महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करने वाली एक महिला वकील बेल्ला अब्जुग के प्रयास से 1971 से 26 अगस्त को 'महिला समानता दिवस' के रूप में मनाया जाने इस वर्ष की थीम है समता को अपनाएं, जो न केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उन्नति के लिए बल्कि समाज की समग्र प्रगति के लिए भी महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर केन्द्रित है।

**दुनिया** भर में, महिलाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा से लेकर राजनीति और आर्थिक भागीदारी तक विभिन्न क्षेत्रों में लैंगिक असमानताओं को दूर करने के प्रयासों को तीव्र गति देने के लिये महिला समानता दिवस 26 अगस्त को मनाया जाता है। सन 1920 में इस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में 19वां संशोधन स्वीकार किया गया था। यह दिन महिलाओं को पुरुषों के समान मानने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। न्यूजीलैंड विश्व का पहला देश है, जिसने 1893 में महिला समानता की शुरुआत की। महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करने वाली एक महिला वकील बेल्ला अब्जुग के प्रयास से 1971 से 26 अगस्त को 'महिला समानता दिवस' के रूप में मनाया जाने इस वर्ष की थीम है समता को अपनाएं, जो न केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उन्नति के लिए बल्कि समाज की समग्र प्रगति के लिए भी महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर केन्द्रित है। यह व्यापक मानवाधिकारों और सतत विकास के साथ लैंगिक समानता के परस्पर संबंध पर जोर देता है।

महिला समानता दिवस से जुड़ा हुआ रंग बैंगनी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त, बैंगनी रंग महिलाओं और लैंगिक समानता का प्रतीक है। यह न्याय और गरिमा का प्रतिनिधित्व करता है, और अक्सर दूरदर्शी सोच और महिलाओं के अधिकारों के लिए चल रही लड़ाई को दर्शाने के लिए उपयोग किया जाता है। महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज हमें महिला समानता दिवस मनाये जाने की आवश्यकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा।

भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता के कारण महिला समानता ज्यादा अपेक्षित है। भारत ने महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार पुरुषों के बराबर दिया, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति




चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में काफी प्रगति देखी गयी है, खासकर शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे क्षेत्रों में। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम-2023 के माध्यम से नारी शक्ति को राजनीति में समानता देने की शुरुआत हुई है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी सरकारी पहलों ने समाज में महिलाओं और लड़कियों की स्थिति को सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके अतिरिक्त, कार्यबल और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है। इन प्रगतियों के बावजूद, महत्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं। भारत में लैंगिक असमानता अभी भी व्याप्त है, खासकर ग्रामीण इलाकों में, जहाँ महिलाओं को अक्सर शिक्षा, रोज़गार और स्वास्थ्य सेवा में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह, घरेलू हिंसा और लैंगिक वेतन अंतर जैसे मुद्दे समानता की दिशा में प्रगति में बाधा डालते रहते हैं। कार्यस्थल पर लैंगिक समानता हासिल करना भारत सहित विश्व भर में एक महत्वपूर्ण लक्ष्य बना हुआ है। समान कार्य के लिए समान वेतन को बढ़ावा देने वाली नीतियों के माध्यम से इस असमानता को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। क्योंकि देश में ऐसी महिलाएं नजर आती हैं, जो सभी प्रकार के भेदभाव के बावजूद प्रत्येक क्षेत्र में एक मुकाम हासिल कर चुकी हैं और सभी उन पर गर्व भी महसूस करते हैं। परन्तु इस कतार में उन सभी महिलाओं को भी शामिल करने की जरूरत है, जो हर दिन अपने घर में और समाज में महिला होने के कारण असमानता, अत्याचार एवं उपेक्षा को झेलने के लिए विवश है। आये दिन समाचार पत्रों में लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और बलात्कार जैसी खबरों को पढ़ा जा सकता है, परन्तु इन सभी के बीच वे महिलाएं जो अपने ही घर में सिर्फ इसीलिए प्रताड़ति हो रही हैं, क्योंकि वह एक औरत है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट 'टाइम टू केयर' में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों? दरअसल, इस तरह के हालात की वजह सामाजिक एवं संकीर्ण सोच रही है। पितृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था में आमतौर पर सत्ता के केंद्र पुरुष रहे और श्रम और संसाधनों के बंटवारे में स्त्रियों को हाशिये पर रखा गया है। सदियों पहले इस तरह की परंपरा विकसित हुई, लेकिन अफसोस इस बात पर है कि आज जब दुनिया अपने आधुनिक और सभ्य होने का दावा कर रही है।

दृष्टि कोण

# ग्लोबल वार्मिंग बढ़ा रही है पेयजल संकट

**दुनिया** में पेयजल की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। इसका भयावह स्तर इस तथ्य से स्पष्ट होता है कि आज लगभग 4.4 अरब लोग पीने के साफ पानी से वंचित हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों द्वारा 135 देशों में किए गए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि वास्तविक संख्या पहले से बताए गए आंकड़ों से दोगुनी है। यह स्थिति एक चेतावनी है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ एक्वाटिक साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शोधकर्ता एस्टर ग्रीनबुड के अनुसार, यह स्थिति अत्यंत भयावह और अस्वीकार्य है कि इतनी बड़ी वैश्विक आबादी की पीने के साफ पानी तक पहुंच नहीं है। विडंबना यह है कि इसके बावजूद दुनिया की सरकारें पेयजल की सुरक्षा और जल संचय के प्रति गंभीरता से क्यों नहीं सोच रही हैं, यह समझ से परे है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि जल संकट वैश्विक स्तर पर एक गंभीर समस्या बन जाएगी और अगर अभी से पानी की बर्बादी पर नियंत्रण नहीं लगाया गया और जल संरक्षण के उपाय नहीं किए गए, तो स्थिति और बिगड़ सकती है, जिसकी भरपाई असंभव हो जाएगी। गौरतलब है कि पानी के मामले में सबसे बड़ा संकट आंकड़ों की कमी है, जो दर्शाता है कि वैश्विक स्तर पर सरकारी नाकामियों का खुलासा हो रहा है। यह तथ्य साबित करता है कि आज भी बहुत कम लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध है। वैज्ञानिक एस्टर ग्रीनबुड के अनुसार, वैश्विक आबादी के केवल आधे हिस्से के लिए ही जल गुणवत्ता से संबंधित आंकड़े उपलब्ध हैं। अमीर देशों के पास भी पानी के स्पष्ट आंकड़े नहीं हैं। ऐसे में, अभावग्रस्त देशों के लोगों को साफ पानी की पहुंच मिल पाना संदेहास्पद है। यह स्थिति दिखाती है कि दुनिया अपने बुनियादी लक्ष्यों को प्राप्त करने में काफी पीछे है, जो अच्छे संकेत नहीं हैं। इन हालातों में, 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानव कल्याण में सुधार के लिए सतत विकास लक्ष्य के तहत सभी के लिए 2030 तक सुरक्षित और किफायती पेयजल की आपूर्ति का लक्ष्य अब एक सपना ही प्रतीत होता है। इंटरनेशनल ग्राउंड वाटर रिसोर्स असेसमेंट सेंटर के अनुसार, आज भी पूरी दुनिया में लगभग 270 करोड़ लोग हैं जो साल भर में करीब तीस दिन पानी की किल्लत का सामना करते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यदि अगले तीन दशकों में पानी का उपभोग केवल एक प्रतिशत की दर से भी बढ़ेगा, तो दुनिया को एक बड़े जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। वैज्ञानिकों की मानें तो साफ पानी की पहुंच से दूर देशों के मामले में दक्षिण एशिया शीर्ष पर है, जहां 1200 मिलियन लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं उपसहारा अफ्रीकी, दक्षिण पूर्व एशिया और लैटिन अमेरिकी देश के लोग साफ पानी से महरूम हैं। हकीकत यह है कि इन क्षेत्रों में पानी में दूषित पदार्थों की मौजूदगी सबसे बड़ी समस्या है। गौर करने वाली बात यह है कि 2020 में निम्न और मध्यम आय वाले देशों में लगभग 33 प्रतिशत लोग साफ पानी से वंचित थे, जबकि वर्तमान में एशिया में लगभग 61 प्रतिशत आबादी, अफ्रीका में 25 प्रतिशत, अमेरिका में 11 प्रतिशत और यूरोप में 3 प्रतिशत आबादी साफ पानी की कमी से जूझ रही है। भारत की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां 35 मिलियन से अधिक लोग साफ पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। नीति आयोग के अनुसार, यह आंकड़ा 60 करोड़ से भी ज्यादा हो सकता है। यूनिसेफ के अनुसार, भारत में 1.96 करोड़ आवासों में जो पानी उपलब्ध है, उसमें फ्लोराइड और आर्सेनिक की मात्रा अत्यधिक है, जिसके कारण जलजनित रोगों पर सालाना 42 अरब रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। यह जगजाहिर है कि जल हमारे जीवन पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्रभाव डालता है। जल संकट के कारण एक ओर कृषि उत्पादकता प्रभावित हो रही है, वहीं दूसरी ओर जैव विविधता, खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ता जा रहा है। विश्व बैंक का अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न जल संकट से 2050 तक वैश्विक जीडीपी को 6 प्रतिशत तक नुकसान हो सकता है। इस वैश्विक समस्या के लिए मानवीय गतिविधियां, जिनमें लोभ, स्वार्थ और भौतिकवादी जीवनशैली का अहम योगदान है। वैश्विक स्तर पर देखा जाए, तो आज भी दो अरब लोगों, यानी 26 प्रतिशत आबादी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है। पूरी दुनिया में 436 मिलियन और भारत में 133.8 मिलियन बच्चे ऐसे हैं जिनके पास हर दिन की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते हालात और खराब होने की आशंका है। दुनिया में हर तीन में से एक बच्चा, यानी 739 मिलियन बच्चे पानी की कमी वाले इलाकों में रह रहे हैं। जल संकट के लिए अत्यंत संवेदनशील 37 देशों की सूची में भारत भी शामिल है।

कुछ अलग

# यूक्रेन को यकीन दिलाने की यात्रा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा को दुनिया के कई हिस्सों में बहुत करीब से देखा जा रहा है। खुद कीव भी इस यात्रा को लेकर काफी उत्साहित है, क्योंकि यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा है। उल्लेखनीय यह भी है कि जुलाई में जब प्रधानमंत्री रूस में थे, तब यूक्रेन ने उनकी आलोचना की थी। उसका कहना था कि मॉस्को जब कीव पर इतनी बर्बरता कर रहा है, तो भारत भला कैसे उसे अपना समर्थन दे सकता है? जाहिर है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन पहुंचकर उसकी यह शिकायत दूर कर रहे हैं कि मॉस्को से पुरानी दोस्ती के कारण रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत एकतरफा भूमिका निभाता दिख रहा है। देखा जाए, तो इस युद्ध को लेकर भारत का मत शुरू से ही स्पष्ट रहा है। हम युद्ध का अंत बातचीत की मेज पर चाहते हैं और संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता जैसे अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी सिद्धांतों को हर हाल में सुनिश्चित करना चाहते हैं। भारत ने सार्वजनिक तौर पर भले रूस की आलोचना नहीं की, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मॉस्को यात्रा में सबके सामने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यह जरूर कहा कि यह समय युद्ध का नहीं है और हमें भू-राजनीतिक मसलों का हल गोली-बारूद से नहीं निकालना चाहिए। भारत चूंकि दोनों पक्षों में आपसी बातचीत के जरिये युद्ध का समाधान चाहता है, इसलिए 15-16 जून, 2024 को स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मसले का हल निकालने के लिए बुलाए गए अंतरराष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हमने हिस्सा नहीं लिया, क्योंकि उसमें रूस को नहीं बुलाया गया था। प्रधानमंत्री की रूस यात्रा का भी जब पश्चिमी देश विरोध कर रहे थे, तब भी हमने यही कहा था कि भारत इस युद्ध को लेकर अपने स्थापित सिद्धांत पर ही आगे बढ़ रहा है और हम किसी के दबाव में अपनी विदेश नीति नहीं तय करते। बहरहाल, यूक्रेन यात्रा से पहले प्रधानमंत्री पोलैंड में थे, जहां उन्होंने व्यापार, तकनीक और रक्षा संबंधों का खास तौर पर जिक्र किया। उन्होंने वहां भारतवंशियों से भी मुलाकात की और पोलैंड को लेकर नई नीतियों का खाका खींचने पर जोर दिया। यह करना जरूरी भी था, क्योंकि पोलैंड मध्य यूरोप का एक अहम देश है। तेज विकास दर के कारण इसे पश्चिम की 'टाइगर इकोनॉमी' कहा जाता है और यूरोप में इसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। यह अंतरराष्ट्रीय मसलों पर यूरोप के पारंपरिक रुख से इतर अपनी राय रखता है। यूक्रेन संकट पर भी यह लगातार मुखर है और यूरोप के अगुवा देशों में स्थान बनाने को तत्पर है। चूंकि मध्य यूरोप भारत के लिए अहमियत रखता है, इसलिए पोलैंड के साथ करीबी हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। भू-राजनीति भी हमें पोलैंड के नजदीक ले जाती है। उल्लेखनीय है कि भू-राजनीतिक मसलों पर भारत सिर्फ अपना हित नहीं देखता, बल्कि विकासशील व गरीब देशों का रुख भी सामने रखता है। यही कारण है कि हम वैश्विक दक्षिण, यानी 'ग्लोबल साउथ' की मजबूत आवाज बन रहे हैं। चाहे यूक्रेन संकट हो या इजरायल-हमास युद्ध, भारत का रुख इस दायित्व से भी प्रभावित रहा है। इस समय जब दुनिया के तमाम बड़े देश आपस में जूझ रहे हैं, तब गरीब व विकासशील देशों की आवाज बमुश्किल वैश्विक मंचों पर जगह बना पा रही है। ऐसे में, अंतरराष्ट्रीय जगत में अपने बढ़ते कद का लाभ उठाकर भारत उनकी स्वाभाविक सशक्त आवाज बन रहा है। यूक्रेन युद्ध को जल्द खत्म कराने को लेकर भारत यदि तत्परता दिखा रहा है, तो उसकी एक वजह उस पर 'ग्लोबल साउथ' की महती जिम्मेदारी का होना है।

देश दुनीया से

# धीमा कर रही है प्रगति के पहियों को

पिछले दस सालों के आंकड़े बता रहे हैं कि वहां उद्योगों की स्थिति पहले से कहीं बेहतर है। इस दौरान जब सरकारों में बदलाव हुआ तो कुछ व्यवधान जरूर आया लेकिन स्थिति फिर से पहले जैसी हो गई। महाराष्ट्र की एक खासियत यह है कि इस राज्य ने बहुत बड़े पैमाने पर प्रवासियों को अपने यहां रोजगार दिया है और उन्हें बराबरी का दर्जा भी दिया जिससे वे भी फल-फूल सकें। लेकिन अभी राज्य में जिस तरह से जातिवादी आंदोलन शुरू कराया गया, वह इसके विकास के लिए ठीक नहीं है। उद्योगपति हमेशा शांतिपूर्ण तरीके से अपना काम करना चाहता है और किसी तरह के विवाद में नहीं पड़ना चाहता है। उद्योगों के सुचारु रूप से चलने के लिए यह पहली शर्त है। किसी भी तरह का राजनीतिक या बड़ा सामाजिक विवाद व्यवधान पैदा करता है जैसा हमने बिहार में देखा।

**भारत** के राज्यों में महाराष्ट्र एक ऐसा राज्य है जिसे कॉरपोरेट के मामले में सबसे आगे माना तो जाता ही है, यहां उद्योग-धंधों में भी लगातार बढ़ोतरी होती रही है। इसलिए इसे भारत की वाणिज्यिक राजधानी कहा जाता है। पिछले दस सालों के आंकड़े बता रहे हैं कि वहां उद्योगों की स्थिति पहले से कहीं बेहतर है। इस दौरान जब सरकारों में बदलाव हुआ तो कुछ व्यवधान जरूर आया लेकिन स्थिति फिर से पहले जैसी हो गई। महाराष्ट्र की एक खासियत यह है कि इस राज्य ने बहुत बड़े पैमाने पर प्रवासियों को अपने यहां रोजगार दिया है और उन्हें बराबरी का दर्जा भी दिया जिससे वे भी फल-फूल सकें। लेकिन अभी राज्य में जिस तरह से जातिवादी आंदोलन शुरू कराया गया, वह इसके विकास के लिए ठीक नहीं है। उद्योगपति हमेशा शांतिपूर्ण तरीके से अपना काम करना चाहता है और किसी तरह के विवाद में नहीं पड़ना चाहता है। उद्योगों के सुचारु रूप से चलने के लिए यह पहली शर्त है। किसी भी तरह का राजनीतिक या बड़ा सामाजिक विवाद व्यवधान पैदा करता है जैसा हमने बिहार में देखा। वहां ये दोनों हुए और देश का एक संपन्न राज्य देश का सबसे पिछड़ा राज्य बन गया। राजनीतिज्ञों की दबंगई और आरक्षण आंदोलनों के कारण फैली कटुता ने राज्य को बर्बाद कर दिया। यह देखा जा रहा है कि राजनीतिज्ञ ही ज्यादातर मामलों में सामाजिक विवादों को सुलगाते हैं और बढ़ावा देते हैं। इससे राज्य के सामान्य जीवन पर भी असर पड़ता है और उसका असर काम-धंधे तक जाता है। हरियाणा में जाट और गैर-जाट का विवाद कोई नया नहीं है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसे खासी हवा दी गई जिससे राज्य में कई बार आंदोलन हुए और इसका असर उद्योग-धंधों पर भी पड़ा। जाट आरक्षण के नाम पर वहां बहुत उग्र आंदोलन हुए। इसका असर यह हुआ कि कई उद्योगपति, कारखानेदार और कारोबारी राज्य को छोड़कर उत्तराखंड चले गये जहां की सरकार ने आगे बढ़कर उनके लिए कई तरह के कन्सेशन दिये। हरियाणा में यूनियनों के भी उग्र आंदोलन हुए जिन्होंने राज्य के औद्योगिक विकास पर भी असर डाला। हरियाणा को इस बात का गौरव प्राप्त था कि वहां देश का सबसे बड़ा कार कारखाना स्थित है लेकिन यूनियनों के उग्र रूप के कारण कंपनी ने अपने विस्तार का काम रोक दिया। इन दोनों तत्वों के कारण राज्य में उद्योगों का लगना काफी कम हो गया। जातिवाद से हरियाणा को जो क्षति हुई उसका आकलन करना भी मुश्किल है। जब गुजरात में पाटीदारों का आंदोलन हुआ तो वहां भी 2015 में यह उग्र हो गया। सारे राज्य में इसकी आग फैल गई। हिंसा और तोड़फोड़ हुई। यह आंदोलन 2019 तक बदस्तूर चला और उसके दुष्परिणाम सबने देखे। उद्योग-धंधों पर असर तो पड़ा ही, समाज कई भागों में बंट गया जिससे काफी नुकसान हुआ। लेकिन बाद में राज्य सरकार ने केन्द्र के सहयोग से उस पर काबू पा लिया। अब तो गुजरात तेजी से आगे बढ़ता जा रहा है और कई बड़े कारखाने वहां लगे क्योंकि उद्योगपतियों को वहां का माहौल ठीक लग रहा है। यही बात तमिलनाडु पर भी लागू होती है जो देश का सबसे ज्यादा उद्योगों वाला राज्य है। वहां सत्ता के लिए राजनीतिज्ञ सभी तरह के तौर-तरीके तो अपनाते हैं लेकिन सड़कों पर उग्र ढंग से उतरने के लिए जनता को नहीं उकसाते हैं। वहां का कारोबारी माहौल कंपनियों खासकर विदेशी कंपनियों को रास आता है। दरअसल, उद्योग-धंधे लगाने के लिए एक खास किस्म का माहौल चाहिए होता है। अगर हम अतीत में जायें तो पायेंगे कि नब्बे के दशक में आर्थिक सुधारों की घोषणा के बाद हरियाणा में उद्योग लगाने वालों की कतार खड़ी हो गई थी। वहां के शांत माहौल और दिल्ली से नजदीक होने के कारण वहां कई छोटे-बड़े कारखाने लगे। विदेशी निवेश भी वहां खूब आया। यह सिलसिला चलता गया और इसी क्रम में एक मॉडर्न शहर गुड़गांव उभर कर सामने आया जहां रियल एस्टेट का कारोबार खूब फला-फूला। लेकिन अब कारखाने लगने बंद से हो गये हैं। संकीर्णता के आंदोलन और जमीन के बढ़ते भाव के कारण पूंजीपति पैसा लगाने को अब तैयार नहीं हैं। उन्हें लाने के लिए उन्हें इंसेंटिव देना और माहौल को सुधारना जरूरी है। लेकिन सुधारेगा कौन और सुधरेगा कैसे? इसके लिए तो राजनीतिज्ञों को सामने आना होगा। महाराष्ट्र में इस समय कई बड़े और छोटे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। उनमें से कई समाप्ति की ओर अग्रसर हैं। इस राज्य में काफी क्षमता है और यह एक्सपोर्ट का हब बन सकता है क्योंकि इसके पास सभी तत्व मौजूद हैं। समुद्र के तट पर यह राज्य बसा है और यहां कई बड़े तथा छोटे बंदरगाह भी हैं जो निर्यात के लिए उपयुक्त हैं। ऐसे में इस तरह के उद्योगों को बढ़ावा दिया जाये जो निर्यात योग्य सामग्री बनाते हों। ऐसा करना जरूरी है क्योंकि इससे न केवल राज्य के उद्योगों का ग्राफ बढ़ेगा बल्कि रोजगार भी।

आप का नजरीया

# जन प्रतिनिधियों पर मुकद्दमे

**एसोसिएशन** फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक 16 वर्तमान सांसदों और 135 विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध के केस दर्ज हैं। इनमें दो सांसदों और 14 विधायकों पर दुष्कर्म के मामले चल रहे हैं। बंगाल के सबसे अधिक जनप्रतिनिधि ऐसे मामलों का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों ने अपने चुनावी हलफनामों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की घोषणा की है। एडीआर ने 2019 और 2024 के बीच चुनावों के दौरान चुनाव आयोग को सौंपे गए मौजूदा सांसदों और विधायकों के 4,809 हलफनामों में से 4,693 की जांच की। बंगाल के सबसे अधिक 25 सांसद व विधायक महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित आरोपों का सामना कर रहे हैं। इस मामले में 17 सांसदों-विधायकों के साथ ओडिशा दूसरे पायदान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, 16 मौजूदा सांसद और विधायक हैं जिन्होंने आइपीसी की धारा 376 के तहत दुष्कर्म से संबंधित मामले घोषित किए हैं। ऐसे मामलों में न्यूनतम 10 साल की सजा का प्रावधान है और इसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। आरोपों में एक ही पीड़िता के खिलाफ बार-बार अपराध करना भी शामिल है, जो इन मामलों की गंभीरता को और दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे मामले सर्वाधिक भाजपा प्रतिनिधियों के हैं। एडीआर ने कई सिफारिशें भी जारी की हैं। उसके मुताबिक, राजनीतिक दलों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज करना चाहिए, खासकर उन लोगों को जिन पर दुष्कर्म व महिलाओं के खिलाफ अन्य संगीन अपराधों के आरोप हैं। रिपोर्ट में सांसदों व विधायकों के खिलाफ अदालती मामलों की जल्द सुनवाई करने और पुलिस द्वारा पेशेवर व गहन जांच सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। भाजपा और कांग्रेस के पांच-पांच विधायकों पर दुष्कर्म के आरोप हैं। एडीआर ने मतदाताओं से भी ऐसे आरोपों वाले उम्मीदवारों को न चुनने का आग्रह किया है। भारत की राजनीति और राजनेताओं को लेकर चुनाव आयोग के प्रमुख रहे टी.एन शेषन अपनी पुस्तक 'भारत पतन की ओर' में लिखते हैं 'भारत में राजनीति और राजनेताओं के चरित्र में गिरावट अब स्पष्ट, आंतरिक और हिंसक स्तर तक पहुंच गई है। राजनेता अब मात्र लूट से संतुष्ट नहीं होते, वे बहुत पुरानी विदेशी आक्रमणकारियों की शैली को अपनाते हैं-यहां के वतनी को लूटो और उसके बीवी-बच्चों को दास बना लो। हमने इसका एक उदाहरण हाल में ही, नवम्बर 1994 में देखा जब भारत का ध्यान और निश्चयपूर्वक इसके प्रमुख राजनैतिक दलों का ध्यान कर्नाटक और आन्ध्रप्रदेश, सिक्किम तथा गोवा में विधानसभाओं के चुनावों पर केन्द्रित था। बिहार में जनता दल का एक नेता पकड़े जाने के भय से बिहार से गायब था। यह व्यक्ति जो राज्य विधानसभा का सदस्य था, एक सोलह वर्ष की लडक़ी के अपहरण और बलात्कार के मामले में पुलिस द्वारा खोजा जा रहा था। यह मामला सुर्खियों में इसलिए नहीं आया कि इसमें एक नेता फंसा था अपितु इसलिए किं उस महिला ने इसमें साहस दिखाया।



# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बड़ा हमला, लोगों को बसों से उतार गोलियों से भूना, 23 की मौत

**क्वेटा।**

पाकिस्तान में बलूचिस्तान के मुसाखाइल जिले के राराशम इलाके में सोमवार सुबह दर्जनभर से ज्यादा सशस्त्र संदिग्ध आतंकवादियों ने 23 लोगों को बसों और ट्रकों से उतार-उतारकर गोलियों से भून दिया। हमलावरों ने इन सभी लोगों को वाहनों से नीचे उतारा। फिर उनके नाम-पते पूछे। इसके बाद सभी को गोली मार दी। सूत्रों के अनुसार स्थानीय पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने घटना की पुष्टि की है।

मुसाखाइल के सहायक आयुक्त नजीब काकर ने कहा है कि हथियारबंद लोगों ने जिले के राराशम इलाके में अंतर-प्रांतीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और कई बसों से यात्रियों को उतार लिया। तीन मृतक बलूचिस्तान और बाकी पंजाब प्रांत के रहने वाले हैं। एसी कक्कड़ ने कहा है कि हथियारबंद लोगों ने 10 वाहनों में भी आग लगा दी। उन्होंने बताया कि पुलिस और लेवी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। शवों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। यह हमला किसने किया, अभी तक यह साफ नहीं हो सका है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल इस तरह का यह दूसरा हमला है। अप्रैल में बलूचिस्तान के नोशकी शहर के पास नौ यात्रियों को एक बस से उतार दिया गया। बंदूकधारियों ने उनके आईडी कार्ड देखने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी ने कहा कि निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या पूरी मानवता की हत्या है। प्रधानमंत्री ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को घटना की तुरंत जांच करने का भी निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा है, इस घटना के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गुटेरेस ने हिजबुल्लाह और इजरायल से की तनाव कम करने की अपील



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इजरायल और हिजबुल्लाह से कहा है कि क्षेत्र में तत्काल तनाव कम करे नहीं तो सुरक्षा और स्थिरता का खतरा पैदा हो सकता है। उनके एक प्रवक्ता ने ये जानकारी दी है। रविवार को दोनों पक्षों में फिर से टकराव बढ़ गया, जब इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हवाई हमले किए और हिजबुल्लाह ने भी रॉकेट हमलों से जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि ब्लू लाइन के पार गोलीबारी में वृद्धि से महासचिव बहुत चिंतित हैं। इन कार्रवाइयों ने लेबनान और इजरायल दोनों को खतरे में डाल दिया है, साथ ही क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को भी खतरा है। ब्लू लाइन एक सीमा रेखा है जो इजरायल और लेबनान को अलग करती है। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) के साथ 895 भारतीय शांति सैनिक तैनात हैं, जो यहां गश्त करते हैं। महासचिव ने तत्काल तनाव कम करने तथा सभी पक्षों से दुश्मनी समाप्त करने तथा सुरक्षा परिषद के संकल्प 1701 को पूरी तरह से लागू करने का आह्वान किया है। यूनिफिल तथा लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक कार्यालय (यूएनएससीओएल) ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा कि प्रस्तावों को लागू करना आगे बढ़ने का एकमात्र स्थायी तरीका है। दोनों यूएन संगठनों ने कहा कि ब्लू लाइन पर चिंताजनक घटनाक्रमों के मद्देनजर, यूएनएससीओएल तथा यूनिफिल सभी से संघर्ष विराम करने तथा आगे और अधिक आक्रामक कार्रवाई से बचने का आह्वान करते हैं। उनके बयान में कहा गया है कि हम तनाव कम करने के लिए अपने संपर्क जारी रखेंगे। यूनिफिल के साथ तैनात भारतीय शांति सैनिक इजरायल तथा हिजबुल्लाह के बीच टकराव में फंस गए हैं। हिजबुल्लाह एक शिया मुस्लिम पार्टी है, जिसके पास अपनी खुद की मजबूत मिलिशिया है, और यह दक्षिणी लेबनान में स्थित है।

### बांग्लादेश में बारिश और बाढ़ ने बरपाया कहर, 50 लाख लोग हुए प्रभावित



**ढ़ाका।** बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद भड़की हिंसा में सैकड़ो लोगों ने जान गंवा दी है। अब यहां बाढ़ और बारिश का कहर बरप रहा है। अब तक बाढ़ की वजह से 20 लोग जान गवा चुके हैं। वहीं, 50 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ के पानी के कारण लोगों को भोजन, स्वच्छ पानी, दवा और सूखे कपड़ों की तत्काल आवश्यकता है, विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में जहां सड़कें अवरुद्ध होने के कारण बचाव और राहत कार्य बाधित हो रहे हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि लगातार मानसूनी बारिश और नदियों के उफान के कारण बांग्लादेश में आई बाढ़ से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है और 5 ।2 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के पानी ने कई लोगों को अलग-थलग कर दिया है और उन्हें भोजन, स्वच्छ पानी, दवा और सूखे कपड़ों की तत्काल आवश्यकता है, खासकर दूरदराज के इलाकों में जहां अवरुद्ध सड़कों ने बचाव और राहत प्रयासों में बाधा उत्पन्न की है।

### ताकतवर दुश्मन एवं विरोधियों को टारगेट करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा चीन



**बीजिंग।** स्थानीय युद्ध जीतने के अपने दशकों पुराने सिद्धांत से हटकर चीनी सेना अब ताकतवर दुश्मनों और विरोधियों के खिलाफ युद्ध जीतने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। चीन के शीर्ष रक्षा अधिकारी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब चीन, अमेरिका सहित कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि नई यात्रा में, हमें ताकतवर दुश्मनों और विरोधियों को हराने के लिए क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी चिनपिंग ने सेना को देश की संप्रभुता और विकास हितों की रक्षा के लिए अपनी रणनीतिक क्षमता में सुधार के निर्देश दिए हैं। माओत्से तुंग युग के बाद देश का पुनर्निर्माण करने वाले शीर्ष नेता और आधुनिक चीन के वास्तुकार के रूप में जाने जाने वाले डेंग जियाओपिंग की 120वीं जयंती के मौके पर चिनपिंग ने न केवल सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी और देश के लिए उनके योगदान की तारीफ की, बल्कि आधुनिक सेना तैयार करने के उनके दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि डेंग ने चीनी सेना पीएलए को एक मजबूत, आधुनिक और सुसंगठित बल बनाने और कम लेकिन बेहतर सैनिक रखने की जरुरत को रेखांकित किया था।

रूस-यूक्रेन युद्ध जारी, जान-माल का भारी नुकसान

# यूक्रेन ने रूस की सबसे ऊंची इमारत पर दागा ड्रोन, रूस ने भी दिया मुंहतोड़ जवाब

**लोगों को वर्ल्ड ट्रेड टावर की आई याद**




**मास्को/कीव।**

रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग दिन-महीना और साल गुजरने के साथ-साथ और आक्रामक होती जा रही है। यूक्रेन ने सोमवार को रूस के सारातोव शहर की सबसे ऊंची इमारत (वोल्गा स्काई) को ड्रोन से निशाना बनाकर दुनिया को 9/11 की याद के भयावह मंजर की याद दिला दी। वोल्गा स्काई 38 मंजिला इमारत है। दूसरी तरफ रूस ने भी यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमले कर कीव की नींद उड़ा दी है।

सारोतोव शहर के गवर्नर रोमन बसुरगिन ने टेलीग्राम मैसेंजर ऐप पर जानकारी दी कि इस ड्रोन हमले में एक महिला घायल हो गई है। वोल्गा स्काई पर हमले का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें ड्रोन वोल्गा स्काई से टकराता दिख रहा है। गनीमत यह रही कि वोल्गा स्काई इमारत को आग नहीं लगी। इस बीच रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने सारातोव क्षेत्र में दुश्मन के नौ ड्रोन नष्ट कर दिए। इस हमले के बाद सारोतोव शहर के एयरपोर्ट पर हवाई जहाजों की उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। हालांकि कुछ घंटे बाद प्रतिबंध हटा दिया गया।

रूस पर हमले से एक दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा था कि उनकी सेना रूस के कुर्स्क क्षेत्र में तीन किलोमीटर तक आगे बढ़ गई है।




रूस की दो और बस्तियों पर नियंत्रण कर लिया है। इस बयान के बाद रूस ने रात को उत्तरी और पूर्वी यूक्रेन को निशाना बनाकर कई मिसाइलें और ड्रोन दागे। कहा जा रहा है कि इन हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। इससे उलट रूस के सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोद में यूक्रेन की गोलाबारी में पांच लोगों की मौत हो गई।

'द कीव इंडिपेंडेंट' की रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने समूचे यूक्रेन में बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। कीव में तेज धमाके सुने गए हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा कि सोमवार को बड़े पैमाने पर रूसी हवाई हमले के बाद कीव के कुछ हिस्सों में बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हो गई। यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा उत्पादक डीटीईके ने कहा कि वह हमलों के बाद आपातकालीन बिजली कटौती शुरू कर रही है।

रूस और यूक्रेन युद्ध दो साल से अधिक समय से जारी है। यह जंग दूर-दूर तक थमती नजर नहीं आ रही। रूस ने एक बार फिर हमले तेज कर दिए हैं। सोमवार तड़के कीव और यूक्रेन के अन्य शहरों में विस्फोट सुने गए। खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव के अनुसार, वहां भी विस्फोट हुए। यूक्रेन की सेना ने कहा है कि हमले आधी रात के आसपास शुरू हुए, जो सुबह तक जारी रहे।

# नदी में गिरी बस को आठ घंटे की मशक्कत के बाद निकाला



**काठमांडू।**

मार्स्यांगदी नदी में गिरी भारतीय नंबर वाली बस को आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार निकल लिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त बस को नदी से निकलने के लिए सुबह से ही मुगलिन-अम्बुखैरेनी सड़क खंड को बंद रखा गया था। वैसे तो इस सड़क खंड को पहले सोमवार सुबह साढ़े तीन घंटे के लिए बंद किया गया था, लेकिन इसे आठ घंटे के बाद बस निकलने के बाद ही खोला जा सका।

जिला पुलिस कार्यालय तनहुं के प्रवक्ता दीपक कुमार राय ने बताया कि शुरू में लगा कि तीन चार घंटे में बस को निकाल लिया जाएगा। लेकिन बाद में दो क्रेन का इस्तेमाल कर बस को निकलने में सफलता मिली। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा कल ही सूचना प्रकाशित कर चार घंटे तक सड़क बंद रहने की जानकारी दी गई थी। लेकिन आठ घंटे तक सड़क बंद रहने से दोनों तरफ काफी लंबा

**दुर्घटना में घायल हुए 16 में से 7 लोगों को सोमवार को ही विमान से भेजा मुंबई**

ट्रैफिक जाम लग गया था। निर्धारित समय से अधिक समय तक सड़क बंद करने से यात्री फंसे रहे। हालांकि प्रशासन के तरफ से दोनों तरफ इमरजेंसी के लिए एंबुलेंस खड़ी की गई थी।

उल्लेखनीय है क 23 अगस्त को पोखरा से भारतीय तीर्थयात्रियों को लेकर भारतीय नंबर की एक बस काठमांडू आ रही थी, जो अंबुखैरेनी में मार्स्यांगदी नदी में गिरी गई। इस दुर्घटना में 27 लोगों की मौत हो गई। शवों को भारत ले जाया गया और घायलों का इलाज काठमांडू में किया जा रहा है। 16 घायलों को काठमांडू के मेडिकल कालेज में उपचार किया जा रहा था जिनमें से 7 को ही 4 बजे विमान से मुंबई भेजा गया।

पुख्ता निर्णय नहीं लेने की वजह

# शक्तिशाली देश अमेरिका से भी सीधी दुश्मनी नहीं चाहता ईरान

**तेहरान।**




इजरायल-हमास के बीच जबसे हिजबुल्लाह ने एंट्री मारी है तबसे मिडिल ईस्ट में और टेंशन बढ़ गया है। रविवार को हिजबुल्लाह ने इजरायल पर ताबड़तोड़ अटैक किया। इससे पहले भी कई बार हिजबुल्लाह इजरायल पर हमला कर चुका है। लेकिन सवाल है कि आखिर ईरान इस जंग में सीधे तौर पर क्यों नहीं शामिल हो रहा है। क्या उसे किसी बात का डर है या फिर वह रूस की तरह युद्ध का इल्जाम अपने सिर पर नहीं लेना चाहते हैं।

बता दें कि पूरी दुनिया हिजबुल्लाह को आतंकी संगठन मानता है। ईरान हिजबुल्लाह से हमला कराकर दुनिया को यह जताना चाहता है कि वह यह हमला खुद नहीं कर रहा है हिजबुल्लाह से करवा रहा है। वहीं ईरान अमेरिका से भी सीधी दुश्मनी नहीं चाहता है। क्योंकि अमेरिका शुरू से ही हमास युद्ध में इजरायल के साथ खड़ा है। ऐसे में ईरान के पास अपने आप को बचाने और खुद को मिडिल ईस्ट में स्थापित रखने के लिए हिजबुल्लाह से हमला करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। ऐसे में ईरान हिजबुल्लाह का सहारा लेकर इजरायल पर हमला बोल रहा है।रूस-यूक्रेन जंग में रूस ने सीधा यूक्रेन पर हमला कर दिया। इसके बाद पूरी दुनिया ने इस जंग की जिम्मेदारी रूस के राष्ट्रपति पुतिन पर थोप दी। इसके साथ ही अमेरिका से लेकर यूरोपीय देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए। हालांकि ईरान और यूरोपीय देशों के बीच पहले से ही तनाव है। लेकिन सीधे जंग की तोहमत से ईरान अभी तक बचा हुआ है। साथ ही अन्य देशों से सीधी दुश्मनी से भी बचा हुआ है।

# थाईलैंड में होने वाला बिम्स्टेक शिखर सम्मेलन फिलहाल स्थगित, बाद में होगी तय नई तारीख

**थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने संबंधित सभी देशों को पत्र लिखकर फिलहाल शिखर सम्मेलन को आयोजित करने में असमर्थता जताई**




**काठमांडू।**

थाईलैंड में नए राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच 18-19 अगस्त को बैंकॉक में होने वाला छठा बिम्सटेक शिखर सम्मेलन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने संबंधित देशों को पत्र लिखकर फिलहाल शिखर सम्मेलन को आयोजित करने में असमर्थता जताई है। पत्र में कहा गया है कि बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों के कारण बिमस्टेक शिखर सम्मेलन का आयोजन संभव नहीं है। नई तारीख का ऐलान सभी सदस्य देशों के साथ परामर्श के बाद किया जाएगा।

नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत राई ने कहा कि शिखर सम्मेलन के स्थगित होने की आधिकारिक जानकारी मिल गई है। विदेश मंत्रालय को मिले पत्र में बिम्स्टेक शिखर बैठक की नई तारीख का ऐलान भी सदस्य देशों से चर्चा के बाद तय किए जाने की बात उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 जुलाई को थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने नैतिक उल्लंघन के मामले में प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को बर्खास्त कर दिया था। इसी के साथ ही बिम्स्टेक सम्मेलन को लेकर संशय बरकरार था। उसके बाद 32 वर्षीया पेटोंगटार्न शिनवात्रा प्रधानमंत्री बनी। वह पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की बेटी हैं। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने पत्र में कहा कि नई सरकार के गठन के साथ आवश्यक संसदीय और कानूनी प्रक्रियाओं के कारण बिम्सटेक शिखर सम्मेलन समय पर आयोजित नहीं किया जा सकता है। हालांकि, नेपाल सरकार ने सम्मेलन में भाग लेने की तैयारी कर ली थी लेकिन अब इसे रोक दिया गया है।

बिम्स्टेक में नेपाल को 2004 में सदस्यता मिली थी। नेपाल के साथ बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, श्रीलंका और थाईलैंड बिम्स्टेक के सदस्य हैं। बिम्स्टेक अपनी स्थापना के 26 साल बाद 2022 में एक चार्टर लेकर आया था।

बांग्लादेश में अभी भी जारी हैं हिंसक वारदातें : छात्रों से झड़प, हिंसा में कम से कम 40 घायल

# सचिवालय में अधिकारियों को बंधक बनाया, सेना पहुंची तब छुड़ाया

**ढाका।**

बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने के बावजूद अशांति का ज्वालामुखी ठंडा नहीं पड़ा है। रविवार को भी राजधानी ढाका में शाम से रात तक हिंसक प्रदर्शन होते रहे। अंतरिम सरकार में शामिल भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के नेताओं के साथ अंसार सिक्योरिट एजेंसी के वर्करों से टकराव के चलते हालात गंभीर हो गए। अंसार सिक्योरिटी एजेंसी को हसीना समर्थक माना जाता है। नियमिति किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अंसार एजेंसी के वर्करों ने सचिवालय के कई अधिकारियों को बंधक बना लिया। इस दौरान हुई हिंसा में कम से कम 40 लोग घायल हो गए।

बांग्लादेशी सूत्रों के अनुसार, सचिवालय के पास शाम बाद छात्रों और अंसार सदस्यों के बीच हुई हिंसा में भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के नेता हसनत अब्दुल्ला घायल हो गए। डीएमसीएच पुलिस चौकी प्रभारी इंस्पेक्टर बच्चू मिया ने पुष्टि की कि उन्हें ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर ने कहा कि झड़पों में छात्रों, अंसार सदस्यों, राहगीरों और पत्रकारों सहित कम से कम 40 लोग घायल हुए हैं।

जैसे-जैसे रात चढ़ी, वैसे-वैसे सचिवालय के पास छात्रों और अंसार सदस्यों के बीच झड़पें तेज होती गईं। रात नौ बजे के बाद तो दोनों एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ा कर दबोचने लगे। हालात अनियंत्रित होते ही रात करीब 10 बजे सेना पहुंची। सैनिकों की मौजूदगी के बावजूद छात्रों और अंसार सदस्यों के बीच गोलीबारी होती रही। पुलिस ने भीड़



को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया।

इसके बाद, अंसार के अधिकांश सदस्य जीरो प्वाइंट से बाहर निकल गए। सचिवालय के आसपास का क्षेत्र तब हजारों छात्रों के नियंत्रण में आ गया। सचिवालय के गेट पर सेना के जवान तैनात किए गए। छात्र किसी भी साजिश का विरोध करने की कसम खाते हुए नारे लगाते रहे। ढाका विश्वविद्यालय के छात्र अतीक हुसैन ने कहा कि अंसार सदस्यों की शुरुआती मांगें पूरी कर दी गई थीं, लेकिन अब वे एक अनुचित मांग के साथ स्थिति को जटिल बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यों के पीछे कोई साजिश हो सकती है, खासकर देश में चल रहे संकट को देखते हुए। रात करीब साढ़े दस बजे सलाहकार नाहिद इस्लाम और आसिफ महमूद सचिवालय से बाहर आए और उत्तेजित छात्रों से शांत रहने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि उन पर हमला करने वाले अंसार सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले दिन में ढाका विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों के छात्रों ने सचिवालय तक मार्च किया। इसके बाद राजू मेमोरियल स्कल्पचर पर जुटे। इस दौरान छात्रों को सूचना मिली कि अंसार सदस्यों ने अंतरिम सरकार में सलाहकार और भेदभाव विरोधी छात्रों के आंदोलन के समन्वयक नाहिद इस्लाम को सचिवालय में समन्वयक सरजिस आलम, हसनत अब्दुल्ला और अन्य के साथ हिरासत में ले लिया। इसके बाद हिंसक झड़प शुरू हो गई।

हसनत अब्दुल्ला ने फेसबुक पोस्ट में प्रदर्शनकारी अंसार सदस्यों की मांगें पूरी होने के बावजूद सचिवालय की लगातार नाकाबंदी के लिए अंसार के पूर्व महानिदेशक मेजर जनरल एकेएम अमीनुल हक को दोषी ठहराया। हसनत ने सभी से ढाका विश्वविद्यालय में राजू मेमोरियल मूर्तिकला के सामने इकट्ठा होने का भी आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि एकेएम अमीनुल हक पूर्व जल संसाधन उप मंत्री एकेएम इनामुल हक शमीम के बड़े भाई हैं।

अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी से आश्वासन मिलने के बाद अंसार सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया।

# श्रीमद्भागवत के शाश्वत मंत्रों के माध्यम से श्रीकृष्ण ने दी नई संजीवनी : मुख्यमंत्री योगी

**-जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे मुख्यमंत्री योगी**

**-सीएम ने कान्हा का किया दर्शन-पूजन, चरणों में निवेदित की श्रद्धा**

**मथुरा, (हि.स.)।** श्रीकृष्ण के 5251वें जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीकृष्ण के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित करते हुए दर्शन-पूजन किया। सीएम ने जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान से प्रदेशवासियों को संबोधित भी किया। जबकि सीएम योगी ने बीती रात वृंदावन बांकेबिहारी महाराज के चरणों में हाजिरी लगाकर पूजा अर्चना की।





**श्रीकृष्ण ने किया सत्य, धर्म व न्याय की स्थापना का कार्य** – मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व है। 5251 वर्ष पूर्व श्री हरि भगवान विष्णु के पूर्ण अवतार के रूप में लीलाधरी भगवान श्रीकृष्ण ने मां देवकी व वसुदेव के सुपुत्र के रूप में इस धरा धाम पर अवतरित होकर धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना का कार्य द्वापर युग में पूर्ण करके श्रीमद्भागवत के शाश्वत मंत्रों के माध्यम से नई संजीवनी दी।

**प्रभु से की कामना, बरसती रहे सुख-समृद्धि** – योगी ने कहा कि यही कामना करता हूं कि प्रभु की कृपा से देश व प्रदेश पर सुख, समृद्धि बरसती रहे। पांच हजार वर्ष पूर्व उन्होंने धर्म के पथ का अनुसरण करने, सत्य व न्याय की संदेश दिया था, उस मार्ग का अनुसरण करते हुए हम सभी लोकमंगल व राष्ट्रमंगल के अभियान के प्रति पूर्ण समर्पण भाव के साथ कार्य कर सकें। प्रभु आपको इतनी शक्ति दें कि व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक व राष्ट्रीय जीवन मंगलमय व शुभ हो। आप सभी मिलकर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए तैयार हो सकें। सीएम ने श्रीकृष्ण कन्हैया लाल की जय, वृंदावन बिहारी लाल की जय, राधे रानी की जयकार लगवाकर अपनी बात समाप्त् की।

**सीएम ने किए श्रीकृष्ण के दर्शन** – श्रीकृष्ण के 5251वें जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीकृष्ण के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित करते हुए दर्शन-पूजन किए। सीएम ने यहां कान्हा को पंचामृत स्नान कराया व भोग प्रसाद अर्पित किया। सीएम ने गर्भ गृह में भी दर्शन किया। गर्भ गृह को कारागार के रूप में सजाया या। फिर मंदिर प्रांगण का अवलोकन किया। इस दौरान पूरा प्रांगण हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की गूंज से गुंजायमान हो गया। बता दें कि रविवार को जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर सीएम ने वृंदावन पहुंचकर बांके बिहारी के दर्शन-पूजन किया था।

**सीएम ने उप्र सरकार की तरफ से श्रद्धालुओं का किया स्वागत** – सीएम योगी ने कहा कि आज जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सभी श्रद्धालुजन यहां पर दर्शनार्थ आए हैं। मैं उत्तर प्रदेश सरकार व जनता-जनार्दन की तरफ से सभी का अभिनंदन व स्वागत करता हूं। प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हृदय से बधाई देता हूं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, प्रभारी मंत्री संदीप सिंह, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, राजेश चौधरी, ठाकुर मेघश्याम, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी गण मौजूद रहे।

**सीएम योगी ने लगाया एक पेड़ मां के नाम** – सीएम योगी आदित्यनाथ ने पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 के तहत पौधरोपण किया। सोमवार को सीएम ने वेटनरी कॉलेज के अशोका अतिथि गृह परिसर में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। इसके पहले सीएम ने लखनऊ, प्रयागराज व गोरखपुर में 20 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम लगाया था।

## गेस्ट हाउस कांड को याद कर मायावती बोली सपा ने मुझ पर करवाया हमला, कांग्रेस चुप रही

**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गेस्ट हाउस कांड को याद करते समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 2 जून 1995 में समर्थन वापस लेने पर सपा ने मुझ पर जानलेवा हमला कराया था। उस दौरान केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने भी समय से अपना दायित्व नहीं निभाया। इस पर कांग्रेस कभी क्यों नहीं बोलती है। मायावती ने कहा कि उस समय सपा के आपराधिक तत्वों से भाजपा सहित समूचे विपक्ष ने मानवता व इंसानियत के नाते मुझे बचाने में दायित्व निभाया है, तो कांग्रेस को बीच-बीच में तकलीफ क्यों होती है। लोग इससे सचेत रहें। बसपा प्रमुख ने कहा कि उस वक्त केंद्र की कांग्रेस सरकार की भी नीयत खराब हो चुकी थी, जो कुछ भी अनहोनी के बाद यूपी में राष्ट्रपति शासन लगाकर पर्दे के पीछे अपनी सरकार चलाना चाहती थी। जिनका यह षडयंत्र बसपा ने फेल कर दिया था। इसके इलावा, बसपा वर्षों से जातीय जनगणना के लिए पहले केन्द्र में कांग्रेस और अब भाजपा पर अपना पूरा दबाव बना रही है, पार्टी वर्षों से इसकी पक्षधर रही है।



लेकिन जातीय जनगणना के बाद क्या कांग्रेस एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों का वाजिब हक दिला पायेगी? जो एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर को लेकर अभी भी चुप्पी साधे हुए है, जवाब दे।

**राजनीति से संन्यास लेने का सवाल नहीं** – मायावती ने कहा कि सक्रिय राजनीति से मेरा संन्यास लेने का कोई सवाल पैदा नहीं होता। जबसे पार्टी ने आकाश आनन्द को मेरे ना रहने पर या अस्वस्थ विकट हालात में उसे बसपा के उत्तराधिकारी के रूप में आगे किया है, तबसे जातिवादी मीडिया ऐसी फेक न्यूज प्रचारित कर रहा है, जिससे लोग सावधान रहें। हालाँकि पहले भी मुझे राष्ट्रपति बनाए जाने की अफवाह उड़ाई गयी, जबकि कांशीराम ने ऐसे ही आफर को यह कह कर ठुकरा दिया था कि राष्ट्रपति बनने का मतलब सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना है, जो पार्टी हित में उन्हें गवारा नहीं था, तो फिर उनकी शिष्या को यह स्वीकारना कैसे संभव है?

## सिर्फ फूट डालने की फिराक में राहुल गांधी, कांग्रेस शासित राज्यों में क्यों नहीं कराते जातिगत जनगणना : स्वाती सिंह

**लखनऊ, (हि.स.)।** राहुल गांधी सिर्फ अंग्रेजों द्वारा अपनायी गयी फूट डालो, राज करो की नीति पर काम कर रहे हैं। उनको किसी जाति से कुछ भी लेना-देना नहीं है। यदि वे जातिगत जनसंख्या ही जानना चाहते हैं तो कांग्रेस शासित राज्यों में उन्होंने जनगणना क्यों नहीं करायी। अपनी जाति क्यों नहीं बताते हैं। यदि वे अपनी जाति नहीं बताते तो फिर दूसरों से पूछने की अपेक्षा कैसे करते हैं। ये बातें उप्र सरकार की पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वाती सिंह ने कही। वे राहुल गांधी द्वारा बार-बार उठाये जा रहे जातिगत जनगणना के मुद्दे पर सोमवार को जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को देश के हित से कोई मतलब नहीं है। उनको सिर्फ सत्ता की भूख है। वे किसी भी तरह से सत्ता पर काबिज होना चाहते हैं। यही कारण है कि जब उन्हें कोई रास्ता नहीं मिला तो वे जातिगत आधार पर लोगों के बीच झगड़ा लगाना चाहते हैं। यदि वे जातिगत जनगणना भी कराना चाहते हैं तो उन्होंने कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश में क्यों नहीं जातिगत जनगणना कराते हैं। स्वाती सिंह ने कहा कि इससे पहले राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस का शासन था, लेकिन उन्होंने वहां कभी जातिगत जनगणना कराने की नहीं सोची। यदि वे वास्तव में जातिगत जनगणना कराना चाहते तो उन्हें बिहार की तरह राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल में पहले जातिगत जनगणना कराकर एक नजीर पेश करना चाहिए था। स्वाती सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की छल करने वाली नीति को जनता समझ चुकी है। यही कारण है कि लाख कोशिशों के बावजूद, छल का सहारा लेने के बाद भी वे लोकसभा में सैकड़ा तक नहीं पहुंच पाए। आने वाले दिनों में उनकी झुठी गारंटी का जवाब जनता अवश्य देगी। इसके साथ ही उप्र में समाजवादी पार्टी को भी जनता सबक सिखाएगी। स्वाती सिंह ने कहा कि एक तरफ नरेंद्र मोदी भारत की एकता कायम रखने के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और इंडी गठबंधन इसके बिखंडन का कुचक्र रच रहा है। भारत का विकास इंडी गठबंधन को पच नहीं रहा है। यही कारण है कि इंडी गठबंधन के लोग तरह-तरह के कुचक्र का सहारा लेते हैं।



## टाटानगर-हटिया और हटिया-खड़गपुर ट्रेनों का परिचालन 31 तक प्रभावित

**रांची, (हि.स.)।** राज्य से चलने वाली कुछ ट्रेनें 31 अगस्त तक प्रभावित रहेंगी। क्योंकि, दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। रांची रेल मंडल के मुताबिक, ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 28, 30 और 31 अगस्त को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मुरी होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुर, हटिया, खड़गपुर एक्सप्रेस 29 अगस्त को आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन और आंशिक प्रारम्भ होगा। इन ट्रेनों का आद्रा, हटिया, आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।




## मोतिहारी में आपरेशन के दौरान युवक के पेट से निकला चाबी का गुच्छा और नेलकटर

**पूर्वी चंपारण, (हि.स.)।** जिले में हैरान करने वाली खबर सामने आई है। जहां एक युवक के पेट में दर्द की शिकायत के बाद जब एक्स-रे करवाया तो प्लेट को देखकर डाक्टर हैरान रह गये।उस युवक के पेट में लोहे का सामान दिख रहा था। डॉक्टर ने परिजनो को ऑपरेशन कराने की सलाह दी। जब परिजन तैयार हुए तब डॉक्टरों की टीम ने युवक के पेट का ऑपरेशन किया तो उसमें से जो निकला उसे देखकर डॉक्टर ही नही बल्कि सभी हैरान रह गये। युवक के पेट से चाकू-चाबी का गुच्छा और नेल कटर निकाला गया। पेट के अंदर से लोहे का सामान मिलने से परिजन भी दंग रह गये। अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों के परिजन जब यह बात जाने तो यह सोचने पर मजबूर हो गये कि यह कैसे हुआ? युवक की मां ने बताया कि वो मोतिहारी के चांदमारी इलाके में रहती हैं उनका बेटा यश मानसिक रूप से बीमार है। उसे लोहे खाने की आदत थी लेकिन इसकी जानकारी मां को भी नहीं थी। उसके घर में गोदरेज का जो आलमीरा है उसका चाबी अचानक गायब हो गया था। नाखून काटने वाला नेलकटर भी नहीं मिल रहा था। मां ने चाबी और नेलकटर काफी ढूंढा लेकिन उसका पता नहीं चल सका। फिर एक दिन बेटे के पेट में लगातार दर्द शुरू हो गया। पहले तो लगा कि गैस के कारण पेट दर्द कर रहा है लेकिन जब गैस की दवा और पेट दर्द की दवा देने का बाद भी दर्द कम नहीं हुआ तब मां उसे लेकर मोतिहारी के डॉक्टर अमित कुमार के पास पहुंची जहां डॉक्टर ने जब पेट का एक्सरे करवाया तो प्लेट में जो कुछ दिखा उसे देखकर डॉक्टर अमित भी हैरान रह गये। उन्होंने तुरंत पेट का ऑपरेशन कराने की सलाह युवक की मां को दी। जिसके बाद परिजन पेट के ऑपरेशन के लिए तैयार हुए। जब डॉक्टरों की टीम ने पेट का ऑपरेशन किया तो पेट में फंसे चाबी का गुच्छा, चाकू, नेलकटर को बाहर निकाला गया। ऑपरेशन के बाद युवक के पेट का दर्द कम हुआ। अब उसकी हालत पहले से काफी बेहतर है। युवक के परिजनो के अनुसार पीड़ित लड़का को मोबाइल पर पबजी खेलते खेलते मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गया है।



## आकाशीय बिजली की चपेट में आई बालिका समेत दो पशुओं की मौत



**मीरजापुर, (हि.स.)।** जनपद के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लायन पहाड़ी पर रविवार की शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक बालिका समेत दो पशुओं की झुलसकर मौत हो गई। लायन पहाड़ी निवासी दिनेश कुमार कोल की पुत्री आकांक्षा (11) रविवार की देर शाम अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी दौरान गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर पड़ी। उसकी चपेट में आने से आकांक्षा की मौत हो गई। बिजली गिरने से दिनेश कोल के भैंस की दो पड़िया भी झुलसकर मर गईं। परिजनों ने बताया कि घर के सभी लोग काम में व्यस्त थे। बारिश की आशंका पर आकांक्षा भैंस की पड़िया खूंटे से खोलने गई थी। उसी दौरान तेज बारिश के साथ अचानक बिजली गिरने से उसकी चपेट में आ गई व उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ड्रमंडगंज अरविंद सरोज ने बताया कि बिजली गिरने से बालिका की मौत हो गई है। मामले में शव कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

## झारखंड में अलकायदा मॉड्यूल के संदिग्ध बबलू खान से ईडी की पूछताछ

**रांची (झारखंड), (हि.स.)।** अलकायदा के संदिग्ध आतंकी डॉक्टर इश्तियाक के करीबी बबलू खान से सोमवार को रांची के हिनू स्थित ईडी ऑफिस में अधिकारियों ने उससे पूछताछ शुरू कर दी है। अलकायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के मॉडयूल से जुड़े केस में संदिग्ध आतंकी डॉ इश्तियाक अहमद के तार जमीन घोटाले के आरोपितों से जुड़े हैं या नहीं, ईडी इसका पता लगा रही है। ईडी ने जमीन घोटाले में जेल में बंद अफसर खान के भाई और जेल में बंद ताल्हा खान के ससुर बबलू खान को समन किया था। बबलू खान के अस्पताल से इश्तियाक के जुड़े होने की बात सामने आई है। इनकी पारिवारिक रिश्तेदारी भी है। जमीन घोटाले से अर्जित राशि से आतंकी संगठन को फंडिंग हुई या नहीं, ईडी इसकी भी जांच-पड़ताल कर रही है। अफसर अली और ताल्हा जमीन घोटाले में चार्जशीटेड हैं। पिछले दिनों झारखंड एटीएस और दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने अलकायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के मॉडयूल से जुड़े केस में संदिग्ध डॉ इश्तियाक अहमद को गिरफ्तार किया था। जांच में उसके बबलू खान से करीबी संबंध की जानकारी के बाद उससे पूछताछ के लिए समन किया गया था। बबलू खान कांग्रेस नेता है और लेक-व्यू अस्पताल का संचालक है।




## स्मृति शेष पूर्व विधायक संजीव कुमार झा की याद में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित




**सहरसा, (हि.स.)।** भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को रामपुर में जन नेता श्रद्धेय संजीव कुमार झा के स्मृति शेष मिनी मेराथन दौड़ शैलेश कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित करवाया गया, जिसमें रामपुर सहीत आसपास के गांव के सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।यह दौड़ रामपुर जन्माष्टमी मेला परिसर से आरंभ होकर बाबा जालंधर नाथ महादेव मंदिर होते हुए रामपुर चौक से पुनः मेला परिसर में समाप्त हुई, जिसमें अमरजीत कुमार प्रथम, मन्नु कुमार द्वितीय, छोटु कुमार तृतीय, सुरज कुमार चतुर्थ एवं सोनू कुमार पांचवें स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को एक टिसर्ट एवं हाफ पेंट दिया गया। प्रथम पांच को दिनांक 27 अगस्त को आयोजित खेल प्रतियोगिता के उपरांत पुरस्कार दिया जाएगा। 27 तारीख को हर वर्ष के भांति जन्माष्टमी मेला कमेटी एवं आजाद युवा विचार मंच रामपुर के द्वारा कबड्डी, नेट बाल सहित विभिन्न विधाओं के खेल का एक दिवसीय आयोजन प्रायोजित है।

दौड़ प्रतियोगिता को संपन्न करवाने में मुकेश सिंह ठाकुर सुरज कुमार चुन्नू, रौशन झा, वकिल कामती, माहेश्वर साह, नुनु ठाकुर, नटवर कुमार, अभिषेक झा जागो, रिक्की कुमार, देवाशीष कुमार, केशव कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग सम्मिलित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने इंस्पेक्टर, दरोगा एवं कांस्टेबल स्थानांतरित किए

**हरदोई, (हि.स.)।** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने रविवार देर रात जनपद में तैनात इंस्पेक्टर, दरोगा एवं दर्जनों कांस्टेबल स्थानांतरित कर दिए हैं। पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राय को साइबर थाने में तैनात किया गया है। वहीं प्रभारी साइबर सेल इंस्पेक्टर सुनील कुमार दुबे अब साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक होंगे। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात 20 एसआई, 16 हेड कांस्टेबल और 17 कांस्टेबलों को नई तैनाती पर रवाना किया गया है। वहीं बिलग्राम कोतवाली में तैनात कांस्टेबिल देवानंद को आरओआईपी यूपी-112 व मीडिया सेल में तैनात कांस्टेबिल प्रशांत तोमर को साइबर थाने भेजा गया है। एसपी नीरज जादौन ने जहानीखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी एसआई विश्वास शर्मा को प्रभारी साइबर सेल और मल्लावां कोतवाली में तैनात एसआई संतोष कुमार कैथल को साइबर थाने रवाना किया है। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात एसआई प्रमोद कुमार सिंह को कोतवाली देहात, एसआई सुरजीत यादव को पचदेवरा, एसआई शिवदत्त सिंह हरियावां, एसआई राजू प्रसाद को टड़ियावां, एसआई सत्य देव सिंह को बेनीगंज, एसआई विनोद कुमार यादव को मल्लावां, एसआई प्रवीण चन्द्र मिश्रा को बिलग्राम, एसआई जयप्रकाश मिश्रा को माधौगंज, एसआई ओंकार नाथ सिंह को व एसआई रकिश कुमार यादव को पाली, एसआई शंकर दयाल पाण्डेय व एसआई मनोज कुमार त्रिपाठी को शाहाबाद, एसआई अवधेश सिंह यादव को अतरौली, एसआई बलवंत सिंह को सण्डीला, एसआई ओमप्रकाश सिंह को मझिला, एसआई रामजीत यादव को कोतवाली देहात, एसआई अवधेश सिंह यादव को पिहानी और पुलिस लाइन में तैनात एसआई फूल सिंह को बेनीगंज कोतवाली में नई तैनाती दी गई है। साथ ही पुलिस लाइन में तैनात 16 हेड कांस्टेबल और 17 कांस्टेबलों को भी नई जगह पर तैनात किया गया है।



## एमटेक के लिए एनआईएएमटी में 30 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**रांची, (हि.स.)।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, एनआईएएमटी रांची में एमटेक (सेल्फ फिनांस) कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार नामांकन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित है। इसमें चार डिर्पाटमेंट के पांच विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसमें फाउंड्री-फोर्ज टेक्नोलॉजी, मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग, इंडस्ट्रीयल मेटेलर्जी, इंवायरमेंटल इंजीनियरिंग, मेटेरियल इंजीनियरिंग (नैनो टेक्नोलॉजी) शामिल है। इसके लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए निर्धारित है।




## सदस्यता अभियान को ले बीजेपी का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नवादा, (हि.स.)।** नवादा जिले के कौआकोल के दुर्गामण्डप परिसर अवस्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्वी मण्डल के कार्यकताओं का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत भाजपा के संस्थापक सदस्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया गया। कार्यशाला में 1 सितम्बर से शुरू हो रहे भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की सफलता को लेकर कार्यकताओं को टिप्स दिए गए। कार्यशाला में जिला सदस्यता प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से बीजेपी से जुड़ने का आह्वान किया। बीजेपी पूर्वी मण्डल के अध्यक्ष अजित कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष ज्योतिष कुमार, जिला पार्षद अजित यादव आदि ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। उन्होंने पीएम मोदी के विकास कार्यों एवं भाजपा की नीतियों में विश्वास रखने वाले लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक बूथ से कम से कम 200 लोगों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से बीजेपी का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमित कुमार, मुन्ना शर्मा, गीता देवी, विजय साव, दिलीप कुमार, अंकित विश्वकर्मा, बालमुकुंद सिंह, सुधीर आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व पूर्वी मण्डल के उपाध्यक्ष ज्योतिष कुमार के द्वारा सभी आगत अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



## बिहार के गया में डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर की नई रेल लाइन पर मालगाड़ी की 12 बोगियां बेपटरी

**पटना/गया, (हि.स.)।** बिहार में गया जिले के बंधुआ-मानपुर से होकर गुजरने वाली डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर रेल लाइन से क्रास कर रही मालगाड़ी मानपुर के रसलपुर गुमटी के निकट सोमवार को बेपटरी हो गईं, जिसमें 12 बोगियां एक साथ पटरी से नीचे उतर गईं। मालगाड़ी दो हिस्से में बंट गई। इस घटना से रेलवे गुमटी के दोनों तरफ यातायात बाधित है। घटना की सूचना पर रेलवे कर्मी मौके पर पहुंच रहे हैं। मालगाड़ी में कोयला लदा है, जो झारखंड से बाढ़ जा रहा था। खास बात यह कि डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर के तहत हाल में ही पटरी बिछाई गई थी। संचालन भी तीन माह पूर्व शुरू हुआ था। हादसा क्यों और कैसे हुआ इस बाबत अधिकारी कुछ नहीं बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश की वजह से पटरी के धंसने से यह हादसा हुआ है। डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर रेल लाइन से केवल गुड्स ट्रेन का संचालन होता है। वह भी केवल कोयला ले जाया जाता है।






# आरबीआई वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए नीतियां बनाने पर काम कर रहा : शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को यहां कहा कि आरबीआई लगातार ऐसी नीतियां, प्रणालियां और मंच तैयार करने पर काम कर रहा है, जो वित्तीय क्षेत्र को मजबूत, जुझारू और ग्राहक केंद्रित बनाएंगे।

आरबीआई@90 पहल के तहत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए शक्तिकांत दास ने यह बात कही। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) और उभरती प्रौद्योगिकियां दुनिया में लगभग सभी अर्थव्यवस्थाओं की भविष्य की यात्रा को आकार देंगी। आरबीआई गवर्नर ने इस बात पर भी जोर दिया कि वित्तीय संस्थाओं को कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े जोखिमों के प्रति पूरी तरह सचेत रहना चाहिए।

**पिछले दशक में पारंपरिक बैंकिंग प्रणाली में अभूतपूर्व प्रौद्योगिक बदलाव हुआ**

रिजर्व बैंक गवर्नर ने कहा कि डीपीआई व्यापक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र में निर्मित बुनियादी प्रौद्योगिकी प्रणालियों को संदर्भित करता है, जो उपयोगकर्ताओं तथा अन्य डेवलपर के लिए खुले तौर पर उपलब्ध हैं। शक्तिकांत दास ने कहा कि पिछले दशक में पारंपरिक बैंकिंग प्रणाली में अभूतपूर्व प्रौद्योगिक बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि इन सभी संकेतों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में यह प्रक्रिया और भी तेज हो सकती है।

उन्होंने कहा कि यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) मंच विभिन्न डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं तक विभिन्न राज्यों के भूमि रिकॉर्ड सहित डिजिटल जानकारी के निर्बाध प्रवाह की सुविधा प्रदान करता है। दास ने कहा कि शुरुआती चरण से प्राप्त अनुभव के आधार पर यूएलआई को राष्ट्रव्यापी स्तर पर जल्द ही पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूपीआई प्रणाली में सीमा पार धन प्रेषण के उपलब्ध माध्यमों के लिए एक सस्ता और त्वरित विकल्प बनने की क्षमता है।

## न्यूज ब्रीफ

### चालू वित्त वर्ष में एफपीआई ने 19-23 अगस्त के दौरान 4,897 करोड़ के शेयर खरीदे




**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) बीते सप्ताह एफपीआई घरेलू इक्विटी बाजारों में शुद्ध रूप से खरीदार रहे हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के डाटा के अनुसार 19-23 अगस्त के दौरान एफपीआई ने घरेलू बाजारों में 4,897.16 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की है। इससे पिछले सप्ताह 12-17 अगस्त के दौरान एफपीआई ने 7,769.73 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की थी। इस ताजा निवेश के बावजूद एफपीआई इक्विटी बाजारों में इस महीने अभी तक बिकवाल बने हुए हैं। डाटा के अनुसार अगस्त में अभी तक एफपीआई की इक्विटी बाजारों में शुद्ध बिकवाली घटकर 16,305 करोड़ रुपये पर आ गई है। यह अगस्त के दौरान विदेशी निवेश में उतार-चढ़ाव को दर्शाता है। दूसरे ओर इस महीने भारतीय शेयर बाजारों को समर्थन देने में घरेलू निवेशकों का बड़ा योगदान रहा है। एनएसई के डाटा के अनुसार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के डाटा के अनुसार घरेलू निवेशकों ने अगस्त में 47,080.38 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। विदेशी निवेश के उतार-चढ़ाव के बीच इस मजबूत घरेलू भागीदारी ने शेयर बाजारों को स्थिरता प्रदान की है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि नीति निर्माताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे घरेलू निवेश को प्रोत्साहित करने वाले माहौल को बढ़ावा देते रहें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि विदेशी निवेशक बाजार का अभिन्न अंग बने रहें। घरेलू और विदेशी निवेशकों के हितों को संतुलित करना भारतीय शेयर बाजार में विकास और स्थिरता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

### भारत में व्यापार को बढ़ाने के लिए उत्सुक है कैथे कार्गो



**हांगकांग।** हांगकांग स्थित कैथे कार्गो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनकी कंपनी भारत में अपना व्यापार बढ़ाने के लिए इच्छुक है। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं उनके मालवाहक विमानों को देश के भीतर ओपन स्काई पॉलिसी के तहत कई स्थानों के बीच उड़ान भरते समय सफर एक साथ पूरा करने की अनुमति दी जाए। भारत सरकार ओपन स्काई पॉलिसी के तहत कई विदेशी मालवाहकों को सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से परिचालन की अनुमति देती है, ताकि वस्तुओं की आवाजाही में तेजी लाई जा सके और खासकर शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके। अधिकारी ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत के लिए ओपन स्काई पॉलिसी एक सकारात्मक पहल है। इसके अलावा हम यह भी चाहेंगे कि हमारी उड़ानें एक साथ सफर पूरा करें। हम दिल्ली से उड़ान भरने के बाद कोलकाता और फिर हांगकांग वापस जाना पसंद करेंगे, ताकि हम दो स्थानों पर उड़ान भर पाएं। उन्होंने कहा कि कंपनी भारत की आर्थिक वृद्धि को लेकर उत्साहित है और हम भारत में और अधिक वृद्धि करने को लेकर बेहद उत्सुक हैं।

### इस सप्ताह 9 कंपनियां लेकर आएंगी आईपीओ, 8 शेयर बाजार में लिस्ट होंगी





**मुंबई।** सोमवार से शुरू हुए हफ्ते में 9 कंपनियां अपने आईपीओ लेकर आ रही हैं और 8 नई कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट होंगी। जो आईपीओ इस हफ्ते बाजार में आएंगे, उनमें मेन बोर्ड और एसएमई बोर्ड, दोनों के शामिल हैं। मेनबोर्ड सेगमेंट में इकोस मोबिलिटी, प्रीमियर एनर्जीज और बाजार स्टाइल रिटेल सब्सक्रिप्शन के लिए अपने पब्लिक ऑफरिंग खोलेंगी। इनके अलावा छह और कंपनियां एसएमई सेगमेंट में अपने इश्यू लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। वहीं 8 आईपीओ शेयर मार्केट में लिस्ट होंगे। इनमें ओरिएंट टेक्नोलॉजीज और इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स शामिल हैं। शेयर मार्केट में निवेश करने वाले निवेशक आईपीओ पर कड़ी नजर रखते हैं। इसका कारण है कि अगर आईपीओ अलॉट हो जाए तो कई बार ये कम समय में अच्छा रिटर्न दे देते हैं। कई आईपीओ तो लिस्टिंग के समय दोगुने तक का रिटर्न दे चुके हैं। इसी कारण निवेश आईपीओ बुक कराने में रुचि दिखाते हैं। हाल ही में कई आईपीओ इस तरह का रिटर्न दे चुके हैं। हालांकि कई बार आईपीओ में निवेश घाटे का भी सौदा हो जाता है।

ग्लोबल सपोर्ट से घरेलू शेयर बाजार में तेजी, 25 हजार अंक के ऊपर बंद हुआ निफ्टी

# निवेशकों को 1 दिन के कारोबार से हुआ 2.43 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** सोमवार को ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिलने की वजह से घरेलू शेयर बाजार में भी जोरदार तेजी का माहौल बना रहा। सोमवार को कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने रफ्तार पकड़ ली। निफ्टी 1 अगस्त के बाद पहली बार 25 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। बाजार में बीच-बीच में मुनाफा वसूली भी हुई। इसके बावजूद शेयर बाजार लगातार हरे निशान में ही बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.75 प्रतिशत और निफ्टी 0.76 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



सोमवार को दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, मेटल, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और रियल्टी सेक्टर में जोरदार खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि बीएसई का टेलीकम्युनिकेशन इंडेक्स सोमवार को लाल निशान में बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को कारोबार का अंत किया।

सोमवार को बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन सोमवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 462.39 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.96 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार को कारोबार से करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

सोमवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,197 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,189 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,862 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 146 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में सोमवार को 2,411 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,244 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,167 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स सोमवार को 302.05 अंक की तेजी के साथ 81,388.26 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। पहले घंटे का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर बाद ही ये सूचकांक 738.06 अंक की बढ़त के साथ 81,824.27 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 611.90 अंक की मजबूती के साथ 81,698.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने सोमवार को 82.95 अंक की उछाल के साथ 24,906.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही तेजड़ियों का जोर बन जाने के कारण इस सूचकांक में तेजी पर आ गई। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से पहले घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक 220.65 अंक उछल कर 25,043.80 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक को भी थोड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 187.45 अंक की मजबूती के साथ 25,010.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सोमवार को पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 3.90 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 3.49 प्रतिशत, एनटीपीसी 3.21 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 2.82 प्रतिशत और ओएनजीसी 2.81 प्रतिशत की मजबूती के साथ सोमवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, अपोलो हॉस्पिटल 1.18 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प 0.76 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 0.59 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 0.48 प्रतिशत और आयशर मोटर्स 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ सोमवार को टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार



**नई दिल्ली।** अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती होने के स्पष्ट संकेत मिलने के कारण ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र में लगातार खरीदारी होती रही। हालांकि एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने का साफ संकेत देने के बाद पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में लगातार उत्साह का माहौल बना रहा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से डाउ जॉन्स 462.30 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,175.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.15 प्रतिशत उछल कर 5,634.61 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 258.44 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,877.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाऊ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 41,122.16 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,327.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.70 प्रतिशत की छलांग लगा कर 7,577.04 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 139.71 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,633.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक कमजोरी के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 419.59 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 37,944.68 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.31 प्रतिशत लुढ़क कर 2,693.43 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स से 0.14 प्रतिशत टूट कर 1,353.01 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,848.32 अंक के स्तर पर कारोबार करते नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 161 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,003.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 3,390.09 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स में आज अच्छी मजबूती नजर आ रही है।

# निर्मला सीतारमण ने एफएटीएफ के पूर्व अध्यक्ष टी. राजा कुमार से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) से इतर सिंगापुर में वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के पूर्व अध्यक्ष टी. राजा कुमार से मुलाकात की।



वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजा कुमार को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल के अध्यक्ष के रूप में सफल कार्यकाल पूरा करने के लिए बधाई दी। इस मुलाकात के दौरान हुई बातचीत और चर्चाओं के बीच निर्मला सीतारमण ने भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को अपनाने के लिए एफएटीएफ की कार्यवाही के निष्पक्ष संचालन के लिए राजा कुमार की सराहना की। उन्होंने वित्तीय कार्रवाई कार्य बल के भविष्य और एफएटीएफ में भारत की भूमिका के बारे में भी विचारों का आदान-प्रदान किया। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के लिए सिंगापुर के आधिकारिक दौरे पर हैं।

# सर्राफा बाजार में गिरावट, सोना-चांदी की कीमतें घटीं

**नई दिल्ली।** जन्माष्टमी के दिन घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली कमजोरी नजर आ रही है। आज की कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये से लेकर 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,090 रुपये से लेकर 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी भी आज प्रति किलोग्राम 100 रुपये तक सस्ता हुआ है। कीमत में आई इस मामूली गिरावट की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 87,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना के भाव में मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल अघोषित युद्ध का असर बाजार पर भी नजर आने लगा

# बढ़ने लगीं तेल की कीमतें, ब्रेंट क्रूड की कीमत 37 सेंट, अमेरिकी क्रूड फ्यूचर भी 36 सेंटबढ़ा

**नई दिल्ली/तेल अवीव।** इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल अघोषित युद्ध के बीच इसका असर बाजार पर भी नजर आने लगा है। युद्ध की आशंका के बीच सोमवार को कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कटौती का भी संकेत दिया है। ब्रेंट क्रूड तेल की कीमत 37 सेंट तक बढ़ गई। यह 79.37 डॉलर प्रति बैरेल पर पहुंच गई है। वहीं अमेरिकी क्रूड फ्यूचर भी 36 सेंट्स बढ़ गया है। बता दें कि बीते 10 महीने से इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच जारी तनाव के बाद यह सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। इजरायल ने भी माना है कि उसके इन्फ्रास्ट्रक्चर को इस हमले से नुकसान पहुंचा है।

बता दें कि रविवार को इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच ताबड़तोड़ हमलों के बाद कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा देखा गया है। बढ़ते तनाव को देखते हुए ऑइल सप्लाई बाधित होने का डर पैदा हो गया है। वहीं अमेरिका में ब्याज दरों की कटौती के फैसले ने भी तेल की डिमांड बढ़ा दी है। दोनों ही फैक्टर कच्चे तेल की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं।

**अमेरिका में ब्याज दरों की कटौती के फैसले ने भी तेल की डिमांड बढ़ा दी**


वहीं कतर में हमास और इजरायल के बीच युद्धविराम की चर्चा का भी कोई हल निकलता नजर नहीं आ रहा है। हालांकि अभी मध्यस्थता कर रहे देशों ने हथियार नहीं डाले हैं और उनका कहना है कि यह कोशिश एक दिन रंग जरूर लाएगी। लेबनान के कट्टरपंथी ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह ने अपने कमांडर की मौत का बदला लेने के लिए ताबड़तोड़ हमले किए। वहीं इजरायल ने इनसे बचने के लिए 100 जेट उतार दिए और जवाबी कार्रवाई भी की। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच इस हमले को लेकर अमेरिका ने भी मोर्चा खोलने का मन बना लिया है। ऐसे में ईरान और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज कटौती के ऐलान के बाद तेल की मांग में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। बता दें कि इजरायली हमले में हिजबुल्ला के सीनियर कमांडर फुआद शुक्र की मौत हो गई थी। इसी का बदला लेने के लिए हिजबुल्लाह ने इजरायल पर हमला कर दिया। इजरायली प्रधानमंत्री का कहना है कि यह कहानी का अंत नहीं है। वहीं हिजबुल्लाह ने कहा था कि उसने इजरायल की ओर 320 कत्यूषा रॉकेट दागे हैं जो कि सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएंगे। हिजबुल्लाह का कहना है कि गाजा में युद्धविराम की चर्चा के बीच उसे हमला करने में देरी हो गई। वहीं इजरायल ने हिजबुल्लाह के बयान को बेबुनियाद बताया है।



कनाडा में पत्रकारों से बात करते हुए अमेरिकी एनएसए जेक सुलीवन ने कहा कि अमेरिका अब भी युद्धविराम के समझौते को लेकर काहिरा में प्रयास कर रहा है। बता दें कि युद्धविराम के लिए अमेरिका, मिस्र और कतर मध्यस्थता कर रहे हैं। हालांकि दोनों तरफ से ही अब तक सहमति नहीं जताई गई है। मध्स्थता कर रहे देशों ने इजरायल के सामने भी कई विकल्प रखे जिसमें फइलादेल्फी कॉरिडोर का विक्ल भी शामिल था जो कि गाजा पट्टी के बीच से होकर मिस्र तक खोली जा सकती है। हालांकि दोनों ही पार्टियों ने इन बातों को मानने से इनकार कर दिया। इजरायल का कहना है कि हमास पहले सभी बंधकों को रिहा करे। वहीं हमास का कहना है कि इजरायल गाजा पट्टी से निकल जाए इसके बाद ही वह कोई मांग मानेगा। प्रस्तावों को लेकर एजिप्ट और कतर के प्रतिनिधि हमास के नेता से मिले थे। रविवार को इजरायली अधिकारियों ने भी चर्चा में भाग लिया। जुलाई के महीने में हमास ने अमेरिका के प्रसस्ताव को मान लिया था। उसने 16 दिनों में सैनिकों और अन्य बंधकों को रिहा करने को कहा था। हालांकि तेहरान में हमास चीफ की हत्या के बाद सारे समझौते एक बार फिर लटक गए।

अगर यह अघोषित युद्ध ऐसा ही चलता रहा तो निश्चित रूप से तेलों के भाव आसमान छूने लगेंगे। बाजार वैसे भी इन जंगों के चक्कर कभी-कभी जमीन पर आ जाता है।

# राशा हूबहू दिखती हैं अपनी मां रवीना टंडन की तरह



**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी बिलकुल अपनी मां की तरह दिखती हैं। आप अगर राशा की तस्वीरें देखेंगे तो आपको 90 के दशक की रवीना याद आ जाएंगी। राशा हूबहू अपनी मां की तरह दिखती हैं। खूबसूरती के मामले में तो वह रवीना को टक्कर देती हैं। वह सोशल नेटवर्किंग इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। राशा आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 1.1 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। वह एक सोशल मीडिया स्टार हैं और यही वजह है कि उनके शेयर करते ही उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो जाती हैं। इन दिनों उनकी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं, जिनमें उनका दिलकश अंदाज दिखाई दे रहा है। इन तस्वीरों में लोग उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ कर रहे हैं। बता दें, रवीना ने 22 फरवरी, 2004 को उदयपुर के जग मंदिर पैलेस में फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी से शादी रचाई थी। शादी के एक साल बाद ही राशा का जन्म हुआ था। राशा के बाद रवीना को एक बेटा भी हुआ, जिसका नाम रणबीर वर्धन है। राशा की वायरल तस्वीरें देखने के बाद आप यही कहेंगे कि वह अपनी मां की कार्बन कॉपी लगती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो राशा थडानी जल्द ही बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। ऐसी अफवाहें हैं कि वह अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करेंगी। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म होगी। ऐसा कहा जा रहा है कि राशा और अमन दोनों ही अपनी पहली फिल्म की तैयारियों में जुटे हैं। मालूम हो कि राशा थडानी 19 साल की हो चुकी हैं। उनका जन्म 16 मार्च 2005 में हुआ था।

# अकेले में भी संगीत तन और मन को शांति देता है : अमिताभ बच्चन



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के बिग बी यानि अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर लिखा, संगीत हमेशा से ही किसी के जीवन में सबसे रचनात्मक क्षणों का स्रोत रहा है और रहेगा। उन्होंने आगे कहा, लोग आगे बढ़ते हैं, जीवन में उतार-चढ़ाव को पार कर आगे बढ़ते हैं, अकेले में भी संगीत तन और मन को शांति देता है। उन्होंने कहा, संगीत आपके मन को कल्पना और उन विशेष पलों के सपनों की दुनिया में ले जाता है, जब उन सपनों की पूर्ति जो इतने जुनून से आपने चाहे थे, आपके सामने आती है, या बल्कि अपने आप में आपके विचारों को पूरा करने या दूर करने के लिए आती है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन आपका प्रतिरोध हमेशा वह एक प्रेरणा होगा जो सब कुछ के बावजूद जीवित रहेगा और किसी भी शंका को दूर करेगा ... अगर कभी कोई शंका थी ... मेरे लिए नहीं... मेगास्टार ने ब्लॉग के जरिए अपने जीवन में संगीत के महत्व को बताया है। उन्होंने कहा कि संगीत उनके जीवन को रचनात्मक बनाने का मुख्य साधन है। इस दौरान उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने बीएससी में कितने अंक प्राप्त किए थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल 42 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। मेगास्टार ने आगे कहा, साइंस में अच्छे नंबर आने पर हमने बीएससी कर लिया। मैं जानता भी नहीं था कि बीएससी क्या होता है? मैंने हमेशा सुना था कि विज्ञान में बहुत संभावनाएं हैं। मात्र 45 साल में इसने सब कुछ बदल दिया। अमिताभ ने 1962 में विज्ञान स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने कहा, पहली बार मैं फेल हो गया फिर जब मैंने बड़ी मुश्किल से प्रयास किया तो 42 प्रतिशत अंक आए। बता दें कि अमिताभ बच्चन वर्तमान में क्विज आधारित रियलिटी शो की मेजबानी करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# मुकेश खन्ना का कॅरियर शुरू होते ही बता दिया था उन्हे फ्लॉप एक्टर



**मुंबई (ईएमएस)।** महाभारत सीरीयल में भीष्म पितामह का किरदार निभाने वाले एक्टर मुकेश खन्ना का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। वीडिया में मुकेश खन्ना बता बता रहे हैं कि उनका करियर शुरू ही हुआ थी। लेकिन, इस दौरान उन्हें फ्लॉप अभिनेता बता दिया गया। मुकेश खन्ना बताते हैं कि साल 1984 से 1986 के बीच उन्होंने मंदी का दौर देखा। 1984 से 1986 तक उनके पास 15 फिल्में थीं। इनमें से तीन-चार फिल्में रिलीज हुईं और वे फ्लॉप हो गईं। हालांकि, उनके पास कुछ और फिल्में थीं, जो या तो बनी नहीं या फिर रिलीज नहीं हो पाईं। उन्होंने आगे बताया, शुरूआत में जब मेरी चार-पांच फिल्में फ्लॉप हो गईं तो मुझे फ्लॉप अभिनेता बता दिया गया। लोग कहते थे कि तुम्हारी वजह से फिल्में फ्लॉप हो रही हैं। जो निमार्ता मेरे पास आए थे, वे चाहते थे कि बाजार की मदद से मुझसे पैसे कमाए जाएं। मुझे पहली फिल्म के लिए सराहा गया और 10-15 फिल्मों में मुख्य भूमिका के लिए साइन किया गया। लेकिन, इंडस्ट्री और बाजार एक कलाकार के जीवन को तय करते हैं। उन्होंने कहा, अगर आपका काम अच्छा नहीं है, लेकिन फिल्म हिट हो जाती है तो भी आप अगले कुछ प्रोजेक्ट पाने में कामयाब हो जाते हैं। लेकिन, जब आपका काम अच्छा है और फिल्म फ्लॉप हो जाती है, तो आप बाजार में अपनी कीमत खो देते हैं। मुकेश खन्ना को सुपरहीरो कैरेक्टर शक्तिमान और बी.आर. चोपड़ा की महाभारत में भीष्म की भूमिका के लिए जाना जाता है।

# जन्मदिन पर देवोलीना ने पति संग रोमांटिक तस्वीरें की साझा



अपने जन्मदिन पर एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने अपने पति शाहनवाज शेख के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा की। कैप्शन दिया, नई शुरूआत और अनंत संभावनाओं के लिए शुभकामनाएं। 15 अगस्त को देवोलीना ने अपने पति और परिवार के साथ पंचामृत अनुष्ठान करके अपनी गर्भावस्था की घोषणा की थी। अब अपने जन्मदिन के अवसर पर, अभिनेत्री ने अपने पति और प्यारे दोस्त (पालतू कुत्ते) के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में हम देख सकते हैं कि देवोलीना सूट पहने हुए हैं और अपने पति को बर्थडे केक खिला रही हैं। वह अपने कुत्ते एंजेल के साथ भी पोज दे रही हैं। कैप्शन दिया है: सूरज के चारों ओर घूम कर एक और यात्रा का जश्न मना रही हूं और भविष्य के रोमांचकारी सफर को लेकर भी हूं। नई शुरूआत और अनंत संभावनाओं के लिए शुभकामनाएं! मुझे जन्मदिन की शुभकामनाएं। टीवी अभिनेत्री दीपिका सिंह ने पोस्ट पर टिप्पणी की: जन्मदिन मुबारक हो देवो। बता दें कि देवोलीना भट्टाचार्जी अपना 39वां जन्मदिन मना रही हैं।

# वरुण सूद की स्ट्रीमिंग सीरीज कॉल मी बे की रिलीज के लिए तैयार



**मुंबई (ईएमएस)।** स्ट्रीमिंग सीरीज कॉल मी बे की रिलीज के लिए तैयार हैं। यह सीरीज अभिनेता वरुण सूद की अपकमिंग सीरीज है। वरुण सूद को लगता है कि इस सीरीज ने उन्हें एहसास दिलाया कि उनमें हास्य की अच्छी समझ है। कॉल मी बे 6 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए अभिनेता ने बताया कि उन्हें इस चीज का बिल्कुल भी अहसास नहीं था कि वह हास्य की अच्छी समझ रखते हैं। मेरी मां को लगता था कि मैं मजाकिया हूं, लेकिन मैंने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा। मां हमेशा अपने बच्चों की सराहना ही करती रहती हैं। सीरीज में वरुण एक जिम ट्रेनर की भूमिका में दिखाई देंगे। इसमें अनन्या पांडे दिल्ली की लड़की का किरदार निभा रही हैं। इस सीरीज में अनन्या का मुख्य किरदार दिल्ली के एक संपन्न परिवार से ताल्लुक रखता है। वह बहुत ही सुरक्षित माहौल में पली-बढ़ी है, लेकिन उसे बॉम्बे जाना पड़ता है। शो के ट्रेलर से पता चलता है कि सीरीज मजेदार होने वाली है। सीरीज में वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त, लिसा मिश्रा और मिनी माथुर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। दिल्ली के रहने वाले वरुण सूद ने शुरू में अपने पिता और दादा के नक्शेकदम पर चलते हुए सेना में शामिल होने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने शोबिज की ओर रुख कर लिया। उन्होंने एक फिटनेस ट्रेनर के रूप में अपना करियर शुरू किया और एमटीवी रोडीज, एमटीवी स्प्लिट्सविला, ऐस ऑफ स्पेस और खतरों के खिलाड़ी जैसे रियलिटी शो में भाग लिया। उन्होंने रागिनी एमएमएस: रिटर्न्स से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। कॉल मी बे से पहले वरुण ड्रामा थ्रिलर स्ट्रीमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने रवीना टंडन, नम्रता शेठ और विक्रमजीत विर्क के साथ स्क्रीन शेयर की थी। यह सीरीज माइक केली द्वारा बनाई गई रिवेंज की भारतीय रीमेक है।


# नीना गुप्ता की बेटी मसाबा गुप्ता की हुई गोदभराई, जश्न में शामिल हुए सितारे

अभिनेत्री नीना गुप्ता जल्द ही दादी बनने वाली हैं। उनकी बेटी पॉपुलर एक्ट्रेस, फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने हाल ही में एक इवेंट आयोजित किया। इस इवेंट की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में कुछ बॉलीवुड एक्ट्रेस नजर आ रही हैं। मसाबा गुप्ता जल्द ही पति सत्यदीप मिश्रा के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत करेंगी। इसी साल अप्रैल महीने में उन्होंने एक पोस्ट कर जानकारी दी थी कि वह प्रेग्नेंट हैं। इसके बाद से वह अक्सर प्रेग्नेंसी से जुड़े पोस्ट शेयर करती रहती हैं। मसाबा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं, उन्होंने हाल ही में अपना डोहले डिनर इवेंट रखा था, जहां सोनम कपूर, रिया कपूर समेत उनके कई दोस्त नजर आए। मसाबा की दोहाले खाने की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें हम उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो देख सकते हैं। मसाबा ने इस खास दिन के लिए बेज कलर, फुल स्लीव्स फिट और फ्लेयर ड्रेस चुनी। उन्होंने अपने लुक को डायमंड ज्वैलरी से पूरा किया।

मसाबा का दोहाले डिनर कार्यक्रम बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर के घर पर आयोजित किया गया था। सोनम कपूर ने मसाबा के लिए कार्यक्रम की मेजबानी की। मसाबा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ स्टोरीज शेयर की हैं, जिसमें वह हाथ में माइक लेकर बोलती नजर आ रही हैं। उनकी ये तस्वीरें पैपराजी अकाउंट पर शेयर की गई हैं। मसाबा गुप्ता के बेबी शॉवर की थीम बेज रंग थी।

उसी रंग के बिस्कुट और अन्य सामान भी थे। कार्यक्रम में शामिल हुए उनके दोस्तों ने भी बेज रंग की पोशाकें पहनी थीं। सोनम कपूर ने दिन के लिए भूरे रंग की साड़ी चुनी, जबकि उनकी बहन रिया ने बेज टोन मैक्सी ड्रेस पहनी थी। भूमि पेडनेकर की बहन समीक्षा ने बेज रंग की बॉडी कॉन ड्रेस पहनी थी। मसाबा की मां नीना गुप्ता ने भी बेज रंग की मिडी ड्रेस पहनी थी।

# फरहान की रीच फॉर द स्टार्स जल्द होगी रिलीज




चालू महीने के अंत में फिल्म निमार्ता-अभिनेता-गायक फरहान अख्तर अपना आगामी सिंगल रीच फॉर द स्टार्स रिलीज करने के लिए तैयार हैं। फिल्म निमार्ता फरहान ने इंस्टाग्राम पर कवर की एक झलक साझा की, जिसमें वे बैकग्राउंड में रीच फॉर द स्टार्स लिखे माइक पर गाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने लिखा, अरे, यह साझा करते हुए बहुत उत्साहित हूं कि मेरे पास 29 अगस्त को रिलीज होने वाला एक नया सिंगल रीच फॉर द स्टार्स है। ड्रॉप को प्री-सेव करने के लिए लिंक बायो में मिल सकते हैं। सुनकर खुशी होगी और शेयर करके खुशी होगी। बता दें कि हाल ही में फरहान ने अपनी कल्ट फिल्म दिल चाहता है के 23 साल पूरे होने का जश्न मनाया, जो उनकी पहली फिल्म भी थी। शनिवार को अभिनेता-निर्देशक ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म की 23वीं वर्षगांठ का जश्न मनाते हुए एक वीडियो साझा किया था। फिल्म के बारे में फरहान की पोस्ट पर लगातार कमेंट्स आ रहे हैं। फरहान के लुक को देखकर उनके फैंस दीवाने हो गए हैं और लगातार अपने कमेंट्स से प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं। एक फैंस ने लिखा कि बहुत दिनों से इंतजार था। दूसरे यूजर ने लिखा कि अब इंतजार नहीं होता है।

# तमन्ना भाटिया ने दिखाई अपने लंच बाक्स की झलक

**-एक्ट्रेस ने बताया उन्हें भिंडी कितनी है पसंद**



**मुंबई (ईएमएस)।** इस्टाग्राम पर बालीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने लंच की एक झलक दिखाई और बताया कि उन्हें भिंडी कितनी पसंद है। प्लेटफॉर्म के स्टोरीज सेक्शन में उन्होंने एक खूबसूरत सेल्फी पोस्ट की, जिसमें उन्हें सफेद रंग की ड्रेस में कार में बैठे हुए देखा जा सकता है। वह खिड़की से बाहर देखते हुए पोज दे रही हैं। तस्वीर का कैप्शन है: लंच में क्या है? दिवा ने एक और तस्वीर पोस्ट की जिसमें उनका लंच बॉक्स दिख रहा है। इसमें भिंडी क्विनोआ, दाल और नींबू शामिल हैं। इसका कैप्शन है: सभी भिंडी प्रेमियों के लिए। हाल ही में तमन्ना ने कॉमेडी हॉरर फिल्म स्त्री 2 के गाने आज की रात पर अपने डांस परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया है। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियो के बैनर तले दिनेश विजन और ज्योति देशपांडे ने किया है। 2018 की फिल्म स्त्री के सीक्वल में श्रद्धा कपूर और राजकुमार मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही इसमें पंकज त्रिपाठी, अभिषेक और अपारशक्ति खुराना भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। काम की बात करें तो तमन्ना को पिछली बार सुंदर सी. द्वारा निर्देशित तमिल कॉमेडी हॉरर फिल्म अरनमनई 4 में देखा गया था। इसमें तमन्ना के साथ सुंदर, राशि खन्ना, रामचंद्र राजू, संतोष प्रताप, कोवई सरला, योगी बाबू, वी.टी.वी. गणेश और दिल्ली गणेश हैं। वह निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियो, एम्मे एंटरटेनमेंट तथा जेए एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित एक्शन ड्रामा वेदा में भी एक कैमियो भूमिका में नजर आई थीं। फिल्म में जॉन अब्राहम, शरवरी और अभिषेक बनर्जी हैं। तमन्ना के पास अशोक तेजा द्वारा निर्देशित और संपत नंदी द्वारा निर्मित तेलुगु सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म ओडेला 2 पाइपलाइन में है। फिल्म में हेबाह पटेल, वशिष्ठ एन. सिम्हा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही इसमें युवा, नागा महेश, वामसी, गगन विहारी, सुरेंदर रेड्डी, भूपाल और पूजा रेड्डी भी हैं। बता दें कि इंस्टाग्राम पर तमन्ना के 2.61 करोड़ फॉलोअर्स हैं, जिनके लिए वे हमेशा कुछ न कुछ नए फोटोज एवं वीडियोज शेयर करते रहती हैं।

# छावा में औरंगजेब की भूमिका के लिए अक्षय खन्ना को चुना



बालीवुड फिल्म छावा में औरंगजेब के किरदार को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता है। फिल्म छावा में मुगल बादशाह औरंगजेब की भूमिका के लिए एक्टर अक्षय खन्ना को चुना गया है, जिन्हें को उनके दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है और उन्होंने अपने करियर में कई प्रतिष्ठित किरदार निभाए हैं। छावा के हाल ही में रिलीज हुए टीजर में विक्की कौशल ने फुल एक्शन मोड में नजर आते हुए दर्शकों का ध्यान खींचा, लेकिन अक्षय खन्ना ने भी टीजर में औरंगजेब के रूप ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है उनका लुक और एक्टिंग इतनी प्रभावशाली हैं कि उन्हें पहचानने के लिए टीजर को दोबारा देखना पड़ेगा बता दें, छावा में औरंगजेब का किरदार फिल्म की कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन की चुनौतियों और संघर्षों को और भी गहराई से दर्शकों के सामने लाएगा। अब ये देखना होगा कि दर्शक अक्षय खन्ना को इस नए किरदार को कितना प्यार देते हैं। वहीं फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है और इसके रिलीज होने का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। छावा 6 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी, जिसमें विक्की कौशल और अक्षय खन्ना के साथ साउथ सेंसेशन रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी।

# मॉरीशस में परिवार के साथ छुट्टियां मना रही दिव्या परमार

छोटे परदे की एक्ट्रेस दिशा परमार मॉरीशस में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रही हैं। यहां से उन्होंने बेटी नव्या की एक झलक दिखाई, जिसमें उनकी बेटी की क्यूटनेस देखकर प्रशंसक दंग रह गए। दिशा ने इंस्टाग्राम पर स्टोरीज सेक्शन में अपनी छुट्टियों के कुछ वीडियो शेयर किए। पहले वीडियो में उनकी बेटी नव्या फ्लाइट में खुशी से बैठी दिखाई दे रही हैं। दूसरी क्लिप में दिशा ने मॉरीशस के उस रिसॉर्ट की पैन-व्यू दिखाई है, जहां वह ठहरी हैं। आखिरी क्लिप में देखा जा सकता है कि नव्या बिस्तर पर बैठी हैं, जबकि उनकी बेटी दिशा खूबसूरत जगहों और विस्तृत नीले समुद्र का नजारा ले रही हैं। उन्होंने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा : कितना शानदार...।

बता दें कि दिशा ने सिंगर राहुल वैद्य से 16 जुलाई, 2021 को शादी की थी। शादी के दो साल बाद 20 सितंबर, 2023 को नव्या का जन्म हुआ। राहुल ने अपने करियर की शुरूआत सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल 1 से की थी।

## सूडोकु नवताल- 6895

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6894 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्दजाल - 7642

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | ना | थ | च | ट | र्जी |
| णे | खु | कु | प | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| मा | ग | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | न | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | गी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | बा | तें | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| बां | स | म | प | ब | लि | रा | म | भ | ग | त |

*शब्द जाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.*

गणेश मावलनकर, हुकुम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रवि राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

### शब्दजाल - 7641 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रा | जें | द्र | कु | मा | री | वा | ज | पे | यी |
| द | स | ल | प्रे | व | जी | स | द | ह | कां | रा |
| वि | स | रो | म | र | ज | नी | पा | ल | ख | म |
| शा | स | स | जि | दि | वा | स | ध | चं | श | दु |
| र | आ | र | ग | नी | ज | ना | तू | द्रा | झ | ला |
| दा | ल | ला | र | दि | ना | उ | ती | व | घ | री |
| मु | व | ग्रे | मी | या | प | य | ज | ती | व | सि |
| ख | एं | वा | ई | द | ब | क | डू | ए | श | न्हा |
| र्जी | ड | ल | कु | म | द | बे | न | जो | शी | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | य | ल | क्ष्मी | पं | डि | त | ब | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6595

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | | 4 | | 1 |
| | 42 | | 33 | 1 | 23 | |
| 1 | | | | 3 | | 2 |
| 2 | 25 | 3 | 34 | 7 | 39 | 6 |
| | | 4 | | | 5 | |
| | 24 | 1 | 33 | | 35 | 4 |
| 4 | 3 | | 7 | 6 | 1 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6594 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 22 | 1 | 30 | 2 | 38 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 30 | 2 | 38 | 3 | 33 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 39 | 7 | 43 | 4 | 25 | 5 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 में दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हराकर सीरीज अपने नाम की

**गयाना।**
वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। मेजबान टीम की ओर से शमार जोसेफ और रोमारियो शेफर्ड ने धातक गेंदबाजी करते हुए मेहमान टीम की बल्लेबाज को ढ़हा दिया। वेस्टइंडीज ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए शाई होप के 41 रनों की सहायता से 20 ओवरों में छह विकेट पर 179 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लिजार्ड विलियम्स ने तीन और पैट्रिक क्रूगर ने दो विकेट लिए। ओटेनिल बार्टमैन को एक विकेट मिला। इसके बाद जीत के लिए मिले 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम 19.4 ओवरों में 149 रन ही बना पायी। दक्षिण अफ्रीका की ओर से इस मैच में शीर्ष क्रम के आउट होने के बाद बाकि बल्लेबाज विफल रहे। शेफर्ड ने ऊपरी क्रम जबकि जोसेफ ने निचले क्रम को धवस्त कर दिया। स्पिनर अकीला हुसैन ने बीच के ओवरों में विरोधी टीम पर अंकुश लगाये रखा।

180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की ओर से रयान रिकलटन और रीजा हैंड्रिक्स की सलामी जोड़ी ने तेजी से शुरुआत की। इन दोनो ने पांच ओवरों के अंदर ही करीब 60 रनों से ऊपर स्कोर पहुंचा दिया। तीभी जोसेफ ने रिकलटन को आउट कर पहला विकेट लिया। वहीं अगले ही ओवर में शेफर्ड ने हैंड्रिग्स को आउट कर दिया। रिकलटन ने 20 रन बनाए जबकि हैंड्रिग्स ने 44 रन बनाये।।

कप्तान एडेन मार्करम 19 रन बनाकर शेफर्ड का शिकार बने। युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स को भी अकीला ने शुरुआत में ही 28 रनों पर आउट कर दिया। इसके बाद अकीला ने ही रासी वान डर डुसैं को आउट कर साउथ अफ्रीका का छठा विकेट गिरा दिया। इसके बाद मेहमान टीम वापसी नहीं कर पायी। जोसेफ और शेफर्ड ने तीन-तीन विकेट लिए। अकीला ने भी दो विकेट लिए। इसके बाद मैथ्यू फोर्ड और गुडकेश मोती को एक-एक विकेट मिला।

वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान वेस्टइंडीज की ओर से किसी भी बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं लगाया। टीम के लिए सबसे ज्यादा 41 रन शाई होप ने बनाए। होप ने एलिक एथानेज के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। एथानेज 28 रन बनाकर आउट हुए। निकोल पूरन ने 19 रन जबकि रोस्टन चेज ने केवल सात रन ही बनाये।

## न्यूज ब्रीफ

### संन्यास की घोषणा के बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट में शामिल हुए शिखर धवन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के कुछ ही दिन बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में शामिल हो गए हैं। आधुनिक समय के सफेद गेंद के महान खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने वाले धवन अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और जीवंत व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। एलएलसी की एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से धवन ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट में शामिल होने को लेकर कहा, लेजेंड्स लीग क्रिकेट के साथ इस नए अध्याय को शुरू करना मेरी सेवानिवृत्ति के बाद आदर्श प्रगति जैसा लगता है। मेरा शरीर अभी भी खेल की मांगों के लिए तैयार है। और जबकि मैं अपने निर्णय के साथ सहज हूं, क्रिकेट मेरा अभिन्न अंग है, यह मुझसे कभी नहीं छूटेगा, मैं अपने क्रिकेट मित्रों के साथ फिर से जुड़ने और नई यादें बनाते हुए अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं। शिखर के करियर में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल हैं। वह 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने। उन्होंने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 44.1 के प्रभावशाली औसत, टी20ई में 27.92 और 91.35 के स्ट्राइक रेट के साथ 6,793 से अधिक रन बनाए हैं। भारतीय क्रिकेट टीम और इंडियन प्रीमियर लीग में उनके योगदान ने एक क्रिकेट आइकन के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत किया है। एक दशक से अधिक के अपने करियर में उन्होंने 269 मैच खेले और 40 की औसत से 10, 867 रन बनाए। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक रमन रहेजा ने लीग में धवन का स्वागत करते हुए कहा, हम शिखर धवन को हमारे साथ जोड़कर रोमांचित हैं।

### चिकनगुनिया के प्रभाव से उबरने के लिए एचएस प्रणय ने लिया ब्रेक



**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने सोमवार को कहा कि वह अपने शरीर को चिकनगुनिया के प्रभाव से पूरी तरह से उबारने के लिए खेल से ब्रेक ले रहे हैं, जिसने पेरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला था। 32 वर्षीय, 2022 थॉमस कप खिताब विजेता और विश्व और एशियाई खेलों के कांस्य-पदक विजेता, मच्छर जनित वायरल बीमारी चिकनगुनिया से एक सप्ताह तक जूझने के कारण पेरिस ओलंपिक में सुस्त हो गए थे। इस बीमारी में जोड़ों में गंभीर दर्द होता है। प्रणय ने एक्स पर लिखा, दुर्भाग्य से, चिकनगुनिया से लड़ाई ने मेरे शरीर पर बहुत बुरा प्रभाव डाला है, जिससे मुझे लगातार दर्द हो रहा है जिससे मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना असंभव हो गया है। उन्होंने कहा, अपनी टीम के साथ सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने रिकवरी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आगामी कुछ टूर्नामेंटों से हटने का फैसला किया है। इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान आपकी समझ और समर्थन के लिए धन्यवाद। मैं और मजबूती से वापसी करूंगा।

### पाकिस्तान चैंपियंस कप : टीमों के मेंटर नियुक्त किए गए वकार यूनिस, मिस्बाह, सकलैन, सरफराज और शोएब मलिक

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वकार यूनिस को तीन साल के अनुबंध पर पांच चैंपियंस कप टीमों के मेंटरों में से एक के रूप में नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की कि यूनिस, मिस्बाह-उल-हक, सकलैन मुश्ताक, सरफराज अहमद और शोएब मलिक के साथ चैंपियंस कप में मेंटर के रूप में काम करेंगे, जो 12 सितंबर से फैसलाबाद में शुरू होगा। पीसीबी ने एक बयान में कहा, मिस्बाह-उल-हक, सकलैन मुश्ताक, सरफराज अहमद, शोएब मलिक और वकार यूनिस को एक पारदर्शी और मजबूत भर्ती प्रक्रिया के बाद तीन साल के अनुबंध पर पांच चैंपियंस कप टीमों के मेंटर के रूप में पुष्टि की गई। उनकी टीमों और टीमों के नामों की उचित समय पर पुष्टि की जाएगी। पाकिस्तान की नई घरेलू प्रतियोगिता में मेंटर के रूप में नियुक्ति से पहले, यूनिस ने क्रिकेट मामलों पर पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के सलाहकार के रूप में कार्य किया। पांच चैंपियंस कप टीम के मेंटर्स ने 1,621 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें कुल 32,780 रन बनाए हैं और 1,503 विकेट लिए हैं। सरफराज और शोएब दो बार आईसीसी इवेंट विजेता हैं, मिस्बाह एक बार आईसीसी इवेंट विजेता और एसीसी एशिया कप 2012 विजेता कप्तान हैं, जबकि सकलैन और वकार 1999 विश्व कप फाइनल में खेलने वाली टीम के सदस्य थे।



## सिलेसिया डाइमंड लीग में डुप्लांटिस ने किया कमाल

# 6.26 मीटर के साथ साल में तीसरी बार पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**सिलेसिया।**
अर्मेंड डुप्लांटिस ने पोलैंड में सिलेसिया डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दौरान 6.26 मीटर के प्रयास के साथ पोल वॉल्ट में एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड बनाया। लुईसियाना में जन्में 24 साल के डुप्लांटिस अपनी मां के देश स्वीडन की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हैं। डुप्लांटिस ने अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड में एक सेंटीमीटर का सुधार किया। डुप्लांटिस ने इस साल तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों में 6.25 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीतने के दौरान पिछला विश्व रिकॉर्ड बनाया था।




डुप्लांटिस का पहला विश्व रिकॉर्ड भी फरवरी, 2020 में पोलैंड में आया था। उन्होंने कहा- सब कुछ बस मुझे ऐसा करने की अनुमति देने के लिए एक साथ आया। मुझे पता है कि बहुत से लोग मुझे कूदते हुए देखने के लिए यहां आए थे, इसलिए मैं उनके लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। इस साल मैंने ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित किया, रिकॉर्ड स्वाभाविक रूप से आया क्योंकि मैं अच्छी स्थिति में था। इसलिए मैं आज के रिकॉर्ड से हैरान नहीं हूं, लेकिन मैं शुक्रगुजार हूं।

### इंगेब्रिग्त्सेन का प्रदर्शन शानदार रहा

वहीं, इसी साल अपना 1500 मीटर ओलंपिक खिताब गंवाने वाल इंगेब्रिग्त्सेन का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने पेरिस में 5,000 मीटर का खिताब जीता था। सिलेसिया डाइमंड लीग में 3000 मीटर दौड़ में इंगेब्रिग्त्सेन ने 7 मिनट 17.55 सेकंड का समय निकाला और पहले स्थान पर रहे। उन्होंने आश्चर्य में अपने हाथों को अपने चेहरे पर रखकर खुशी जाहिर की। नार्वे के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने केन्या के डेनियल कोमेन के 28 साल के रिकॉर्ड को तीन सेकेंड से अधिक समय से तोड़ा।

इंगेब्रिग्त्सेन ने कहा- यह जीत खास और अद्भुत है। मैं यहां विश्व रिकॉर्ड को चुनौती देने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन मेरे कोच का कहना था कि मैं कभी भी भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि मैं किस तरह के समय में सक्षम हूं। मैंने कल्पना नहीं की होगी कि मैं 7:17 दौड़ सकता हूं।

गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के अल बक्काली सोफियान (आठ मिनट 4.29 सेकेंड) ने रेस जीती जबकि कीनिया के अमोस सेरेम (आठ मिनट 4.29 सेकेंड) और इथोपिया के सैमुअल फिरेवु (आठ मिनट 04.34 सेकेंड) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पेरिस ओलंपिक में शीर्ष छह में रहे सभी खिलाड़ियों ने यहां प्रतिस्पर्धा की।

पिछले महीने पेरिस डाइमंड लीग में साबले ने आठ मिनट 9.91 सेकेंड के समय के साथ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था और छठे स्थान पर रहे थे। वह पेरिस खेलों में ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने थे। वह पेरिस में आठ मिनट 14.18 सेकेंड के समय के साथ 11वें स्थान पर रहे थे।

### अविनाश साबले का खराब प्रदर्शन



भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज के शीर्ष खिलाड़ी अविनाश साबले यहां सिलेसिया डाइमंड लीग में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के बीच निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 14वें सथान पर रहे। एशियाई खेलों के चैंपियन 29 साल के साबले ने आठ मिनट 29.96 सेकेंड के समय के साथ 20 धावकों के बीच 14वां स्थान हासिल किया। तीन धावक दौड़ पूरी करने में नाकाम रहे।

# सना की कप्तानी में टी-20 महिला विश्वकप में उतरेगी पाक



**लाहौर।**
पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम तेज गेंदबाज फातिमा सना की कप्तानी में युएई में अक्टूबर में होने वाले टी20 महिला विश्वकप में उतरेगी। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्वकप 2024 के लिए तेज गेंदबाज सना को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया है। फातिमा का निडा डार की जगह कप्तान बनाया गया है। वह पहली बार किसी आईसीसी स्पर्धा इवेंट में पाकिस्तान की कप्तानी करेंगी। उन्होंने पहले दो बार एकदिवसीय पाकिस्तानी टीम का नेतृत्व किया है। तब पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड पर जीत हासिल की थी। राष्ट्रीय चयन समिति के द्वारा कप्तानी में किए गए एकमात्र बदलाव के अलावा एक नई बल्लेबाज सदफ शमास को भी टीम में जगह मिली है।।

पिछले महीने महिला टी-20 एशिया कप कि लिए गई थी, उसमें केवल एक बदलाव करते हुए बल्लेबाज नाजिहा अल्वी की जगह बल्लेबाज सदफ को टीम में शामिल किया गया है। सदाफ वर्ष 2023 के महिला टी-20 विश्वकप में भी टीम में शामिल थीं। महिला टी-20 विश्वकप तीन अक्तूबर से शुरू होगा। इसमें पाकिस्तान ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ है। बंगलादेश में खराब हालातों को देखते हुए इस टूर्नामेंट को यूएई में स्थानांतरित किया गया है।

महिला टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम इस प्रकार है = फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, गुल फिरोजा, इराम जावेद, मुनीबा अली (विकेटकीपर), नश्रा संधू, निदा डार, ओमाइमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल (फिटनेस के आधार पर), सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मीया रबाब और तूबा हसन।

### अकमल ने पाक टीम और प्रबंधन पर निशाना साधा

**इस्लामाबाद ।** बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही टेस्ट में मिली करारी हार के लिए टीम प्रबंधन की पहले की गलतियों को जिम्मेदार बताया है। पाक टीम को बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही टेस्ट मैच में 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस को लेकर अकमल ने निशाना साधा और कहा कि खिलाड़ियों और टीम प्रबंधन की की पहले की गलतियों से हमें इस प्रकार शर्मिंदा होना पड़ा है। कामरान ने कहा, ये तो मोहम्मद रिजवान ने दूसरी पारी में 50 रन बना दिये अगर ऐसा नहीं होता तो और भी खराब हार होती।

# काइरेन विल्सन ने जीता विश्व स्नूकर शीआन ग्रैंड प्रिक्स का खिताब



**शीआन।**
विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी काइरेन विल्सन ने 7-8 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रविवार को जूड ट्रम्प को 10-8 से हराकर शीआन ग्रैंड प्रिक्स में अपना सातवां विश्व स्नूकर रैंकिंग खिताब जीत लिया है। रात के सत्र से पहले, विल्सन ने ट्रम्प के खिलाफ 5-4 की बढ़त ले ली थी।

ट्रम्प और विल्सन ने दसवें और ग्यारहवें फ्रेम में जीत हासिल की, इससे पहले ट्रम्प ने लगातार दो फ्रेम जीतकर अंतिम अंतराल से पहले 7-6 की बढ़त हासिल की, लेकिन 14वें फ्रेम में विल्सन के 76 ने उन्हें बराबरी पर ला दिया।

ट्रम्प ने टूर्नामेंट में अपना दूसरा शतक लगाने के बाद 8-7 की बढ़त ले ली। हालांकि, विल्सन ने अपने बेहतरीन आक्रामक कौशल का परिचय देते हुए अगले तीन फ्रेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

# सीआई प्रमुख ने सुलभता भागीदार के प्रावधान की सराहना की, कहा-दिव्यांग खिलाड़ियों का दर्द समझा

**नई दिल्ली।**
पेरिस पैरालिंपिक 2024 से पहले, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने रविवार को दल के लिए स्वयं (स्मिनू जिंदल चैरिटेबल ट्रस्ट की एक गैर-लाभकारी पहल) को एक्सेसिबिलिटी पार्टनर के रूप में रखने के प्रावधान की सराहना की और कहा कि दिव्यांग एथलीटों के सामने आने वाली 'पीड़ा' और परेशानियों का अब समाधान हो गया है।




पैरालिंपिक 2024 के लिए भारतीय दल के 20 से अधिक एथलीट रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे से पेरिस के लिए रवाना हुए। वे मेजबान देश में उम्मीदों, एक अरब देशवासियों की शुभकामनाओं और सभी सरकारी और निजी भागीदारों के समर्थन के साथ जा रहे हैं, जो एथलीटों को टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में स्थापित 19 पदकों के रिकॉर्ड को पार करने के लिए प्रेरित करेगा।

पत्रकारों से बात करते हुए झाझरिया ने पेरिस पैरालिंपिक के लिए भारतीय दल के लिए सुगम्यता भागीदार के रूप में स्वयं को शामिल करने के पीसीआई के प्रयास के बारे में बात की, जिसका उद्देश्य हवाई अड्डे, प्रशिक्षण सुविधाओं तक स्थानीय आवागमन के दौरान खिलाड़ियों की यात्रा और सम्मान को आसान बनाना है।

झाझरिया ने कहा, स्वयं अपने आप में एक संदेश है। दिव्यांग एथलीटों के दर्द को समझा गया है। सुगम्य परिवहन पर काम किया जा रहा है। यह देश को एक नई दिशा दिखा रहा है कि दिव्यांग एथलीटों की क्या जरूरत है।

पीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि एथलीटों के लिए सुगम्यता महत्वपूर्ण है और एक बार जब उन्हें यह ठीक से मिल जाती है, तो इससे एथलीटों को अधिक आत्मविश्वास मिलता है।

उन्होंने कहा, एथलीटों के लिए सुगमता महत्वपूर्ण है। उन्हें बहुत यात्रा करनी पड़ती है। अगर उन्हें सुगमता मिलती है, तो वे अधिक आत्मविश्वासी और मानसिक रूप से बेहतर महसूस करते हैं।

स्वयं ने विशेष सुगम वाहन दान किए हैं, जिनमें व्हीलचेयर को रखा जा सकता है और एथलीटों को वाहन में चढ़ने के लिए व्हीलचेयर से उतरना नहीं पड़ता। टेबल टेनिस स्टार भाविना पटेल और सोनलबेन पटेल, पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार, मनीषा रामदास, स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा नागर, पैरा-एथलीट सचिन सरजेराव और साक्षी कसाना जैसे कई प्रतिष्ठित पैरा-एथलीट रविवार को पेरिस के लिए अपनी उड़ान पकड़ने के लिए हवाई अड्डे पर थे।

2020 टोक्यो पैरालिंपिक में, भारत ने पांच स्वर्ण पदक, आठ रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 19 पदक जीते।

# डार्सी ब्राउन टी20 विश्व कप खेलने के लिए फिट, जेस जोनासेन बाहर

**नई दिल्ली।**
डार्सी ब्राउन पैर के स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबर चुकी हैं और अब वह टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 खिलाड़ियों वाली टीम में शामिल हो गई हैं। इस टीम को बांग्लादेश से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया है।

जेस जोनासेन, जिन्हें इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश दौरे से बाहर रखा गया था, पहली बार विश्व कप से बाहर हैं, जबकि वह चयन के लिए उपलब्ध थीं।

टीम में 15 खिलाड़ी हैं, जिनका नेतृत्व एलिसा हीली कर रही हैं। ऑस्ट्रेलिया लगातार चार टी20 खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा है। ब्राउन के साथ टेला व्लामिन्क भी होंगी, जो ऑस्ट्रेलिया को दो अतिरिक्त गेंदबाज प्रदान करेंगी। फोबे लिचफील्ड अपना पहला विश्व कप खेलेंगी।

राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा, लंबे समय में यह पहली बार है कि विश्व कप से पहले चयन के लिए हमारी पूरी अनुबंध सूची उपलब्ध है और इसके परिणामस्वरूप वास्तव में एक स्थिर और संतुलित टीम बनी है।

उन्होंने कहा, यह पहली बार है जब एलिसा विश्व कप में कमान संभालेंगी और हम पहले ही देख चुके हैं कि वह और ताहलिया नेतृत्व के दृष्टिकोण से क्या लाती हैं, इसलिए उनके लिए सबसे बड़े मंच पर अपने देश का नेतृत्व करने का यह अवसर मिलना रोमांचक है। फीबे हमारे लिए एक वास्तविक एक्स-फैक्टर है और अपने पहले विश्व कप में एक अनुभवी समूह द्वारा उसका अच्छा समर्थन किया जाएगा। टेला और डार्सी की तेज गेंदबाजी जोड़ी वह है जिसे हम कुछ समय से उतारना चाहते थे और यह हमारे लिए एक वास्तविक अंतर बिंदु है।




जोनासेन, जो पिछले 10 वर्षों से ऑस्ट्रेलिया की टीमों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं, के लिए इस सत्र के दौरान सेट-अप में वापसी करने के लिए उनके लिए दरवाज़ा खुला रखा गया था जिसमें एशेज श्रृंखला भी शामिल है।

फ्लेगलर ने कहा, जेस जोनासेन फिर से दुर्भाग्यशाली रही कि वह विश्व कप से बाहर हो गई, लेकिन जिस तरह से उसने वापसी की है, उससे हम प्रभावित हैं और हम घरेलू गर्मियों से पहले उसके फॉर्म पर नज़र रखेंगे। विश्व कप के लिए चुनी गई टीम अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच भी खेलेगी, जिसमें ऑलराउंडर हीथर ग्राहम को भी शामिल किया गया है, जो यूएई नहीं जाएंगी।

### ऑस्ट्रेलिया महिला टी20 विश्व कप टीम-

एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहम, टायला व्लामिन्क।

### अमेरिकी ओपन में 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने उतरेंगे जोकोविच

**न्यूयॉर्क।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच की नजरें अब अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने पर लगी हैं। जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था जिससे भी उनका उत्साह बढा हुआ है।। उनके नाम पर 24 ग्रैंड स्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने पूरा प्रयास करेंगे। इसके अलावा वह सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी अपने नाम करना चाहेंगे।



## SNEHASPARSHA

Beneficiaries **More than 100**

सत्यमेव जयते

National Health Mission, Assam

জনতাৰ চৰকাৰ | my GOV मेरी सरकार

Government of Assam
**Department of Health & Family Welfare**

# Healing Young Souls, Securing Brighter Future

Referral services to designated hospitals will be provided as per requirements

100% healthcare support

For children between the age group 0-14 years in need of bone marrow transplant, suffering from leukemia, thalassemia and some rare blood diseases



## Statewide Screening Camp and Medical Support

**for Children with Complicated Heart and Blood Related Diseases**

**1 - 10 September 2024**

Available for children between the age group 0-18 years with Congenital Heart Disease (CHD)

100% healthcare support

Referral services to designated hospitals will be provided as per requirements

## CONGENITAL HEART DISEASE

Beneficiaries **More than 11,750**



**Dr Himanta Biswa Sarma**
Chief Minister, Assam

**Concerned parents can bring their children to the designated screening camps for health check-up**

| Date | Screening Centre | Districts from which cases will be screened | Designated NH Unit | Contact details |
|---|---|---|---|---|
| 01-09-2024 | GMCH, Guwahati | Kamrup Metro, Kamrup | NH Guwahati | 9954075427 |
| 02-09-2024 | NMCH, Nalbari | Nalbari, Baksa | NH Bangalore | 9864066772 |
| 03-09-2024 | FAAMCH, Barpeta | Barpeta, Bongaigaon, Bajali | NH Bangalore | 9435973537 |
| 03-09-2024 | DMCH, Dhubri | Dhubri, South Salmara- Mankachar, Goalpara | NH Guwahati | 9435016507 |
| 04-09-2024 | KMCH, Kokrajhar | Kokrajhar, Chirang | NH Kolkata | 9435105372 |
| 05-09-2024 | NMCH, Nagaon | Nagaon, Morigaon, Hojai | NH Bangalore | 9854065992 |
| 05-09-2024 | TMCH, Tezpur | Sonitpur, Darrang, Biswanath, Udalguri | NH Mumbai | 9864018665 |
| 06-09-2024 | JMCH, Jorhat | Jorhat, Golaghat, Sivasagar, Majuli | NH Kolkata | 9864015372 |
| 07-09-2024 | LMCH, Lakhimpur | Dhemaji, Lakhimpur | NH Mumbai | 7578003500 |
| 07-09-2024 | AMCH, Dibrugarh | Dibrugarh, Charaideo | NH Bangalore | 8723051445 |
| 08-09-2024 | TMCH, Tinsukia | Tinsukia | NH Guwahati | 7399095411 |
| 09-09-2024 | SMCH, Silchar | Hailakandi, Karimganj, Cachar | NH Kolkata | 9435071362 |
| 10-09-2024 | DMCH, Diphu | Dima Hasao, Karbi Anglong. | NH Mumbai | 9435144372 |

For more information please contact
Dr. Abhijit Sarma, Superintendent GMCH- 9864023083, Sri Dipsikhar Deka - 7896676763

Published by Directorate of Information & Public Relations, Assam    Connect with us @diprassam    dipr.assam.gov.in

Subscribe to Asom Barta    Whatsapp 'Assam' at 7636834943

-- Janasanyog /D/4710/24/27 Aug-24